**छोटीबड़ीबात**
आज ही के दिन 1861 में भारत के शिक्षा सुधारक, राजनीतिज्ञ मदन मोहन मालवीय का जन्म हुआ था।

क्यूआर कोड स्कैन कर पहुंचें दैनिक भास्कर पर
dainikbhaskarup.com

देश का विश्वसनीय अखबार
# दैनिक भास्कर
झांसी | वर्ष-74, अंक-20 | रविवार 25 दिसम्बर 2022 | कुल पृष्ठ 13 | मूल्य 4.00



तो क्या अभी जिंदा है अल जवाहिरी! पेज 11>
भारतीय फुटबाल के विकास के लिये संतोष ट्रॉफी है बेहद जरूरीः प्रभाकरन पेज 10>

# निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण को लेकर कोर्ट ने सुनी दलीलें

- **अदालत ने फैसला रखा सुरक्षित, निर्णय 27 दिसम्बर को**






भास्कर ब्यूरो

लखनऊ। निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण लागू किए जाने के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ में शनिवार को भी सुनवाई हुई। इस दौरान याची पक्ष व सरकारी पक्ष के वकील ने दलीलें दी। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। निर्णय 27 दिसंबर को सुनाया जाएगा। शुक्रवार को समय की कमी के कारण सुनवाई पूरी नहीं हो सकी थी। न्यायमूर्ति देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति सौरभ लवानिया की खंडपीठ में बीते बुधवार को सुनवाई के दौरान याचियों की ओर से दलील दी गई थी कि निकाय चुनावों में ओबीसी आरक्षण एक प्रकार का राजनीतिक आरक्षण है। ओबीसी आरक्षण तय किए जाने से पहले सुप्रीम कोर्ट द्वारा दी गई व्यवस्था के तहत डेडिकेटेड कमेटी द्वारा ट्रिपल टेस्ट कराना अनिवार्य है। वहीं, राज्य सरकार ने हलफनामे में कहा है कि स्थानीय निकाय चुनाव मामले में 2017 में हुए ओबीसी के सर्वे को आरक्षण का आधार माना जाए।

## ओबीसी के लिए जाति आधारित जनगणना की मांग वाली याचिका पर केंद्र को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने आगामी जनगणना में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए जाति आधारित जनगणना के निर्देश की मांग वाली याचिका पर केंद्र और अन्य से जवाब मांगा है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा की पीठ ने केंद्र, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय और अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

**जनगणना जरूरी है :**
अधिवक्ता कृष्ण कन्हैया पाल की तरफ से दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट सुनवाई कर रहा था। याचिका में कहा गया था कि, ओबीसी जनगणना 'बेहद आवश्यक' है क्योंकि, जाति आधारित सर्वेक्षण और जाति आधारित जनगणना की कमी के कारण सरकारें पिछड़े वर्गों के सभी वर्गों के साथ कल्याणकारी योजनाओं के लाभों को साझा करने में असमर्थ हैं।

**सरकार की तरफ से की गई थी घोषणा :**
याचिका में तर्क दिया गया था कि ठोस आंकड़ों के अभाव में ठोस नीतियां नहीं बनाई जा सकती हैं। पाल ने कहा कि 2018 में तत्कालीन केंद्रीय गृह मंत्री राजनाथ सिंह की तरफ से इसे लेकर घोषणा की गई।

## अब मथुरा में सर्वे के आदेश, दावा-मस्जिद के नीचे मंदिरः कोर्ट ने 20 जनवरी तक रिपोर्ट मांगी



मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद में जिला कोर्ट ने शनिवार को बड़ा आदेश दिया। यहां भी वाराणसी के ज्ञानवापी परिसर की तरह मस्जिद का सर्वे होगा। सीनियर डिवीजन की कोर्ट ने हिंदू सेना की याचिका पर यह आदेश दिया। रिपोर्ट 20 जनवरी को कोर्ट में पेश की जाएगी। सर्वे 2 जनवरी से होगा। हिंदू पक्ष का दावा है कि शाही ईदगाह में स्वास्तिक का चिह्न, मंदिर होने के प्रतीक के साथ मस्जिद के नीचे भगवान का गर्भ गृह है। पक्षकार मनीष यादव और वकील महेंद्र प्रताप ने कहा कि शाही ईदगाह में हिंदू स्थापत्य कला के सबूत मौजूद हैं। ये वैज्ञानिक सर्वे के बाद सामने आ जाएंगे। अर्जी मथुरा के जिला अदालत में एक साल पहले दाखिल की गई थी।
हिंदू पक्ष ने कहा- औरंगजेब ने मंदिर तोड़कर ईदगाह बनाई याचिका में कहा गया कि श्रीकृष्ण जन्मस्थान की 13.37 एकड़ जमीन पर औरंगजेब ने मंदिर तोड़कर ईदगाह मस्जिद बनवाई थी।

## चंदा और पति दीपक कोचर तीन दिन की सीबीआई हिरासत में

मुंबई। मुंबई की विशेष कोर्ट ने शनिवार को वीडियोकोन ऋण मामले में आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व प्रबंध निदेशक चंदा कोचर और उनके पति दीपक कोचर को 26 दिसंबर तक केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की हिरासत में भेज दिया। सीबीआई ने इन दोनों को वीडियोकोन ऋण मामले में मनी लॉड्रिंग एंगल से शुक्रवार को गिरफ्तार किया था। सीबीआई की टीम ने इन दोनों को शनिवार को मुंबई स्थित सीबीआई की विशेष कोर्ट में पेश किया। कोर्ट में सीबीआई के वकील ने कहा कि आरोपित ने वर्ष 2009 में आईसीआईसीआई की एमडी और सीईओ के तौर पर वीडियोकोन और उसकी सहायक कंपनियों को छह ऋण स्वीकृत किए थे।

# उन्नाव-बरेली में आयकर के छापे



## छापेमारी के दौरान 1200 करोड़ के कालेधन का हुआ खुलासा

भास्कर ब्यूरो

लखनऊ। आयकर विभाग की टीमों ने उन्नाव और बरेली जिले के बूचड़खानों पर छापेमारी की। इस दौरान लगभग 1200 करोड़ रुपये के कालेधन का खुलासा हुआ है।
इस कार्रवाई के बारे में आयकर विभाग से मिली प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक आयकर की टीमों ने मीट उत्पादक और निर्यातक कंपनी पर छापेमारी की।
चार दिनों तक चली इस छापेमारी में उन्नाव जिले के दही चौकी औद्योगिक क्षेत्र स्थित रुस्तम फूड्स स्लॉटर हाउस और बरेली जिले अलसुममा एग्रो फूड, रहबर फूड इंडस्ट्री एवं मारया फोरेजन एग्रो फूड प्रोडक्ट प्रा.लि. के मालिकों ने एक हजार करोड़ रुपये की गड़बड़ी स्वीकारी। छापेमारी के दौरान कुल 1200 करोड़ रुपये के कालेधन का खुलासा हुआ है।

## एनआईए ने पंजाब के तीन जिलों में की छापेमारी

चंडीगढ़। सीमा पार से हो रहे नार्को टेररिज्म की घटनाओं के बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शनिवार को पंजाब के सीमावर्ती जिलों में छापेमारी की। एनआईए ने बीएसएफ तथा पंजाब पुलिस के अधिकारियों के साथ सीमा पार से आ रहे हथियार तथा नशीले पदार्थों की तस्करी के मद्देनजर भी बातचीत की। एनआईए के अधिकारियों ने किसी प्रकार की जानकारी नहीं दी। सूत्रों के अनुसार एनआईए की टीमों ने टेरर फंडिंग की सूचना के आधार पर पंजाब के तीन जिलों में छापे मारे हैं। एनआईए की टीम शनिवार को अमृतसर के अंतर्गत लोपोके के गांव कांवें पहुंची।

## कुलगाम, पुलवामा, बडगाम व श्रीनगर में एसआईए की रेड

- **एसआईए ने 122.89 करोड़ की संपत्ति की जब्त**

एजेंसी







श्रीनगर। राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने शनिवार को कश्मीर के कई जिलों में प्रतिबंधित समूह जमात-ए-इस्लामी (जेईआई) की भूमि सहित अन्य संपत्तियों को जब्त कर लिया। एक बयान के मुताबिक एसआईए ने शनिवार को कुलगाम, पुलवामा, बडगाम और श्रीनगर में छापेमारी के दौरान करीब 122.89 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की। बयान में कहा गया है कि जब्ती की कार्रवाई के दौरान पाया गया कि मागम में शॉपिंग कॉम्प्लेक्स सहित कुलगाम में लगभग एक दर्जन व्यापारिक प्रतिष्ठान वर्तमान में जेईआई की इन संपत्तियों से किराए पर चल रहे हैं। पूरी जांच के बाद निर्णय लिया गया कि इन्हें जारी रखने की अनुमति दी जाएगी अगर निजी व्यक्ति जिसका जेईआई के साथ कोई संबंध न हो और केवल जेईआई को किराए का भुगतान करने वाले किरायेदार हों, उन्हें दंडित न किया जाए और उनकी आजीविका प्रभावित न हो। जब्त की गई संपत्तियों में जिला कुलगाम के नोबल में सर्वेक्षण संख्या 453 के तहत 04 मरला भूमि पर गैर-कार्यात्मक दरगाह, सर्वेक्षण संख्या 735 (आबादी देह) के तहत 14 मरला की भूमि जिस पर कैमोह कुलगाम में एक मस्जिद और 04 दुकानें मौजूद हैं। रेडवानी कुलगाम में सर्वेक्षण संख्या 528 के तहत 01 कनाल और 14 मरला भूमि पर 01 भवन और 03 दुकानें मौजूद हैं, 01 मरला अंडर सर्वे नं. 433 जिस पर 01 कुठार हवूरा कुलगाम में मौजूद है, कुलगाम शहर में सर्वेक्षण संख्या 1127 के तहत 16 कनाल और 18 मरला की भूमि शामि है। जिला पुलवामा में सर्वेक्षण संख्या 734, 733, 722 के तहत 6 कनाल 18 मरला और 3.25 सिरसाई भूमि पर अल-हुदा स्वास्थ्य देखभाल केंद्र, दुकानें और स्कूल भवन और सर्वेक्षण संख्या 727 के तहत एक कनाल तीन मरले भूमि गुलाम कादिर पुत्र अब्दुल सलाम वानी निवासी गुसू राजपोरा एवं गुलाम अहमद अहरार पुत्र कुतुबुदीन निवासी शोपियां के माध्यम से, सर्वे क्रमांक 3310/3129 के तहत 1 कनाल एवं 03 मरला भूमि पर 04 मंजिला भवन अमीर तहसील अवंतीपोरा के माध्यम से अवंतीपोरा में शामिल हैं।

**देश में कोरोना का खतरा**

## केंद्र का राज्यों को निर्देश ऑक्सीजन की सप्लाई में कमी न हो, वेंटिलेटर दुरुस्त रखें

एजेंसी



नई दिल्ली। देश में कोरोना के खतरे को देखते हुए केंद्र सरकार अलर्ट पर है। इस बीच केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्य सरकारों को लेटर भेजा है। इसमें लिखा है कि देश में कोरोना की रफ्तार धीमी है, लेकिन हमें आने वाली चुनौती के लिए पहले से ही तैयार रहना चाहिए। मंत्रालय ने सभी राज्यों को निर्देश दिया है कि ध्यान रखें कि ऑक्सीजन की सप्लाई में कमी न आए। साथ ही वेंटिलेटर और ऑक्सीजन सप्लाई की मशीनें दुरुस्त रखी जाएं।
इससे पहले केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि चीन, जापान, साउथ कोरिया, हांगकांग और थाईलैंड से आने वाले यात्रियों के लिए आरटी-पीसीआर टेस्ट जरूरी होगा। यदि इन देशों के किसी भी यात्री में कोविड-19 के लक्षण पाए जाते हैं या टेस्ट पॉजिटिव पाया जाता है तो इन लोगों को क्वारैंटाइन किया जाएगा।

**देश में 24 घंटे में कोरोना के 201 नए मरीज**
देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 201 नए मरीज सामने आए हैं। इससे ठीक होने वालों की संख्या 183 है। अब एक्टिव मरीजों की संख्या 3,397 है। कोरोना से ठीक होने वालों की संख्या 4,41,42,791 है। देश में रिकवरी रेट 98.8 प्रतिशत है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के शनिवार को जारी आंकड़ों के अनुसार देश में अबतक 220.04 करोड़ टीके की डोज दी जा चुकी है। पिछले 24 घंटे में एक लाख 5,044 खुराक दी गई।

## राजस्थान में शिक्षक भर्ती परीक्षा का पेपर लीक, 49 हिरासत में

भास्कर ब्यूरो



उदयपुर । सेकंड ग्रेड शिक्षक भर्ती परीक्षा में शनिवार की सुबह होने वाला सामान्य ज्ञान का पेपर आउट हो गया। मुखबिर की सूचना पर एसओजी और उदयपुर पुलिस शुक्रवार रात से ही नकल गिरोह पर नजर रख रही थीं।
मौका मिलते ही बड़ी कार्रवाई कर पेपर से पहले ही 49 लोगों को हिरासत में ले लिया। प्रश्नों के हूबहू होने की जानकारी सामने पर सुबह 9 बजे पेपर शुरू होते ही निरस्त कर दिया गया। अब यह पेपर 29 जनवरी 2023 को होगा। खबर लिखे जाने तक गिरोह के लोगों को हिरासत में रखकर पूछताछ की जा रही थी।
उदयपुर जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा ने शनिवार शाम को बताया कि शुक्रवार शाम से ही गोपनीय सूचना पुलिस के पास पहुंच चुकी थी कि एक पूरे समूह के पास प्रश्नपत्र पहुंचने वाला है।



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शनिवार को प्रधानमंत्री आवास नई दिल्ली में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुलाकात की।

## टीवी एक्ट्रेस ने सेट पर फांसी लगाकर की आत्महत्या

मुंबई। टीवी एक्ट्रेस तुनीषा शर्मा ने शनिवार को शूटिंग के सेट पर ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। 20 साल की तुनीषा एक म्यूजिक वीडियो शूट करने वाली थीं। सेट पर लोगों ने उन्हें फांसी पर झूलते देखा तो उतारकर अस्पताल ले गए, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। आत्महत्या के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। तुनीषा आत्महत्या के पहले तक बिल्कुल नॉर्मल थीं और 5 घंटे पहले ही उन्होंने इंस्टाग्राम पर भी अपनी फोटो और कुछ नोट शेयर किए थे। तुनीषा कटरीना कैफ की फिल्म फितूर में उनके बचपन का रोल कर चुकी हैं।

## चीन से निपटने की तैयारी में भारत

- **रूस से मिलेगा तीसरा एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम, जनवरी-फरवरी में शुरू होगी सप्लाई**

एजेंसी



नई दिल्ली। भारत को रूस की तरफ से मिलने वाली एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम की तीसरी यूनिट की सप्लाई अगले साल जनवरी-फरवरी से शुरू हो जाएगी। यह मिसाइल जमीन से हवा में लंबी दूरी तक मार करने वाले मिसाइल डिफेंस सिस्टम है। भारतीय वायुसेना के 8 मेंबर्स की एक टीम रूस में इस मिसाइल सिस्टम की ट्रेनिंग ले चुकी है। इससे पहले रूस ने पिछले महीने एस-400 की दूसरी यूनिट देकर भारतीय सैन्य शक्ति में इजाफा किया था। फिलहाल, इनकी असेंबलिंग की जा रही है। ये इक्युपमेंट्स समुद्र और हवाई रास्ते से भारत पहुंचे हैं। इन मिसाइल को उन क्षेत्रों में तैनात किया जाएगा, जहां चीन से खतरा ज्यादा है। ये सभी यूनिट अगले साल यानी 2023 के मध्य से काम करना शुरू कर देंगी।
बता दें कि भारत के रक्षा बेड़े में शामिल हो रहे इस रूसी मिसाइल डिफेंस सिस्टम से पूरी दुनिया खौफ खाती है। चीन और पाकिस्तान के खतरे को देखते हुए भारतीय सेना इस ताकतवर एयर डिफेंस सिस्टम की बहुत जरूरत थी। भारत और रूस के बीच पांच एयर डिफेंस सिस्टम का करार है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, इस मिसाइल की डील करीब 35 हजार करोड़ रुपए में की गई है।

## जेओए पेपर लीक मामले के छह आरोपी चार दिन की रिमांड पर

हमीरपुर। हिमाचल प्रदेश कर्मचारी चयन आयोग के जूनियर ऑफिस असिस्टेंट (जेओए) पेपर लीक मामले में छह आरोपितों को हमीरपुर की अदालत ने शनिवार को चार दिन की पुलिस रिमांड पर भेजने का आदेश दिया। मामले में दोपहर बाद चार बजे के करीब चार पुरुष आरोपितों को अदालत में पेश किया गया। इसके बाद दो महिला आरोपितों को अदालत में शाम पांच बजे के करीब लाया गया। सभी आरोपितों को अदालत ने चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। कड़ी सुरक्षा में इन आरोपितों को अदालत में पेश किया गया। 23 दिसंबर को परीक्षा से दो दिन पूर्व ही जूनियर ऑफिस अस्सिटेंट पोस्ट कोड 965 का पेपर लीक हो गया था।

**पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर लखनऊ से अकासा एयर की आज से शुरुआत**

# उत्तर प्रदेश में हवाई सेवा में अपार संभावनाएं : मुख्यमंत्री योगी

भास्कर ब्यूरो




लखनऊ। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर उनके संसदीय क्षेत्र लखनऊ से अकासा एयर की शुरुआत होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजधानी लखनऊ से अकासा एयर की सेवाएं प्रारंभ होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अपनी शुभकामनाएं दी हैं। लखनऊ से अकासा एयर की पहली उड़ान शुरू होने की पूर्व संध्या पर शनिवार को एयरलाइंस के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को पहला बोर्डिंग पास (प्रतीकात्मक) प्रदान कर मुख्यमंत्री का अभिवादन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने लोकसभा में पांच बार लखनऊ का प्रतिनिधित्व किया। आज उनकी जयंती पर लखनऊ से मुंबई और बेंगलुरू के लिए नई हवाई सेवा प्रारंभ हो रही है। यह हम सभी के लिए हर्षदायक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा प्रारंभ की गई 'उड़ान' योजना का उत्तर प्रदेश ने अत्यधिक लाभ प्राप्त किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने 'हवाई चप्पल पहनने वाले आम आदमी के हवाई उड़ान' का सपना देखा था। उत्तर प्रदेश में बेहतर होती हवाई सेवाएं, इस स्वप्न के साकार होने जैसी हैं। एयर एशिया के अधिकारियों से वायुयान के मॉडल, रूट, ईंधन, किराया आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बेंगलुरु-लखनऊ-मुंबई रूट के लिए अकासा एयर अपनी वायुसेवा शुरू कर रही है। इसे वाराणसी से भी जोड़ा जाना चाहिए। यह रूट सर्वाधिक यात्रियों वाला है। यह उत्तर प्रदेशवासियों और अकासा एयर दोनों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि विकास की गति को तेज करने में कनेक्टिविटी का बड़ा योगदान है। इस लिहाज से प्रदेश में एक्सप्रेस-वे का निर्माण और अधिकाधिक शहरों को हवाई सेवाओं से जोड़ा जा रहा है। हवाई सेवाओं को बेहतर करने के लिए जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए प्रदेश सरकार, एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया का सहयोग भी ले रही है।

**मुख्यमंत्री योगी ने कहा**

बेंगलुरु-लखनऊ-मुंबई रूट के लिए अकासा एयर अपनी वायुसेवा शुरू कर रही है। इसे वाराणसी से भी जोड़ा जाना चाहिए। यह रूट सर्वाधिक यात्रियों वाला है। यह उत्तर प्रदेशवासियों और अकासा एयर दोनों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि विकास की गति को तेज करने में कनेक्टिविटी का बड़ा योगदान है। इस लिहाज से प्रदेश में एक्सप्रेस-वे का निर्माण और अधिकाधिक शहरों को हवाई सेवाओं से जोड़ा जा रहा है। हवाई सेवाओं को बेहतर करने के लिए जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए प्रदेश सरकार, एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया का सहयोग भी ले रही है।

## शहीद हुए यूपी के जवानों के परिजनों को 50 लाख व एक सदस्य को नौकरी का एलान

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सिक्किम में कर्तव्य पालन के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए सेना के जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने जनपद मुजफ्फरनगर निवासी सेना के जवान लोकेश कुमार, जनपद उन्नाव निवासी सेना के जवान श्याम सिंह यादव, जनपद एटा निवासी सेना के जवान भूपेन्द्र सिंह तथा जनपद ललितपुर निवासी सेना के जवान चरन सिंह के शौर्य और वीरता को नमन करते हुए अपनी श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के शहीद सैनिकों के परिजनों को 50-50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने की घोषणा की है।

मनुष्य जितना ज्ञान में घुल गया हो उतना ही कर्म के रंग में रंग जाता है।
- विनोबा

# सुशासन सप्ताहः डीएम-एसपी ने फरियादियों की सुनी समस्या




थाना समाधान दिवस में समस्यायें सुनते डीएम-एसपी।

**राजापुर (चित्रकूट)।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने थाना राजापुर में समाधान दिवस में फरियादियों की समस्यायें सुनकर तत्काल निस्तारण के निर्देश दिये। शनिवार को थाना समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस व थाना दिवस तथा अन्य जनसुनवाई में मिली समस्याओं को शासन की मंशानुसार हल करायें। शासन स्तर से समस्याओं का निस्तारण बाबत समस्या ग्रस्त व्यक्ति से फीडबैक भी लिया जा रहा है। इसे ध्यान में रखते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करायें। नायब तहसीलदार को निर्देश दिये कि चबकन्दी के मामले मौके पर जाकर निस्तारित करें। सुनवाई के दौरान 14 फरियादियों ने शिकायती प्रार्थना पत्र सौंपे हैं। जिसमें दो शिकायती प्रार्थना पत्रों में पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार रिपोर्ट दर्ज कर निस्तारित किया गया। शेष शिकायती प्रार्थना पत्रों के लिए पुलिस व राजस्व टीम गठित की गई है। थाना समाधान दिवस के बाद पुलिस अधीक्षक द्वारा थाने का औचक निरीक्षण किया। इस मौके पर एसडीएम राजापुर प्रमोद कुमार झां, नायब तहसीलदार पुष्पेन्द्र सिंह गौतम, थानाध्यक्ष राजापुर दीपेन्द्र सिंह, ईओ बीएल कुशवाहा आदि संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# पात्रों को अपात्र बनाने वाले भ्रष्ट कोटेदारों के विरूद्ध डीएम से कार्रवाई की मांग

**पहाड़ी (चित्रकूट)।** दबंग कोटेदारों ने प्रधान व सचिव के फर्जी हस्ताक्षर बना तीन दर्जन पात्र राशनकार्ड धारकों को अपात्र कर दिया है। ग्राम प्रधान ने जिलाधिकारी से मामले की शिकायत कर भ्रष्ट कोटेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। जहा एक ओर केन्द्र सरकार व राज्य सरकार फिर एक बार 2023तक सभी राशनकार्ड धारकों को निशुल्क राशन वितरण करने हेतु प्रयास कर रही है। वहीं सरकार के ही नुमाइंदे सरकार की योजनाओं को धूलधूसरित कर सरकार की मंशा पर पानी फेर रहे हैं। इसका जीता जागता उदाहरण विकास खंड पहाड़ी अंतर्गत ग्राम पंचायत सरधुवा में देखने को मिला। जहां के कोटेदारों ने शासन की मंशा को पूरी तरह धूलधूसरित करने का मन बना लिया है और तो और फर्जीवाड़ा करने में भी नटवर लाल को भी पीछे छोड़ दिया है।

# टावर से चोरी नौ बैटरियों समेत अन्तर्राज्जीय चोर दबोचे

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर मानिकपुर थानाध्यक्ष ने 27-28 नवम्बर की रात ऊंचाडीह इंडस टावर में हुई बैटरी चोरी की घटना का खुलासा कर दो चोरों को एक पिकअप वाहन व नौ बैटरी व तमंचा-कारतूस समेत दबोचा है। शनिवार को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागृह में बताया कि 27-28 नवम्बर की रात मानिकपुर थाने के ऊंचाडीह इंडस टावर से अज्ञात चोर 68 बैटरी चुरा ले गये थे। टावर के सुपरवाइजर सत्यपाल सिंह पुत्र रामकैलाश सिंह निवासी हिरनी थाना घाटमपुर कानपुर की तहरीर पर मामला दर्जकर आज संतोष कोल पुत्र शिवलखन कोल ग्राम सोनाडाबर थाना डभौरा जिला रीवां मप्र व अमित साहू पुत्र बृजबिहारी साहू निवासी सुरवल चन्देल नारीबारी थाना शंकरगढ जिला प्रयागराज को एक पिकअप यूपी 70जेटी- 2775 समेत एक झोले में रखे चोरी करने के उपकरण समेत चमरौंहा गांव से दबोचा है। जामा तलाशी में संतोष कोल के कब्जे से एक तमंचा व दो कारतूस तथा अमित साहू ने पूंछताछ में बताया कि पांच अन्य साथियों के साथ इंडस टावर से 68 बैटरी चोरी कर पिकअप में ले गये थे। 60 बैटरी उसके पिता बृजबिहारी साहू पुत्र कृष्णानन्द साहू भी उनके साथ चोरी करते हैं और चोरी का माल खरीदते-बेंचते हैं। गिरोह के सरगना जयनिवास उर्फ लाला गुप्ता पुत्र स्व बद्रीप्रसाद निवासी चिल्ला थाना सुहागी जिला रीवां मप्र की सहमति से कानपुर में बेंचा था। बंटवारे में मिले पैसे को खर्च कर दिया है। दबोचे संतोष कोल की निशानदेही पर झलमल चैराहा ऊंचाडीह में दो बोरियों में रखी चार बैटरी व अमित साहू की निशानदेही पर उसके घर से पांच बैटरी बरामद की हैं। बरामद नौ बैटरियों में आठ बैटरी इंडस टावर से चोरी की गई हैं। दोनों के खिलाफ मामला दर्जकर जेल भेजा जा रहा है। संतोष कोल का मिर्जापुर, प्रयागराज, रीवां, चित्रकूट आदि जिलों में खासा आपराधिक इतिहास है। उस पर विभिन्न मामलों के 13 मामले दर्ज हैं। टीम में मानिकपुर थानाध्यक्ष वीर प्रताप सिंह, दरोगा बलदेव सिंह, सिपाही दुर्गेश कुमार, अमित मौर्या व सर्विलांस टीम प्रभारी श्यामप्रताप पटेल, सिपाही जितेन्द्र कुमार, प्रदीप द्विवेदी, धर्मेन्द्र, रहीश खां, रोहित सिंह, आशीष सिंह व शरद सिंह शामिल रहे।

**गिरोह का सरगना फरार**



पत्रकारों को चोरों के बारे में जानकारी देती एसपी।

# शासकीय जमीनों से तत्काल हटायें अवैध कब्जा: अभिषेक आनंद



अवैध कब्जा हटाने के निर्देश देते डीएम।

**राजापुर(चित्रकूट)।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने जिला पंचायत एवं नगर पंचायत की जमीन पर कब्जे को लेकर राजकीय बालिका इंटर कालेज एवं सराय तालाब का औचक निरीक्षण कर एसडीएम राजापुर प्रमोद कुमार झां को निर्देश दिये कि राजकीय बालिका इंटर कालेज राजापुर एवं जिला पंचायत की जमीन का सीमांकन करायें। शनिवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने राजापुर के सम्पूर्ण समाधान दिवस के बाद नगर पंचायत व सराय तालाब के पास की जमीन पर लोगों के अवैध कब्जे की शिकायत पर सीमांकन कराकर तत्काल कब्जा हटाने के निर्देश दिये। कहा कि जिन लोगों के आवास के पट्टे दिए गये हैं, उन्हें भी चिन्हित कर लें। तालाब की जमीन पर बने माकान का सीमांकन कराकर अवैध मकान को तत्काल हटायें। ईओ नगर पंचायत राजापुर से कहा कि तालाब का डीपीआर बनाकर सुन्दरीकरण करायें। कांजी हाउस के पास अवैध कब्जे को हटाकर जमीन खाली कराकर जिला पंचायत एवं नगर पंचायत के सुपुर्द की जाये। उन्होंने अपर जिला मुख्य अधिकारी जिला पंचायत को निर्देश दिये कि राजकीय बालिका इंटर कालेज की नई इमारत का तकनीकी परीक्षण कराकर देखें कि ये संचालन लायक है या नहीं। संचालन योग्य है तो पुराने राजकीय बालिका इंटर कालेज से पठन-पाठन का कार्य इसमें शिफ्ट किया जाये। उन्होंने हल्का लेखपाल को कडे निर्देश दिये कि शासकीय जमीनों से अवैध कब्जे तत्काल हटाये जायें। अगली बार भ्रमण में उन्हें शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत मिली तो कडी कार्यवाही की जायेगी। निरीक्षण में एसडीएम राजापुर प्रमोद कुमार झां, अपर मुख्य अधिकारी भगत सिंह, ईओ नगर पंचायत बीएन कुशवाहा व हल्का लेखपाल प्रदीप तिवारी आदि मौजूद रहे।


# कार्यालय नगर पंचायत एट (जालौन)

पत्रांक/नं.प.एट/15वें वित्त/रा.वि.आ. नि.-2022-23 दिनांक 23.12.2022

## (अल्पकालीन निविदा सूचना)

समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि 15वें वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग की धनराशि से निम्नलिखित निविदायें आमंत्रित की जा रही हैं। निविदाओं की बिक्री तिथि 26.12.2022 से 31.12.2022 तक नगर पंचायत एट जालौन के कार्यालय में कार्यालय समय में की जायेगी व दिनांक 02.01.2023 को कार्यालय अपर जिलाधिकारी महोदय जालौन स्थान उरई में एल.बी.ए. पटल पर बिक्री की जायेगी। कार्यालय अपर जिलाधिकारी (न./गं.) महोदय जालौन स्थान उरई में रखे निविदा बाक्स में शीलबन्द निविदायें दिनांक 03.01.2023 समय 01:00 बजे तक डाली जायेगी। जो उसी दिन उपस्थित/अनुपस्थित निविदादाताओं के समक्ष समय 03:00 बजे अपरजिलाधिकारी (न./गं.) जालौन स्थान उरई के समक्ष खोली जावेगी। निविदा के साथ 10 प्रतिशत अरनेस्ट मनी की धनराशि नगद/एफ.डी.आर./सी.डी.आर./एन.एस.सी. जो अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत एट (जालौन) के पदनाम से बंधक होगी टैण्डर के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा, अन्यथा की स्थिति में बिना अरनेस्ट मनी धनराशि की प्राप्त निविदायें स्वतः निरस्त समझी जावेगी। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरिक्षत रहेगा।

| क्र. सं. | निर्माण कार्य का नाम | आगणन धनराशि जी.एस.टी. सहित धनराशि (लाख रु. में) | जमानत धनराशि 10 प्रतिशत से | निविदा प्रपत्र मूल्य एवं 18 प्रतिशत जी.एस.टी. टैक्स | कार्य पूर्ण की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पंचायत एट में कार्यालय के पास कन्या प्राथमिक विद्यालय़ एट में सी.सी. वाउण्ड्रीवाल मरम्मत व नाली निर्माण कार्य। | 204008-00 | 20500.00 | 250 | 30 दिन |
| 2 | नगर पंचायत एट में धगुवां रोड पर मंगल के मकान से सुशील कुमार के मकान तक नाला निर्माण कार्य। | 466504-00 | 47000.00 | 550 | 30 दिन |
| 3 | नगर पंचायत एट में धगुवां रोड पर सुशील कुमार के मकान से सी.सी. रोड तक नाला निर्माण कार्य। | 417397-00 | 42000.00 | 550 | 30 दिन |
| 4 | नगर पंचायत एट में धगुवां रोड पर रामसरन अहिरवार के मकान से सोनू के मकान तक नाला निर्माण कार्य। | 398455-00 | 40000.00 | 500 | 30 दिन |
| 5 | नगर पंचायत एट में वार्ड नं. 10 में वीरेन्द्र पटेल के मकान से बाबा पटेल के मकान तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य। | 230635-00 | 23100.00 | 280 | 30 दिन |
| 6. | नगर पंचायत एट में वार्ड नं. 01 कोंच रोड से रानू पटेल तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य। (रा.वि.आर.) | 283687-00 | 29000.00 | 350 | 30 दिन |

शर्ते-

1. समस्त ठेकेदार/फर्म को नगर पंचायत कार्यालय में निविदा की धनराशि नकद जमा करके निविदा प्रपत्र के साथ जमा की गयी धनराशि की रसीद लगाना अनिवार्य होगा एवं 10 प्रतिशत अर्नेस्ट मनी नगद/एफ.डी.आर./टी.डी.आर./सी.डी.आर. के रूप में जो कि अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत एट के नाम बन्धक होगी बिना अर्नेस्ट मनी संलग्न किये गये टेण्डरों पर विचार नहीं किया जायेगा।
2. निविदा डालने से पूर्व निविदादाता कार्य स्थल का निरीक्षण अवश्य कर लें। निविदा प्रपत्रों में सलग्न बिल ऑफ क्वान्टिटी में दर्शित में दर्शित कार्य की मात्रा घट-बढ़ सकती है।
3. यह कि सशर्त टेण्डर पर विचार नहीं किया जायेगा।
4. निविदादाता की जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है।
5. यह कि टैण्डर को बिना कारण बताये एवं नोटिस दिये एक या समस्त निविदायें स्वीकृत या अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को निहित होगा।
6. कार्य निर्धारित समय के अन्दर पूर्ण न करने पर नियमानुसार कार्यवाही कर दी जायेगी।
7. अपूर्ण अथवा सही ढंग से न भरी गयी निविदायें तथा अस्पष्ट/अपठनीय प्रतियां स्वीकार नहीं की जायेगी।
8. किसी विवाद की दशा में अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत एट का निर्णय मान्य होगा।
9. यह कि शासनादेश के अनुसार टैण्डर के साथ रू. 100.00 के स्टाम्प पेपर पर स्वघोषणा पत्र शपथ पत्र नोटरी द्वारा सत्यापित कराकर प्रस्तुत करना एवं 100.00 रू. का स्टाम्प 1.00 रसीद टिकट लगाकर हस्ताक्षर शुदा संलग्न करना अनिवार्य है।
10. यह कि निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त तीन दिवस के अंदर निर्धारित स्टाम्प पर अनुबन्ध करना अनिवार्य होगा।
11. कार्यों का भुगतान धनराशि शासन से प्राप्त होने पर ही किया जायेगा। इस सम्बन्ध में भुगतान के लिये कोई दावा मान्य नहीं होगा।
12. निविदादाता उक्त कार्यों का आगणन का अवलोकन करने के उपरान्त ही निविदायें डालें।
13. अन्य शर्ते किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय से मालूम की जा सकती है।
14. ठेकेदारों के बिल से शासन के निर्देशानुसार देय करों की नियमानुसार कटौतियां की जायेगी। जो ठेकेदार को मान्य होगी।
15. निर्माण कार्य की मानक एवं गुणवत्ता के अनुसार किया जायेगा। अन्यथा की स्थिति में अनुबन्ध निरस्त कर जमानत धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
16. निविदाओं की स्वीकृत के उपरान्त जमानत धनराशि 01 वर्ष के बाद गुणवत्ता जांच के उपरान्त अवमुक्त की जायेगी।
17. ठेकेदारों को कराये गये निर्माण कार्यों में खनिज विभाग के अनुसार रॉयल्टी (एम.एम-11) देना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में जमानत धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
18. निविदादाता द्वारा आगणन दर से आसामान्य न्यूनतम दर प्राप्त होने शासनादेश सं. 11593/नौ-5-2021-142सा/2021 नगर विकास अनुभाग-5 दिनांक 07.01.2022 के जारी दिशा निर्देशानुसार अतिरिक्त परफोर्मेंस सिक्योरिटी जमा करने के उपरान्त कार्यादेश गठित किया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत एट (जालौन)

प्रशासक
नगर पंचायत एट (जालौन)


# ज्यादा से ज्यादा गर्भवतियों को एएनसी चेकअप के लिए लाएं अस्पताल: सीएमओ



**चित्रकूट।** संयुक्त जिला अस्पताल सहित अन्य स्वास्थ्य इकाइयों में शनिवार को ष्प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें एक सैकड़ा से अधिक गर्भवतियों की जांच की गयी। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 महेंद्र कुमार जतारिया ने संयुक्त जिला अस्पताल में 'प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान' दिवस का निरीक्षण किया। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा गर्भवातियों को एएनसी चेकअप के लिए लाने के लिए आशाओं को निर्देश दिए। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा जतारिया ने बताया कि ज्यादा से ज्यादा गर्भवातियों को एएनसी चेकअप के लिए लाने के लिए कहा गया है। जांच में यदि कोई महिला उच्च जोखिम गर्भावस्था वाली है तो उसे पहले ही चिन्हित कर लिया जाए। इससे उसकी जोखिम को कम करने के समय रहते पूरे प्रयास किए जा सके। यही नहीं इस बात से गर्भवती के साथ साथ उसके परिवार वालों को भी समय पूर्व जानकारी दी जा सके। इसके लिए आशाओं को निर्देशित किया है। उन्होंने बताया कि उच्च जोखिम गर्भावस्था वाली महिलाओं की इंट्री लाल पेन से करने के लिए चिकित्सकों को निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान जिला अस्पताल में क्षेत्र से आई हुई 14 गर्भवतियों की प्रसवपूर्व जांच की जा चुकी थी। उन्होंने गर्भस्थ शिशु के स्वास्थ्य के जानकारी हेतु गर्भवतियों के अल्ट्रासाउंड, खून और पेशाब की जांच, टीडी के टीके, वजन करने आदि का निरीक्षण किया। प्रसव उपरांत प्रसूता व नवजात की देखभाल हेतु पीएनसी वार्ड का भी निरीक्षण किया। एनआरसी में भर्ती सुपोषण की जरूरत वाले बच्चों के अभिभावकों से उन -बच्चों-के स्वास्थ्य लाभ की जानकारी लीद्य जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता अरूण कुशवाहा ने बताया कि चारों एफआरयू में एक सैकड़ा से अधिक महिलाओं की जांचें की गयी। जिला जांच के लिए आई सिद्धपुर बनाड़ी निवासी नीलू ने बताया कि उनका की दूसरा प्रसव होना है, उनकी जांच की गयी है।

# श्रद्धेय व्यक्ति पर भरोसा जीवन में दिलाएगा सफलता: दीक्षित



कथा व्यास नवलेश दीक्षित।

**चित्रकूट।** श्रीमद्भागवत कथा व्यास नवलेश दीक्षित ने कहा कि अगर आपके जीवन में कोई श्रद्धेय व्यक्ति है तो उस पर आंख बंद करके भरोसा करिए। वह आपको जीवन में हर प्रकार से सफलता दिलाएगा।
शनिवार को श्रीजी होटल में श्रीमद्भागवत अष्टदश ज्ञान यज्ञ के छठवें दिन नवलेश दीक्षित ने कहा कि श्रद्धा से ही भगवान की प्राप्ति होती है। जब आप भगवान या श्रद्धेय व्यक्ति पर पूर्ण श्रद्धा रखते हैं तो सभी काम अपने आप बनने लगते हैं। उन्होंने इस बात का उदाहरण इंद्र के कुपित होकर वर्षा वृष्टि कराने से देते हुए कहा कि उन्होंने जब श्रीकृष्ण ने गोर्वधन की पूजा का प्रारंभ कराया तो इंद्र कुपित हो उठे और उन्होंने 12 मेघों को आदेश दिया कि सम्पूर्ण बृजमंडल में तीव्र वर्षा करें, मेघों ने ऐसा ही किया तो बृज मंडल के लोगों ने श्रीकृष्ण पर भरोसा किया और प्रभु ने उन्हें गोर्वधन के नीचे ही सुरक्षित कर देवराज का दर्प चूर किया। चित्रकूट की महिमा का गुणगान करते हुए आचार्य श्री ने बताया कि वृन्दावन में तो श्रीकृष्ण ने केवल एक रास किया है। जबकि चित्रकूट की धरती पर श्रीराम ने सैकड़ों की संख्या में महारास किए हैं। वहां पर केवल निधि वन है। जबकि चित्रकूटधाम में प्रमोद वन, आमोद वन, श्रंगार वट आदि कई स्थल है। स्फटिक शिला पर तो भगवान ने स्वयं मां सीता का श्रंगार किया है। साधकों की हार्दिक इच्छा श्री कामदगिरि हनुमत चरण, मंदाकिनी को तीर। ये तीनों छूटे नहिं जब तक रहै शरीर को बताया। उन्होंने कहा कि चित्रकूट में स्फटिक शिला पर महारास के पूर्व भगवान मां जानकी का श्रंगार कर रहे थे, इसी दौरान महाराज इंद्र के पुत्र जयंत ने माता के पैरों पर कौवा बनकर चोंच मार दी। यह महारास अधूरा रह गया। इसलिए केवल एक रास करने के लिए उन्होंने वृन्दावन का निधिवन नामक स्थान चुना। सुबह के सत्र में कानपुर के विद्वान ज्योतिषाचार्य आचार्य गौरव शुक्ल, बांदा के वैदज्ञ विनोद शुक्ला के नेतृत्व में देश भर से आए विद्वान श्रीमद्भागवत महापुराण के मूल पाठ का सस्वर गायन कर इस महायज्ञ में अपनी आहुतियां दे रहे हैं। कार्यक्रम में यजमान बनने के लिए दिल्ली, एमपी, असम, बिहार, छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों से भक्तगण आए हुए हैं। आज मंच पर श्रीमद्भागवत पुराण का लोकभारती के सम्पादक अनाम पांडेय, डा. सुरेंद्र अग्रवाल, अजय अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, महेंद्र अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, शंकर जी, राजकुमार अग्रवाल, शकुंतला, प्रभाकांत पाठक, उपेंद्र मिश्रा, त्रिभुवन त्रिपाठी, श्रीसूर्यबंशी, रामसिंह, अरिमर्दन सिंह, अशोक शुक्ला आदि ने पूजन व अर्चन किया।

## सार सुर्खियां

### अटल भाषण प्रतियोगिता में शामिल होंगे 18 से 35 के युवा

**चित्रकूट।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री/भारत रत्न स्व अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर भाजयुमो ने भाषण प्रतियोगिता में 15 से 35 साल के प्रतिभागियों को हिस्सा लेने की बात कही है। शनिवार को भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने बताया कि अटल भाषण प्रतियोगिता में जिले से तीन प्रमुख विजेताओं को क्रमशः क्षेत्र, प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर हिस्सा लेने का मौका मिलेगा। प्रतिभागी 8349141314 व 7355401640 पर सम्पर्क कर सकते हैं। 26 दिसम्बर की शाम छह बजे तक सम्पर्क करें। भाषण के नरेन्द्र मोदी के डिजिटल इंडिया गुड गवर्नेंस, भारत पांच ट्रिलियन अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर, मुफ्तखोरी की राजनीति से विकास की राजनीति की ओर स्थानांतरण और युवाओं को सशक्त बनाने पर सरकार की भूमिका विषय होंगे। इस मौके पर भाजयुमो के शिवेन्द्र सिंह, शिवाजी, प्रवीण सिंह, सुखेन्द्र सिंह, गौरव करवरिया, विवेक तिवारी, विवेक किशन, रामकिशोर प्रजापति, अमन पटेल, पुष्पराज मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### जाल-पेट्रोल बम से होता मछलियों का शिकार

**चित्रकूट।** मन्दाकिनी नदी में मछलियों का शिकार पूर्णतया प्रतिबंधित करने की बुंदेली सेना नें डीएम से मांग की है। चोरीछिपे बूढ़े हनुमानजी मंदिर से लेकर कर्वी तक जगह-जगह शिकार होता है। पेट्रोल बम से भी शिकार किया जा रहा है। शनिवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने डीएम के रामघाट में मछली के बीज डलवाने का स्वागत करते हुए बताया कि मछलियां प्राकृतिक सफाई कर्मी की भूमिका निभाती हैं। मन्दाकिनी नदी के प्रदूषण की रोकथाम की दिशा में मछलियों की अहम भूमिका होती है। नदी में मछलियों का शिकार प्रतिबंधित है। इसके बाद भी धड़ल्ले से शिकार हो रहा है। आज तक किसी भी शिकारी के खिलाफ पुलिस ने कोई कार्यवाही नही की। कुछ शिकारियों की धरपकड़ हो जाये तो नदी में मछलियों का शिकार पूर्णतया प्रतिबंधित होने से सभी घाटों के आसपास सिंचाई विभाग दीवारों पर चेतावनी अंकित कराये। सम्बन्धित के मोबाइल नंबर भी दर्ज कराने की जरूरत है, ताकि कोई भी मौके से सूचना दे सके। शिकारी चोरीछिपे शिकार करते हैं। जाल डालकर मछलियों को मारा जाता है। कभी-कभार शिकारी पेट्रोल बम आदि का भी प्रयोग करते हैं। मछलियों का शिकार पूरी तरह रुक जाये तो नदी के प्रदूषण की रोकथाम में बड़ी मदद मिलेगी। बुंदेली सेना ने डीएम अभिषेक आनंद से मांग की है कि मंदाकिनी नदी में मछलियों का शिकार प्रतिबंधित किया जाये और शिकारियों पर कार्यवाही की जाये।

### बचपन प्ले स्कूल में मनाया गया प्रभू यीशु मसीह का जन्मदिन




**चित्रकूट।** जनपद मुख्यालय के कर्वी नगर क्षेत्र के बचपन प्ले स्कूल एवं एकेडमिक हाइट पब्लिक स्कूल कर्वी में आज विद्यालय परिसर में यीशु मसीह के जन्मदिन क्रिसमस का त्यौहार पारम्परिक तरीके से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चे सेंटा की वेशभूषा में आये एवं साथ कुछ छात्रायें परी की वेशभूषा में नजर आये । विद्यालय संचालिका श्रीमती शाहीन खान ने यीशु मसीह के जन्म से समबन्धित झाकियॉ बनाई। जिसमें बच्चो को उनके जन्म को सजीव चित्रण किया गया एवं विद्यालय की यू0के0जी0 की छात्रा आमीन एवं समृद्धि सोनी ने यीशु मसीह की मॉ मरीयम बनी। वहीं अंतरा सोनी, आदिति सिंह , ओजस्वनी , अनवी श्रीवास्तव परी बन कर आयी।जिसे बच्चों ने बडी उत्सुकता देखा व समझा। कुछ बच्चो ने सेंटा की डेस पहनकर अन्य बच्चों को उपहार भी बाट। विद्यालय संचालिका श्रीमती शाहीन खान ने बताया कि विद्यालय में सभी त्यौहार का आयोजन किया जाता है। जिससे बच्चे इसक`महत्व को खेल खेल में समझ सके। इस मौके विद्यालय के प्रबन्धक मिनहाज आलम खान एवं अभिभावक मोहितवर्मा , शोभित जैन, आशीष सोनी आदि मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में विद्यालय की अन्य शिक्षिकायें अंजली ,तबस्सुम , साक्षी सेन, ज्योति, निदा , रिया, अंजली सेन आदि उपस्थित रहे।

### फर्जी नियुक्ति पत्र से स्वास्थ्य विभाग में मिले दो कर्मचारी

चित्रकूट। स्वास्थ्य विभाग में फर्जी नियुक्ति पत्र से नौकरी हासिल करने का मामला उजागर हुआ है। फर्जीवाडा आने पर सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी ने शिवरामपुर अस्पताल में कार्यरत डार्क रुम सहायक की सेवायें समाप्त कर दी हैं। रिपोर्ट दर्ज कराने के निर्देश दिये हैं। फर्जी ढंग से एक्सरे टेक्नीशियन की नौकरी पाने वाले युवक के खिलाफ भी मामला दर्ज कराने को कहा है। शनिवार को स्वास्थ्य विभाग में फर्जी नियुक्ति पत्र से नौकरी हासिल करने का खुलासा हुआ है। बताया गया कि फरुखाबाद के प्रदीप कुमार पुत्र स्व रामनाथ सिंह ने 22 जनवरी 2021 को महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य लखनऊ के पत्र के आधार पर 16 जुलाई 2021 को शिवरामपुर अस्पताल में डार्क रुम सहायक के पद का कार्यभार संभाला था। वह निरंतर विभाग से वेतन ले रहा था। पिछले दिनों विभागीय अभिलेख सत्यापन दौरान संदेह होने पर सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी ने पत्राचार किया तो पता चला कि महानिदेशक स्वास्थ्य कार्यालय से कोई नियुक्ति पत्र जारी नहीं हुआ। इसी प्रकार 28 नवम्बर 2022 को एक्स-रे टेक्नीशियन का नियुक्ति पत्र जमा करने वाले फरुखाबाद के ही अमित कुमार वर्मा पुत्र आशाराम का पत्र भी फर्जी मिला। उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की बात सीएमओ ने कही है। सूत्रों ने बताया कि चित्रकूट जिले में अभी तमाम कर्मचारियों के फर्जी नियुक्ति पत्र से नौकरी के मामले सामने आ सकते हैं।

थाना समाधान दिवस

# निकाय चुनाव के मद्देनजर असामाजिक तत्वों की बनाई जाए सूची

**अपराध पंजिका में सक्रिय अपराधियों को किया जाए शामिल**

**महिलाओं द्वारा की गई शिकायतों एवं उनके साथ हुए अपराधों की विवेचना समय से पूर्ण करें**

**झाँसी।** शासन द्वारा जनपद में निर्धारित माह के द्वितीय और चतुर्थ शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया जा रहा है, आज जिलाधिकारी रविंद्र कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश एस. ने थाना सीपरी बाजार में थाना दिवस की कार्यवाही का निरीक्षण किया।

थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने कहा कि जनपद के प्रत्येक थाने पर आए शिकायतकर्ता अथवा पीड़ित की बात को संवेदनशील होकर सुना जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा शिकायतों का निस्तारण निश्चित समय सीमा के अंतर्गत अथवा गुणवत्ता के साथ किया जाना अनिवार्य है। भूमि पर अवैध कब्जों से संबंधित शिकायतों का निस्तारण मौके पर राजस्व और पुलिस टीम जाकर शिकायत का परीक्षण करें और शिकायतकर्ता के समक्ष निस्तारण करना सुनिश्चित करें ताकि शिकायतकर्ता को भी संतुष्टि हो।



### संयुक्त टीम द्वारा की जाए पैमाइश, अवैध कब्जा हटाए

थाना समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी श्री रविंद्र कुमार ने निर्देश दिए गए कि सरकारी/राजस्व की भूमि पर अवैध कब्जा की शिकायत प्राप्त होने पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा पैमाइश कर जांच की जाए एवं जांचोपरान्त अवैध कब्जा पाया जाता है, तो अवैध कब्जाधारक के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराकर अवैध कब्जा को हटवाया जाए। इसी क्रम में उन्होंने निजी/आवसीय भूमि/प्लाट पर कब्जे की शिकायत प्राप्त होने पर` राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा पैमाइश की जाए एवं पैमाइश में प्रथमदृष्ट्या अवैध कब्जा पाया जाता है एवं सम्बन्धित प्रार्थी तहरीर देना चाहता है, तो प्रार्थी से तहरीर प्राप्त कर सी.आर.पी.सी. की धारा 447 (क्रिमिनल ट्रेसपास) के अन्तर्गत कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### शिकायतकर्ता से बात करते हुए क्रॉस चेकिंग की जाए

थाना समाधान दिवस के दौरान थाना सीपरी बाजार में जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने थाना समाधान दिवस पंजिका का अवलोकन किया,जिलाधिकारी ने संतोष व्यक्त करते हुए निर्देश दिए गए कि थाना समाधान दिवस पंजिका का अद्यवधिक रखा जाए एवं शिकायतों को अंकित कर उनका ससमय समाधान कराया जाना सुनिश्चित किया जाए, मौके पर रैंडमली कुछ शिकायतों के निस्तारण की शिकायतकर्ता हमसे बात करते हुए क्रॉस चेकिंग भी की।

### थाने के बड़े अपराधियों को करें चिन्हित

इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने टॉप-10 अपराधी विषयक पंजिका का अवलोकन किया गया, और उन्होंने व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। उन्होंने थाना सीपरी बाजार में टॉप-10 अपराधी विषयक पंजिका को अद्यावधिक किये जाने के सम्बन्ध में निर्देश देते हुए कहा कि अपराधी पंजिका में निकट वर्षों में सक्रिय अपराधियों को सम्मिलित किया जाए एवं निष्क्रिय अपराधियों को विलोपित करते हुए अपराधी पंजिका को अद्यवधिक किया जाए, उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि डबल रजिस्ट्री वाले प्रकरणों में वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सी.सी.टी.एन.एस. के माध्यम से थाना सीपरी बाजार में पंजीकृत किये गये मुकदमों की वर्षवार ऑनलाइन सूची प्राप्त की जाए। विशेषकर सूची में से सी.आर.पी.सी. की धारा 307 एवं 302 अन्तर्गत पंजीकृत किये गये मुकदमों को पृथक कर थाने के बड़े अपराधियों को चिन्हित किया जाए।

### प्लॉट की नाप कराकर कब्जा दिलाया गया

थाना सीपरी बाजार पर आयोजित थाना समाधान दिवस के दौरान आगन्तुक गोविन्द सिंह निवासी ग्राम मथनपुरा थाना सीपरी बाजार द्वारा प्रार्थना पत्र देकर बताया कि विपक्षी बलबीर, अमर सिंह, चिम्मन यादव, ओम सिंह, देवेन्द्र निवासीगण पहलगुआं थाना सीपरी बाजार द्वारा उसकी जमीन की पत्थरगढी को उखाड़ कर फेक दिया तथा उसकी जमीन पर कब्जा कर लिया है।

उक्त शिकायत पर जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल शिकायत का संज्ञान लेकर प्रभारी निरीक्षक थाना सीपरी बाजार को सम्बन्धित के विरूद्ध सुसंगत धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत करने के निर्देश दिये गये।

इसके अतिरिक्त प्लॉट पर पड़ोसी द्वारा कब्जा करने सम्बन्धी शिकायत पर राजस्व विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम को तत्काल मौके पर भेजा गया। दोनों पक्षों से वार्ता की गयी जिसमें कुछ जगह को लेकर विवाद था।

प्लॉट की नाप कराकर कब्जा दिलाया गया तथा शिकायत का निस्तारण कराया गया।

## एक बवाली गिरफ्तार, शेष की तलाश जारी



**झाँसी।** पूंछ थाने की पुलिस ने डीएम की टीम पर हमला करने के आरोप में एक बवाली को पकड़ लिया है, जबकि शेष बवालियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही हैं।

मालूम हो कि पूंछ थाना क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर स्टेट में बीते रोज राजस्व विभाग की टीम पर हमले को लेकर जहां पुलिस प्रशासन एकदम सख्त है। वही फतेहपुर स्टेट गांव में सन्नाटा छाया हुआ है। लेखपाल अशोक गुप्ता की तहरीर पर दर्ज मुकदमे में आकाश यादव निवासी फतेहपुर स्टेट को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी को अदालत में पेश किया। वहां से उसे जेल भेजा गया।

### 11 अभियुक्त गिरफ्तार

अलग- अलग थानों की पुलिस ने 11 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। रक्सा थाने की पुलिस ने ग्राम सिमराहा निवासी रविन्द्र कुमार राय, दीपक रजक, ककरबई थाने की पुलिस ने ग्राम फरीदा निवासी ज्योति को गिरफ्तार कर लिया। तीनों के पास से 80 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। वहीं, एरच थाने की पुलिस ने झगड़ा करने के आरोप में रामगंज निवासी लखनलाल, दीपक प्रजापति, पंचू प्रजापति, उल्दन थाने की पुलिस ने ग्राम खिसनी निवासी रामप्रताप, रामकुमार, शिवम, गजेंद्र कुमार को गिरफ्तार कर लिया। इसके अलावा कोतवाली पुलिस ने वांछित अलीगोल खिड़की मोहल्ले में रहने वाले आसिफ को गिरफ्तार कर लिया। उसे अदालत में पेश किया।

## क्रिसमस डे पर यीशू के जन्मदिन मनाने को शहर के चर्च तैयार

**झाँसी।** यीशू के जन्मदिन को लेकर शहर के सभी चर्च जगमगाती रोशनी से सज गए है और लोगों की प्रार्थना के लिए तैयार हैं। हर साल 25 दिसंबर को मनाए जाने वाले क्रिसमस डे के लिए शहर के सभी चर्च पूरी तरह तैयार हो चुके हैं। सभी रंग बिरंगी लाइट की वजह से शहर और भी ज्यादा खूबसूरत लग रहा है। प्रभु यीशु के जन्मदिन को लेकर ईसाई समुदाय में खासा उत्साह है। 25 दिसंबर को चर्च में क्रिसमस का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। त्योहार के मद्देनजर गिरिजाघर को रंगाई पुताई के बाद बिजली की आकर्षक सजावट कर सजाया गया है। क्रिसमस डे को लेकर बच्चे सेंटा क्लाज बन रहे हैं, उन्हें बड़े दिन पर कार्यक्रम प्रस्तुत करने के लिए ईसाई



समुदाय द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

यही नहीं,चर्च में प्रार्थना के साथ-साथ ड्रामा व अन्य कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इलाहाबाद बैंक चौराहे पर स्थित सिटी चर्च, क्रिश्चियन कॉलेज में स्थित चर्चों में भव्य सजावट कर आकर्षक रूप प्रदान किया गया है। जिले में पर्व के प्रति ईसाई समुदाय में खासा उत्साह दिखाई दे रहा है। चर्चों के अलावा घरों पर भी ईसाई समुदाय के लोग बिजली की भव्य सजावट कर रहे हैं। चर्च के पादरी ने बताया कि चर्च में 25 दिसंबर को सुबह प्रार्थना होगी। इसके बाद बाइबिल का पाठ किया जाएगा और दोपहर तक धार्मिक कार्यक्रम चलते रहेंगे। क्रिसमस ईसाई धर्म के लोगों का सबसे प्रमुख त्योहार है, जिसे हर साल 25 दिसंबर के दिन क्रिसमस डे के रूप में मनाया जाता है। एक दिन पहले यानी 24 दिसंबर से ही क्रिसमस की धूमधाम शुरू हो जाती है। ईसाई धर्म के लोग इस दिन को यीशू मसीह के जन्मदिन के रूप में मनाते हैं। भारत में भी ईसाई धर्म के साथ अन्य सभी धर्म के लोग क्रिसमस का त्योहार धूमधाम के साथ मनाते हैं। लेकिन क्या आप क्रिसमस के इतिहास और इसके महत्व के बारे में जानते हैं ।

## एनसीसी कैडेट्स की रैंक सेरेमनी का किया आयोजन



**सीनियर अंडर ऑफिसर नेहा सिंह को मिली सर्वोच्च रैंक**

**झाँसी।** बुंदेलखंड विश्वविद्यालय की 3/33 यूपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी कैडेट्स की रैंक सेरेमनी का आयोजन किया गया जिसमें एनसीसी गर्ल्स बटालियन बुंदेलखंड विश्वविद्यालय की 34 कैडेट्स को रैंक प्रदान की गई ।

इस अवसर पर डॉ रश्मि सिंह द्वारा सभी अधिकारियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया । कुलपति प्रोफेसर मुकेश पांडे द्वारा सभी कैडेट्स को अच्छे कार्य करने अपना ,अपने परिवार का ,अपने विश्वविद्यालय का, और अपनी एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ रश्मि सिंह का, नाम रोशन करने हेतु प्रेरित किया। 32 यूपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी झांसी के कमान अधिकारी सोमबीर दवास ने सभी कैडेट्स को रैंक एवं रैंक के महत्व की जानकारी दी ।

उक्त कार्यक्रम में कुल 34 रैंक दी गई। सर्वोच्च रैंक सीनियर अंडर ऑफिसर नेहा सिंह को दी गई, अंडर ऑफिसर पूजा चौरसिया,व ख्याति गौतम को दी गई, सार्जेंट की रैंक लिली , जसवीर कौर ,को दी गई।

कॉरपोरल की रैंक खुशी कुमारी, आंचल पाल ,खुशी गुर्जर ,दीपांशी यादव, सौरभ राजपूत, उपासना परिहार, स्मृति झा, रितु राजपूत ,खुशी साहू को दी गई। लेंस कॉरपोरल की रैंक दीक्षा बघेल अनू मौर्य, नाजदा खान, आरोही पांडे, डोली ,इशिका द्विवेदी ,तृतीया, अनन्या, प्राची यादव ,मुस्कान, वैष्णवी शर्मा, मनीषा वंशकार ,अनवेषा राय, पलक राय, को दी गई। कार्यक्रम में प्रोफेसर आरके सैनी चीफ प्रॉक्टर बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय झांसी, राजबहादुर जी परीक्षा नियंत्रक बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी, अनिल वोहरे ( निजी सचिव कुलपति ), कार्यकारी एसएम सोहनलाल , डॉ संतोष पांडे डॉक्टर महेंद्र कुमार ,डॉ रेखा लगरखा, डॉक्टर धीरेंद्र यादव, डॉक्टर राधिका चौधरी, डॉक्टर शुभांगी निगम ,डॉ सुषमा अग्रवाल डॉ नेहा मिश्रा, डॉ शिखा खरे ,डॉ प्रतिभा खरे, डॉक्टर सपना सक्सेना एवं कैडेट्स के अभिभावक हेमलता, स्नेह लता जी उपस्थित रहे।

## कुशवाहा समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को अभिनंदन समारोह आज

**झाँसी।** कुश प्रगति संस्थान झाँसी के तत्वावधान में मेधावी छात्र-छात्राओं का अभिनंदन समारोह 25 दिसंबर को एसपीआई इंटर कालेज में आयोजित किया जा रहा है। इस समारोह के मुख्य अतिथि उत्तर मध्य रेलवे झाँसी मंडल के वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक अमृतांश मौर्य रहेंगे।

कुश प्रगति संस्थान के महामंत्री लखन सिंह कुशवाहा ने बताया है कि गत वर्षों की भांति इस साल 25 दिसंबर को कुशवाहा समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं का अभिनंदन समारोह किया जा रहा है। इस समारोह में प्रातः 9 बजे चित्रकला विभिन्न वर्गों की सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताएं प्रश्न मंच की लिखित प्रवेश परीक्षा, फेंसी ड्रेस, भाषण, मेंहदी, रंगोली, प्रश्न मंच प्रतियोगिता के साथ हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक, परास्नातक में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। इस समारोह में विशिष्ट अतिथि हरगोविन्द कुशवाहा उपाध्यक्ष बौद्ध सोध संस्थान लखनऊ (राज्यमंत्री), सुरेंद्र सिंह संपादक दैनिक जागरण, राजेश्वर कुमार कुशवाहा उप मुख्य अभियंता ब्रिज एवं लाइन उत्तर मध्य रेलवे झाँसी डिवीजन, भाजपा जिलाध्यक्ष जमुना प्रसाद कुशवाहा, उप मुख्य संकेत एवं दूर संचार अभियंता निर्माण उत्तर मध्य रेलवे आशीष कुमार सैनी, भी शामिल होंगे। इस समारोह की अध्यक्षता कुश प्रगति संस्थान के अध्यक्ष सालिगराम करेंगे।

## संतुलित आहार स्वास्थ्य के लिए जरूरी : डॉ. प्रतिभा आर्या

**दो दिवसीय स्वास्थ्य जागरूकता कार्यशाला का हुआ समापन**

**झाँसी।** भोजन का स्वास्थ्य के साथ बहुत ही गहरा संबंध होता है। कहा गया है कि जैसा खाएंगे अन्न वैसा होगा मन। इसलिए हम क्या भोजन करते हैं और किस मानसिक अवस्था में करते हैं इसका प्रभाव हमारे स्वास्थ्य पर पड़ता है। यह वक्तव्य आज राज्य परिवार नियोजन सेवा अभिनवीकरण परियोजना एजेंसी की बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी इकाई द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए गृह विज्ञान विभाग को समन्वयक डॉ. प्रतिभा आर्या ने कहा।

डॉ. आर्या ने कहा कि हर व्यक्ति के भोजन की आवश्यकता अलग-अलग होती है। इसको निर्धारित करना हमारे काम और शारीरिक श्रम पर निर्भर करता है। गर्भवती महिलाओं के पोषण के विषय में डॉ. आर्या ने बताया कि गर्भावस्था बहुत ही महत्वपूर्ण समय होता है। इस अवस्था में भोजन की संतुलित मात्रा और पोषण युक्त भोजन बहुत आवश्यक है।

समापन सत्र की अध्यक्षता करते हुए बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी के कुलानुशासक प्रो. आर. के. सैनी ने



कहा कि कार्यशाला का आयोजन भले ही विश्वविद्यालय परिसर में किया जा रहा है लेकिन इसका उद्देश्य ग्रामीण स्तर तक पहुंचना है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थी अपने घरों में, अपने गांव में जाकर यहां दो दिनों में बताई गई बातों को पहुंचाने का काम करें। इससे सूचना अपने निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त कर सकेगी और इसका फायदा समाज को होगा। उन्होंने कहा कि दो दिन कार्यशाला में स्वास्थ्य के विविध विषयों पर चर्चा हुई अब विद्यार्थी अपने समाज अपने घर इसकी चर्चा करें।

सिफ्सा की नोडल अधिकारी डॉ. श्वेता पाण्डेय ने बताया सिफ्सा के द्वारा यह दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन स्वयंसेवकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि स्वयंसेवक ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर लोगों को जागरूक करने का काम करते हैं इसलिए उन्हें कार्यशाला के माध्यम से जानकारी दी जाती है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. उमेश कुमार ने बताया कि इस दो दिवसीय कार्यशाला में भोजन और स्वास्थ्य, स्वच्छता और स्वास्थ्य, गर्भावस्था के दौरान भोजन, मानसिक स्वास्थ्य देखभाल, किशोरावस्था में होने वाले बदलाव, विवाह पश्चात होने वाले बदलाव, परिवार नियोजन की जरूरत विषयों पर चर्चा की गई।

हिंदी विभाग के सहायक आचार्य डॉ. श्रीहरि त्रिपाठी ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि मोटे आनाज का उपभोग हमारे स्वास्थ्य के लिए लाभदायक सिद्ध होगा. उन्होंने कहा कि विद्यार्थी ग्रामीण स्तर पर जाकर यहाँ प्राप्त ज्ञान को फ़ैलाने का कार्य करें जिससे सभी तक जानकारी पहुँच सके। इस कार्यशाला में श्रृष्टि, निकेता, पार्थ, मोहित, सुकन्या, रौनक, कोमल, अलादीन, सत्यम, हर्ष, नैसी एवं अन्य उपस्थित रहे।

### निःशुल्क आयुर्वेदिक परामर्श शिविर का किया जायेगा आयोजन

**झाँसी।** भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के उपलक्ष्य में 25 दिसम्बर को संसदीय क्षेत्र झाँसी में बैद्यनाथ ग्रुप झाँसी द्वारा निःशुल्क आयुर्वेदिक परामर्श शिविर का आयोजन किया जायेगा। शनिवार को बैद्यनाथ ग्रुप झाँसी के बैद्य डा० सचिन जैन ने बताया कि बैद्यनाथ ग्रुप झाँसी द्वारा निःशुल्क आयुर्वेदिक परामर्श शिविर का आयोजन श्री रामलीला मंच, बड़ा बाज़ार झाँसी में सुबह 10 बजे से सायं 3 बजे तक किया जायेगा । उन्होंने बताया कि इस स्वास्थ्य शिविर में बैद्यनाथ के आयुर्वेदिक विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति से जांच एवं उपचार किया जाएगा।

## खाद्य सुरक्षा अफसरों ने की छापेमारी, कई जगह लिए गए सैंपल

**झाँसी।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उ०प्र० तथा जिलाधिकारी, झांसी के आदेश के क्रम में आगामी क्रिसमस पर्व के अवसर पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम गठित कर जनपद में 23 से 25 दिसंबर तक विशेष अभियान के अन्तर्गत खाद्य पदार्थों विशेषकर केक व बैक्ररी उत्पाद के प्रतिष्ठानों के सघन निरीक्षण कर कुल 8 नमूने संग्रहीत किये गये। जिसमें एक नमूना सीपी पैलेश शिवाजी नगर स्थित 7th हेवेन से फेंक व चॉकलेट सब्सटीयूट का नमूना रॉयल बेकरी नन्दनपुरा से व्हीप क्रीम का नमूना यूआत बनिस बेकरी से नगरा, झाँसी से केक का नमूना, बैंक माई केक पुलिया नं0-9 से केक का नमूना, ईलाइट सीपरी रोड से 7th हेवेन से कीप क्रीम का नमूना का नमूना, शहीद किराना स्टोर से टोस्ट का नमूना व महेवा रोड टहरौली झांसी से मोटी सेवाई का नमूना मनगुवा रोड बबीना झाँसी से केक के नमूने संग्रहित कर जांच हेतु राजकीय खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला को प्रेषित किये गये।

सचल दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी रवीन्द्र सिंह परमार, जितेन्द्र कुमार सिंह, दिव्या त्रिपाठी दीपक कुमार, आजाद कुमार, विनोद कुमार यादव, उपमा यादव, सुमांशु सचान, विजय बहादुर पटेल शामिल रहे। रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त विधिक कार्यवाही की जायेगी। उपभोक्ताओं / खाद्य व्यापारियों को पैकेट बन्द खाद्य पदार्थों के उपयोग से पहले बेस्ट बिफोर आवश्य देखें। खुले में रखे खाद्य पदार्थों तथा बासे या देर से पका कर रखे खाद्य पदार्थों को न खाये।

## सारसुर्खियां

### सैन्य अस्पताल में लगाया रक्तदान शिविर



**झाँसी।** झाँसी के सैन्य अस्पताल ने सेना दिवस परेड 2023 की स्मृति में रक्तदान शिविर का आयोजन किया, झाँसी के सैन्य अस्पताल ने 24 दिसंबर 2022 को महारानी लक्ष्मी बाई मेडिकल कॉलेज, झाँसी के समन्वय से रक्तदान शिविर का आयोजन किया। रक्ताल्पता, उच्च रक्तचाप और मधुमेह से बचने के लिए सेना के डॉक्टरों द्वारा रक्तदान स्वास्थ्य जांच की गई। जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों और रक्तदान के लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए लाभार्थियों के लिए ऑडियो-विजुअल सहायता के साथ एक स्वास्थ्य सूचना गैलरी का भी आयोजन किया गया था। पंजीकरण के लिए QR कोड के आधार पर ओपीई पंजीकरण की दान प्रक्रिया को स्ट्रीम लाइन किया गया। यूनिट से 250 अधिक रक्त एकत्र किया गया और झांसी जिला प्रशासन के संबंधित चिकित्सा अधिकारियों को सौंप दिया गया।

### उत्कृष्ट ऑफिसर के रूप में प्रशासनिक अधिकारी सुचिता वर्मा हुई सम्मानित

**झाँसी।** एलआईसी सीवीओ 2 शाखा के 30 वें स्थापना दिवस पर सेटेलाइट ब्रांच मोठ में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में कानपुर से सीनियर डिवीजनल मैनेजर राजनीश खन्ना सहित मंडल कार्यालय के सेल्स मैनेजर उपस्थित रहे। झांसी कार्यालय की टीम ने मंडलीय अधिकारियों का बुके देकर स्वागत किया। इस अवसर मुख्य अतिथि सीनियर डिवीजनल मैनेजर राजनीश खन्ना ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सभी अधिकारियों ओर कर्मचारियों को स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं प्रेषित की। श्री खन्ना ने बेहतर कार्य करने वाले मोठ ब्रांच मैनेजर केके विद्यार्थी तथा प्रशासनिक अधिकारी सुचिता वर्मा को बेस्ट ऑफिसर्स के रूप में सम्मानित किया। इस अवसर पर झाँसी की मुख्य शाखा सहित सेटेलाइट ब्राँच के समस्त अधिकारीगण व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### बच्चों ने धूमधाम से मनाया क्रिसमस पर्व



**झाँसी।** आइडियल कॉन्वेंट स्कूल, बड़ागाँव गेट बाहर मैं स्कूल की अध्यापिकाऔ और बच्चों ने क्रिसमस पर्व धूमधाम से मनाया। स्कूल की प्रधानाचार्य श्रीमती इंदु अरोरा ने अध्यक्षता की। अध्यापिका पलक तिवारी ने बच्चों को क्रिसमस पर्व के बारे मैं जानकारी दी। इस मौके पर स्कूल के बच्चों चित्रांश और जिगर ने नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं अन्वेष, यक्ष, खुशी, अनमोल, नित्या ने भी अपनी कला का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर प्रियाशी, नेहा, पलक तिवारी, शिवानी, सोनम, आरती, शिवा और नीतेश उपस्थित रहे। अंत में पलक ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### लेखन प्रतियोगिता का किया आयोजन



**झाँसी।** भारतीय ज्ञान मंदिर शिवाजी नगर में लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया जिसमें राइटिंग एक्सपर्ट के द्वारा बच्चों की कॉपी चेक की गई तथा बच्चों को और अच्छा लिखने के लिए बताया गया एवं लेखन संबंधी जानकारी दी गई जिससे कि बच्चे अपनी हैंडराइटिंग अच्छी कर सकें। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक विशाल गुप्ता, प्रधानाचार्य शादाब मंसूरी, डायरेक्टर संजना गुप्ता, स्टाफ नसरीन, पवन नायक, दीपक नामदेव, रामस्वरूप कुशवाहा, प्रशांत जायसवाल, हेमंत तिवारी, वैशाली साहू आदि उपस्थित रहे।

### वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का किया आयोजन



**झाँसी।** सेन्ट उमर कॉलेज विगत 23 वर्षो की तरह इस वर्ष भी अपना 24 वां वार्षिकोत्सव आयोजित कर रहा है जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सिटी मजिस्ट्रेट अंकुर श्रीवास्तव व सीओ मऊरानीपुर राजेश राय, पुरूषोत्तम नारायण श्रीवास्तव, डा0 सतीष कोटिया, मेजर रोमा कोटिया, दीपक यादव आदि उपस्थित रहे। इसमे विद्यालय के छात्रध्छात्राओं द्वारा अनेकों सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये इसमें नर्सरी के नन्हे मुन्हे छात्र छात्राओं द्वारा संडे इज द होलिडे, प्राईमरी, जूनियर कक्षा के छात्रध्छात्रा द्वारा मराठी, पंजाबी, साउथ इडिंयन, अरेबिक नृत्त किये।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक जावेद अहमद जी आये हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती नुसरत जावेद ने विद्यालय के अध्यापक अध्यापिकाओं के मार्गदर्शन में छात्र छात्राओं द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रंशसा करते हुए छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। अन्त में सेन्ट उमर इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य आरिफ रजा खान ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों एंव अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

### हरे रामा हरे कृष्णा कृष्णा हरे हरे

**झाँसी।** इस्कॉन ऑल इंडिया पदयात्रा का शनिवार को महा नगर में आगमन पर पूरा शहर हरे रामा हरे कृष्णा धुन से गुंजायमान हो उठा। झांसी इस्कॉन अध्यक्ष ब्रजभूमि दास ने बताया कि पदयात्रा जो कि 1984 से परम पूज्य श्रील लोकनाथ स्वामी महाराज जी के निर्देशन में अनवरत पूरे भारतवर्ष की 6 बार परिक्रमा कर चुकी है जो पूर्व में सन 2000 के बाद झांसी में पुनः आयी है। ग्वालियर रोड अंसल कॉलोनी होते हुए यात्रा विधायक आवास पर पहुंची। विधायक रवि शर्मा ने परिवार सहित भगवान का पूजन अर्चन किया। यात्रा में बैलगाड़ी के रथ पर श्री श्री गौर निताई भगवान, आचार्य श्रील प्रभुपाद जी आरुण थे। यात्रा फिल्टर रोड होते हुए दतिया गेट, नरिया बाजार, पंचकुइयां, खंडेराव गेट ऑतिया ताल से राम जानकी मंदिर मेहंदी बाग पहुंची। यात्रा 25 तारीख को भी झांसी नगर में भ्रमण करेगी। इस दौरान वरिष्ठ ब्रह्मचारी श्रीमान महामुनी दामोदर दास प्रभु जी ,पीयूष रावत,अभय चरणारविन्द दास जी, रमेश राय, अजय अग्रवाल, चंद्रभान दास, हनुमान दास,अंकित सोनी, आर के टेलर्स सुरेंद्र राय, महेश सर्राफ, राजीव अग्रवाल,अशोक सेठ आदि उपस्थित रहे।


संस्थापक प्रधान संपादक स्व. महेश प्रसाद अग्रवालः दैनिक भास्कर के स्वत्वाधिकारी एवं सम्पादक संजय कुमार अग्रवाल के लिये प्रकाशक, मुद्रक रमेश चन्द्र तिवारी द्वारा इम्प्रेसन्स प्रिन्टिंग एण्ड पैकेजिंग लि. 14-15, इण्डस्ट्रियल एस्टेट, ग्वालियर रोड, झांसी (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 31, रानी महल झांसी से प्रकाशित। फोन-2440550 आर.एन. आई. नं. 4645/58, डाक पंजीकरण संख्या-42/09 जनवरी 2013 समाचार चयन के लिये पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त विवाद झांसी न्यायालय के अधीन होंगे। E-mail: dbjhansi@rediffmail.com, E-paper-dainikbhaskarup.com

25 Dec- Pg-4_page 1 12/24/2022 7:24 PM Page 1



जितना दिखाते हो उससे अधिक तुम्हारे पास होना चाहिये;
जितना जानते हो उससे कम तुम्हें बोलना चाहिए;
-शेक्सपियर

# एक सप्ताह पूर्व हुई लाखों की चोरी का पुलिस ने किया खुलासा शत-प्रतिशत हुआ माल बरामद


चोरी की घटना का खुलासा करते एसपी रवि कुमार और पुलिस गिरफ्त में खड़े चोर।


चोरों द्वारा बरामद हुए रुपए और सोने चांदी के जेवर।

■ सूने घर को निशाना बनाकर चोरों ने ताला तोड़कर नगदी व जेवर किए थे पार

**दैनिक भास्कर, उरई ।** एक सप्ताह पूर्व हुई चोरी का खुलासा शहर कोतवाली उरई पुलिस एवं एसओजी व सर्विलांस प्रभारी की संयुक्त टीम ने कर दिया। टीम ने शातिर चोर गिरोह को पुलिस मुठभेड़ के दौरान चोरी के शत-प्रतिशत माल और रुपए एवं सोने चांदी के आभूषण समेत गिरफ्तार कर लिया। जब उनकी तलाशी ली तो उनके पास से अवैध असलाह भी बरामद हुए। इस सारे मामले का खुलासा पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने पुलिस लाइन सभागार में किया। एसपी रवि कुमार ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि कुलदीप थापक पुत्र ओमप्रकाश थापक निवासी मोहल्ला बैंक कॉलोनी नया पटेल नगर जालौन रोड निवासी अपने गांव ब्यौना राजा के लिए गए हुए थे इसी दौरान 18 दिसंबर की रात चोरी हो गई। इसके बाद उन्होंने 19 दिसंबर को इस संबंध में शहर कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए बताया था कि अज्ञात चोर उनकी घर में रखी अलमारी का ताला तोड़कर 125000 रुपये एवं सोने चांदी के जेवर ले गए हैं। इसका मामला शहर कोतवाली पुलिस ने दर्ज कर लिया था। इस संबंध में उन्होंने मामले के खुलासे के लिए क्षेत्राधिकारी गिरजा शंकर त्रिपाठी के नेतृत्व में उरई पुलिस एवं एसओजी व सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम को लगाया था जिसके चलते यह टीम ने बीती 24 दिसंबर की रात तकरीबन करीब 1:25 पर चैकिंग कर रही थी। तभी उन्हें मुखबिर की सूचना मिली की चुर्खी बाईपास के पास नूर नदी के नजदीक कुछ लोग हैं। जहां पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों की गिरफ्तारी के लिए आगे बढ़ी तो उक्त आरोपी उन पर गोली चलाने लगे।इसके बाद पुलिस ने इसकी जवाबदेही में गोलियां चलाई और मुठभेड़ के दौरान पांच अभियुक्त यशपाल सिंह पुत्र भूप सिंह निवासी रूरालड्डू जालौन टिल्लू और विश्वास पुत्र अमर सिंह निवासी अरोड़ा डिंपल उर्फ राजा भैया पुत्र जयपाल निवासी रूरा लड्डू धीरेंद्र सिंह पुत्र नरेंद्र सिंह निवासी अरोड़ा और देवेंद्र कौशल पुत्र राम चरण कौशल निवासी तुलसी नगर उरई को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार किए हुए लोगों की तलाशी ली और उनसे पूछताछ की तो उनके पास से 160000 नगद, 3 जोड़ी कानों की झुमकी टॉप, एक हार सोने की चार, चूड़ी सोने की, बिछिया, अंगूठी हाय, पायल, कानों की रिंग, पीली धातु , कार फर्जी प्लेट नंबर लगी हुई, अवैध तमंचा दो कारतूस और दो जिंदा कारतूस, 32 बोर बरामद हुए। इस पर पुलिस ने आरोपियों से जब कड़ाई से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि वह लोग चोरी करने से पहले घरों की देखी करते हैं। जिस घर में लोग अपनी फैमिली के साथ बाहर जाते हैं फिर हम लोग मौका पाकर चोरी की घटना को अंजाम देते हैं। आज हम लोग ऐसी ही अन्य चोरी की घटना कार्य करने की योजना बना रहे थे कि इसी दौरान पुलिस ने हमें गिरफ्तार कर लिया। वही सब माल बरामद हुआ है। वहीं पुलिस ने बताया अभियुक्त यशपाल पुत्र भूप सिंह निवासी अधूरा के खिलाफ एक मामला शहर कोतवाली में दर्ज है। बल्कि विश्वास के खिलाफ पांच मामले चोरी मारपीट समेत कोतवाली में दर्ज है। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

**शातिर चोरों को टीम ने किया गिरफ्तार**

उरई। एक सप्ताह पूर्व हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया है।खुलासा करने वाली टीम में उरई प्रभारी निरीक्षक शिव कुमार राठौर उपनिरीक्षक तलाश प्रभारी योगेश पाठक, उपनिरीक्षक हरीराम सिंह, संजीव कटियार, संदीप कुमार, राज कुमार सिंह, अशोक कुमार, चेतराम बुंदेला, मोहम्मद आरिफ, हेड कांस्टेबल गौरव बाजपेई, राजीव कुमार, श्री राम प्रजापति, अश्वनी कुमार, निरंजन सिंह, रवि कुमार, शैलेंद्र चौहान, बृजेंद्र सिंह, जगदीश चंद्र, कर्मवीर

## पड़ोसी चाहे कोई भी मजहब का क्यों ना हो उसकी मदद चाहिए :शाहिद अली



■ मौलानाओं ने अल्लाह के बताए रास्ते पर चलने की अपील की

**दैनिक भास्कर, कदौरा (जालौन)।** कस्बे के मोहल्ला पुराना बाजार अब्दुल गनी के आवास पर ज़श्नईद मिलादुन्नबी का आयोजन किया गया जिसमे दूरदराज से तशरीफ लाए मौलानाओं ने अल्लाह के बताए रास्ते पर चलने की अपील की जलसे की शुरूआत तिलावते कलाम ए पाक कारी अब्दुल गफ्फार ने की। वहीं कार्यक्रम की निजामत व नात शरीफ पढ़ते हुए अब्दुल कलाम कदौरवी ने की वही जलसे में उलमा बुंदेलखंड एजुकेशन सोसायटी में मेम्बर हजरत मुफ़्ती शाहिद अली मिशवाही बागी ने तकरीर में कहा कि हमारे नबी ने हमें बताया कि हमे अपने पड़ोसियों पर ध्यान देना चाहिए चाहे वह किसी भी मजहब का क्यो न हो यदि पड़ोसी भूखा है तो उसको खाना खिलाना चाहिए और किसी भी मुश्किल में हो तो उसकी परेशानी में साथ देना चाहिए वही ऐरच से चलकर आये हजरत कारी अख्तर रजा सुनतानी ने अपनी तकरीर के दौरान कहा कि विवाह में फिजूल खर्च न करें दहेज प्रथा पर रोक लगाएं, सब को साथ लेकर एक-दूसरे का सहयोग करें,उन्होंने आगे कहा कि हर इंसान की सबसे बड़ी जिम्मेदारी ये है कि अपने अपने बच्चों को दीनी व दुनियाबी तालीम जरूर दे,आगे चलकर यही बच्चे देश का नाम रौशन करेगे कार्यक्रम के अंत मे देश में अमन चैन और देश की तरक्की की दुआएं मांगी गई। इस दौरान, कारी रईस बरकाती,साबिर चिस्ती, सैय्यद शबाहत अली,डॉ लाला, तस्लीम राइन, फारूक अहमद, अल्लादिया, सलीम, मो रईस, कल्लू राइन, रीनू, अजहर राइन, हामिद राइन, सकील खान, आदि मौजूद रहे।

## किन्नरों ने शहर में धूमधाम से निकाली कलश यात्रा सैकड़ों किन्नर यात्रा में रहे शामिल


शहर में किन्नरों की निकलती कलश यात्रा।

■ कलश यात्रा के दौरान किन्नरों का शहर के लोगों ने फूल मालाएं डालकर किन्नरों का किया भव्य स्वागत

**दैनिक भास्कर, उरई।** शहर में किन्नरों ने सज धज कर नए-नए वस्त्र पहनकर शहर के कई मार्गों होकर कलश यात्रा निकाली जो कि एक आकर्षक का केंद्र बनी रहे शहर वासियों ने इस कलश यात्रा का भव्य स्वागत किया और अपनी-अपनी छतों से फूल बरसा कर किन्नरों का स्वागत किया। इस दौरान यात्रा मैं महिला व पुरुष सिपाही भारी पुलिस बल के साथ चल रहे थे। बता दें कि शहर में पूरे साल घर-घर जाकर दूसरों के लिए दुआएं मांगने वाले किन्नर इन दिनों अपनी खुशियों में व्यस्त हैं। महासम्मेलन में देश के अलग-अलग हिस्सों से किन्नर पहुंचे हैं। किन्नरों ने गुरु मथुरा की हाजी काली व हाजी मुन्ना को माला पहनाई। नगर के न्यू मंगलम गेस्ट हाउस से बैंडबाजों की धुन व ढोलक की थाप पर नृत्य करते हुए कलश यात्रा निकाली। सिर पर पूजा सामग्री की डलिया रखे हाजी काली व हाजी मुन्ना गुरु राठ रोड के मुख्य मार्ग होते हुए घंटाघर चौराहा पहुँचे।इसके बाद शहीद भगत सिंह चौराहे होते हुए वापस मैरिज हॉल में शोभा यात्रा समाप्त की गई।जहां पर किन्नरों द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर चाक का पूजन किया। चाक लेकर आए हाजी काली व हाजी मुन्ना किन्नर सिर पर रखकर पहुंचीं।

जहा पर शहर की किन्नर दिव्या नायक व उनके गुरु हाजी पप्पू द्वारा मथुरा से पधारे गुरुओं का स्वागत किया गया।इस मौके पर देश के कोने कोने से आए किन्नरों ने शहर के लोगों के लिए अमन चैन सुख शन्ति के लिए दुआएं की।कलश यात्रा के दौरान पूर्व चेयरमैन शकीला किन्नर मोठ, हाजी अनारकली दवोय, शबनम, शैलजा, मीना किन्नर मौजूद रहे। वही कलश यात्रा में पुलिस ने सुरक्षा के व्यापक पैमाने पर इंतजाम किए गए थे।

## शॉर्ट सर्किट के चलते ऑटो में आग लगी बाल बाल बची सवारिया

**उरई।** सवारिया लादकर जा रहे हैं ऑटो में अचानक शार्ट सर्किट के चलते आग लग गई जिससे ऑटो धू धू कर जलने लगा ऑटो को जलता देख चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए ऑटो छोड़ दिया और सभी लोग ऑटो के बाहर निकल आए गनीमत यह रही कि कोई भी हताहत नहीं हुआ वहीं सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से ऑटो में लगी आग को बुझाया। शनिवार दोपहर को कदौरा से सवारियां लेकर एक ऑटो कालपी की ओर जा रहा था। इस दौरान जब आटो नेशनल हाईवे के जोल्हूपुर मोड़ के पास रेलवे क्रॉसिंग से गुजर रहा था। तभी शॉर्ट सर्किट से उसमें आग लग गई। देखते ही देखते ऑटो आग का गोला बन गया जिससे मौके पर हड़कंप मच गया। गनीमत यह रही कि समय रहते ड्राइवर व उसमें बैठी सभी सवारियां कूदकर बाहर निकल आई। बीच रोड पर आग का गोला बनी ऑटो की वजह से रेलवे क्रॉसिंग के पास यातायात बाधित रहा। पूरी तरह से ऑटो जलने के बाद यातायात दुरुस्त हो पाया।

## चार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**उरई।** शहर कोतवाली क्षेत्र के नया पाठक पुरा निवासी देवेंद्र कुमार पुत्र रमेश बाबू ने कोतवाली पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि राम मिलन यादव पुत्र हरिओम निवासी खिरिया बंगदा मध्य प्रदेश और तीन अन्य लोगों ने मिलकर उसकी की आईडी से धोखाधड़ी करके 54212 रुपए निकाल लिए। जब उसको इसकी जानकारी हुई तो उसने बैंक के कर्मचारियों को इसकी जानकारी दी। इसके बाद पुलिस ने 4 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

## सड़क पार कर रही महिला को बाहर ने टक्कर मारी मौत

■ कालपी कोतवाली क्षेत्र के कस्बा जोल्हूपुर की घटना




**दैनिक भास्कर, उरई।** सड़क पार कर रही महिला को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे वह चलकर सड़क किनारे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। वाहन तेज रफ्तार होने के कारण उसको गंभीर चोटें आई लहूलुहान हालत में पड़ी महिला को दें वहां पर लोगों की भीड़ लग गई और उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां पर उसकी नाजुक हालत देखते हुए उसे कानपुर रेफर कर दिया। रास्ते में महिला ने दम तोड़ दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही महिला की मौत की सूचना जैसे ही घर वालों को मिली घर में कोहराम मच गया। पुलिस टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश कर रही है। कालपी कोतवाली क्षेत्र के जोल्हूपुर गांव के मजरा मोतीनगर निवासी अमित की पत्नी राधा 35 वर्ष अपने घर के सामने हाइवे रोड से गुजर रही थी। तभी तेज़ रफ़्तार वाहन के चालक ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। घायल अवस्था में महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कालपी में भर्ती कराया गया। जहां से उसे कानपुर रेफर किया गया पर जाते वक्त रास्ते में महिला की मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि महिला खेत से अपने घर पर लौट रही थी। हादसे के बाद मौके से भागे ड्राइवर व वाहन की तलाश पुलिस ने शुरू कर दी है।

## अनियंत्रित होकर ट्रक सड़क किनारे पलटा खलासी घायल अस्पताल में भर्ती


सड़क किनारे पलटा पड़ा ट्रक

**उरई।** अनियंत्रित आज घर जा रहे ट्रक का चालक संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क किनारे जाकर पलट गया। ट्रक पलटा देख वहां पर लोगों की भीड़ लग गई। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक के अंदर फंसे खलासी को बड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला और उसे अस्पताल पहुंचाया। जहां पर उसका उपचार चल रहा है। झांसी बालू लादकर शनिवार की सुबह एक ट्रक कानपुर की ओर जा रहा था। इस दौरान जैसे ही वह आटा थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे से स्थित चमारी नाला के पास से गुजरा तभी चालक का ट्रक से सन्तुलन बिगड़ गया। रफ़्तार इतनी थी कि ट्रक डिवाइडर पर चढ़कर दूसरे मार्ग पर पहुँच गया और गेंहू लदे ट्रैक्टर ट्रॉली में टक्कर मारकर खंदक में पलट गया। टक्कर लगते ही ट्रॉली भी पलट गई। गेंहू की बोरिया हाइवे पर बिखर गई। गनीमत यह रही ट्रैक्टर चालक इरफान सुरक्षित बच गया। वही ट्रक चालक विवेक कुमार 25 वर्ष निवासी महाराजगंज व हेल्पर आलोक केबिन में फस गया। घटना से मौके पर हड़कंप मच गया और सूचना पर पहुँची पुलिस ने खून से लथपथ चालक व खलासी को बाहर निकल और गम्भीर हालत में जिला अस्पताल भर्ती कराया। जहाँ विवेक की हालत नाजुक बताई जा रही है।

## सैकड़ों लोगों से हजारों रुपए की उगाही कर चुका संविदा पर तैनात लाइन मैन

■ अधिकारियों से शिकायत के बाद भी नहीं हुई कोई कार्यवाही लोगों ने ऊर्जा मंत्री को भेजा पत्र



कदौरा स्थित खाली पड़ा बिजली विभाग का ऑफिस।

**दैनिक भास्कर, कदौरा(जालौन)।** कस्बे मे दर्जनो लोगो ने मुख्यमत्री से लेकर ऊर्जा मंत्री तक ग्रमीणों ने लाइन मैन के खिलाफ शिकायती पत्र भेज कर उसकी सविदा समाप्त करने के लिए आवाज उठाई, लेकिन विधुत विभाग कर कर्मचारी व अधिकारी है कि मानते ही नही आकंठ भ्रस्टाचार में डूबे इस विभाग का कोई पुरसाहाल नही अभी कुछ दिन पहले ही विभाग के संविदा कर्मियों के ऊपर कई आरोप नगर वासियो ने लगाए थे एक बार फिर संविदा कर्मी कलीम खान के ऊपर उपखंड अधिकारी तथा अधिशाषी अधिकारी से लेकर जिलाधिकारी चांदनी सिंह तक शिकायती पत्र देकर उक्त व्यक्ति के खिलाफ कार्यवाही की मांग की गई है। पंडौरा निवासी किसान राम शंकर पुत्र सुखदेव प्रसाद ने मुख्यमंत्री ऊर्जामंत्री से लेकर जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए। आरोप लगाया कि मेरा नलकूप का विधुत संयोजन मेरी पुत्री सुनीता देवी के नाम पर है। उक्त संविदा कर्मी कलीम खान ने उससे बिल जमा करने के लिए 35 हजार रुपये लिए थे। जिसकी उसने 15 हजार रुपये की बिल जमा की रशीद दी। बांकी का पैसा आज तक नही दिया और उक्त किसान के घरेलू कनेक्सन भी है जो अटल ज्योति योजना के तहत फ्री हुआ था। उक्त संविदा कर्मी ने उस पर भी झूँठा बिल दिखाकर उससे 20 हजार रुपये की ठगी कर ली। उस पैसे का भी पूरा हिसाब नही दिया जब उक्त पीड़ित व्यक्ति ने कलीम खान से कहा तो वह चोरी की लाइट जलाने के आरोप में झूँठ मुकदमा तथा जेल में भेजने की धमकी दे रहा है सैकड़ो बार पैसा मांग चुके है लेकिन बो गुंडागर्दी दिखा कर भाग जाता है पीड़ित व्यक्ति के द्वारा बताया गया कि विभागीय अधिकारी मौन साध लेते है अब शिकायत करे तो किससे करे जिलाअधिकारी चांदनी सिंह को शिकायती पत्र देते हुए न्याय की गुहार लगाई है ।

इसके पहले भी नगर के वासियो ने उपजिलाधिकारी के समक्ष पहुचकर उक्त संविदा कर्मी कलीम खान के भ्रस्टाचार व जबरन उगाही तथा सुविधा शुल्क लेकर काम करने की भी कई शिकायतें की जा चुकी है लेकिन पहुच वाले उक्त संविदा कर्मी कलीम अहमद के सर पर अधिकारियों का हाथ है जो उनका गलत तरीके से इस्तेमाल कर रहा है अधिकारी क्यो है चुप कोई कारबाही क्यो नहीं की जाती उसके खिलाफ अभी तक दर्जनो शिकायती पत्र भेजे जा चुके है अभी तक कोई सुनवाई क्यो नहीं हुई क्या सारे खेल मे अधिकारी भी जिम्मेदार है।

## पुलिस ने अभियान चलाकर शराब के साथ चार को पकड़ा

**उरई।** एसपी के निर्देशन में जिले में चलाए जा रहे अवैध शराब की धरपकड़ के क्या बिहार के चलते पुलिस ने 4 लोगों को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार कर उनके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर उन्हें जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक रवि कुमार के निर्देशन में जालौन कोतवाली के उपनिरीक्षक कल्लू प्रसाद ने कस्बा में छापा मारा जहां से मोहम्मद तालिब पुत्र मोहम्मद नईम निवासी मोहल्ला चुर्खी वालों को गिरफ्तार कर लिया जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 20 देसी शराब के क्वार्टर बरामद हुए वही चर्चा का लाल के उप निरीक्षक शैलेंद्र सिंह ने कस्बे में छापा मारकर पप्पू पुत्र वीर सिंह को गिरफ्तार कर लिया जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 12 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई आटा थाना के उप निरीक्षक अनिल कुमार आटा के ग्राम जरुआ में छापा मारा जहां से भानु प्रताप पुत्र राम को गिरफ्तार कर लिया उसके पास से 28 शराब क्वार्टर बरामद हुए। वही कदौरा के ग्राम बबीना में छापा मारा। जहां से नमिता पत्नी अमित कबूतरा को गिरफ्तार कर लिया।

# सार सुर्खियां

## डरने की नहीं, कोविड प्रोटोकॉल पालन करने की जरूरत है: सीओ

■ सीओ कोंच ने कार्यालय स्टाफ के अलावा फरियादियों को भी बांटे मास्क

**कोंच।** विश्व के कई देशों में कोरोना के तेजी से बढ़ते मामलों को देखते हुए भारत सरकार ने भी देशवासियों से एहतियात बरतने का आग्रह किया है और कोविड से संबंधित एडवाइजरी जारी कर कोरोना से बचाव के आधारभूत ढांचे मास्क, सेनेटाइजर, सोशल डिस्टेंसिंग आदि को दुरुस्त करने की कवायद आरंभ हो गई है। शासन द्वारा जारी आदेशों के अनुपालन व पुलिस महानिरीक्षक द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों के तहत सीओ शैलेंद्र कुमार वाजपेयी ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में काम करने वाले स्टाफ सदस्यों तथा वहां आए फरियादियों को भी अपने हाथों से मास्क वितरित किए। सीओ ने कहा कि कोरोना को लेकर शासन और स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करें और स्वयं की जागरूकता से कोरोना जैसी वैश्विक महामारी से खुद को और अपने प्रियजनों को बचाएं। उन्होंने कहा कि जरा सी भी लापरवाही जिंदगी पर भारी पड़ सकती है, इसलिए घर से बाहर निकलते समय मास्क जरूर लगाएं, समय समय पर सेनेटाइजर का उपयोग करें व सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें। सीओ ने बताया कि सर्किल के सभी थानों को कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने के निर्देश दे दिए गए हैं।

## तीन थानों में आईं 13 शिकायतों में 3 का मौके पर हुआ निस्तारण

**कोंच।** आम लोगों की समस्याओं खासतौर पर राजस्व से जुड़ी समस्याओं के निराकरण के लिए महीने के चौथे शनिवार को सर्किल के तीन थानों में कुल 13 शिकायतें आईं जिनमें से 3 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया जबकि शेष में टीमें बनाई गई हैं जो मौकों पर जाकर समस्या की प्रकृति समझ कर उनका निस्तारण करेंगी। कोतवाली में एसडीएम कृष्ण कुमार सिंह की अध्यक्षता एवं सीओ शैलेंद्र कुमार वाजपेयी की मौजूदगी में समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें आईं आठ शिकायतों में एक का मौके पर निस्तारण किया गया। अधिकारियों ने अपने अधीनस्थों को ताकीद की कि पुलिस और राजस्व विभाग बेहतर समन्वय स्थापित करके समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण समाधान करें। एक ही समस्या बार बार इस पटल पर नहीं आना चाहिए। इस दौरान एसडीएम कृष्ण कुमार सिंह, सीओ शैलेंद्र कुमार वाजपेयी, कोतवाल नागेंद्र कुमार पाठक, इंस्पेक्टर क्राइम वीरेंद्र सिंह, सागर चौकी इंचार्ज संजय सिंह पाल, मंडी चौकी इंचार्ज सुनील कुमार सैनी, खेड़ा चौकी इंचार्ज सर्वेश कुमार यादव, एसआई राजकुमार, एसआई लालबहादुर यादव, सदर लेखपाल अखिलेश कुमार, नगर पालिका से आरआई सुनील कुमार आदि मौजूद रहे। नदीगांव थाने में आयोजित समाधान दिवस में चार शिकायतें आईं जिनमें दो का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। एसएचओ वीरेंद्र सिंह पटेल ने समस्याएं सुनी। कैलिया थाने में एसएचओ नरेंद्र प्रताप गौतम की अध्यक्षता में संपन्न समाधान दिवस में महज एक शिकायत आई।

## सरकारी चकरोड पर मिट्टी डालकर अतिक्रमण करने की शिकायत की

**कोंच।** तहसील क्षेत्र के धनौरा गांव में कतिपय दबंग द्वारा सरकारी चकरोड पर मिट्टी डालकर अतिक्रमण कर लिए जाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने शिकायत करते हुए एसडीएम से कार्रवाई किए जाने की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धनौरा निवासी कुलदीप सिंह व रणजीत सिंह ने शनिवार को एसडीएम कृष्णकुमार सिंह को शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव में स्थित कन्या पाठशाला के समीप सरकारी चकरोड पर एक दबंग ने चार पांच ट्रॉली मिट्टी डाल कर अतिक्रमण कर लिया है जिससे आवागमन में लोगों को असुविधा हो रही है। खेतों पर कृषि यंत्र लाने ले जाने में भी भारी परेशानी हो रही है। शिकायतकर्ताओं ने उक्त मामले में एसडीएम से कार्रवाई कर अतिक्रमण हटवाए जाने की मांग की है।

## सुमन की पांचवीं बरसी पर सुंदरकांड का सामूहिक पाठ किया

**कोंच।** नगर के जाने माने समाजसेवी एवं गल्ला व्यवसायी जयप्रकाश सोनी की धर्मपत्नी स्व. श्रीमती सुमन सोनी की पांचवीं बरसी पर शनिवार को सुंदरकांड के संगीतमय सामूहिक पाठ एवं भंडारे का आयोजन किया गया। शनिवार दोपहर मोहल्ला जयप्रकाश नगर स्थित पोद्दार भवन में गौरी गणेश पूजन के साथ संगीतमय सुंदरकांड पाठ प्रारंभ हुआ जिसमें नगर के तमाम गणमान्य लोगों ने सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित किया। देर शाम पाठ समापन पर भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें तमाम भक्तों ने प्रसाद छका। इस दौरान जयप्रकाश सोनी, सुरेश, प्रमोद, ओमप्रकाश, अरुण, शंभूदयाल, शैलेष, संजय, सुधीर, सचिन, संजीव, अमित, पवन, सुबोध, अभिषेक, अनिल, कुलदीप, सावन, शुभ, लाभ, अंबर, दर्श, रेनू, सपना, अंजली, मीरा, गीता, सुधा, मधु गुप्ता, संतोषी, सुनीता, हरिश्चंद्र तिवारी, सुशील दूरवार मिरकू आदि मौजूद रहे।

## शराब व वियर की दुकानें चेक कीं आबकारी टीम ने

**कोंच।** आबकारी टीम ने शनिवार को नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में खुली देसी व अंग्रेजी शराब तथा वियर की दुकानों का निरीक्षण कर अभिलेख जांचे और स्टॉक का मिलान किया।

आबकारी निरीक्षक मनोज यादव ने शनिवार को अपनी टीम के साथ क्षेत्र के ग्राम पड़री स्थित देसी मदिरा के ठेके पर पहुंचे जहां उन्होंने शराब की दुकान का निरीक्षण कर स्टॉक व बिक्री रजिस्टर देखा और सेल्समैन से आवश्यक पूछताछ की। इसके बाद नगर में स्थित शराब की दुकानों पर पहुंचकर उन्होंने दुकान में रखी शराब की बोतलों को देखकर सही तरीके से इन बोतलों का रखरखाव करने की हिदायत सेल्समैन को दी। गांधी नगर स्थित एक वियर की दुकान पर प्रिंट रेट से अधिक रेट पर शराब बेचे जाने की लगातार मिल रहीं शिकायतों को लेकर आबकारी निरीक्षक ने उक्त वियर की दुकान का भी निरीक्षण किया। उन्होंने दुकान के बाहर रेट सूची चस्पा करने के निर्देश देते हुए कहा कि दुकान के अंदर बैठाकर किसी को भी शराब न पीने दें। इस दौरान इंद्रेश कुमार, विनय मिश्रा, राम कुमार आदि विभागीय कर्मी मौजूद रहे।

## अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा शोक सभा की

**उरई।** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा जिला जालौन के द्वारा सुरेंद्र सिंह यादव मौखरी पूर्व जिला पंचायत सदस्य का आकस्मिक निधन हृदय गति रुकने के कारण उनका देहावसान हो गया था इसके संबंध में आज शोक सभा का आयोजन जिलाध्यक्ष भारतवर्षीय यादव महासभा वेद प्रकाश यादव की अध्यक्षता मे और संचालन शिवपाल यादव के द्वारा किया गया वही जिलाध्यक्ष ने बताया कि आकस्मिक निधन से समाज को अपूर्ण क्षति हुई है समाज के होने के उपरांत सर्व समाज के हित में कार्य करने वाले समाजसेवी नेता थे जिन्होंने हर समय गरीब मजदूर और असहाय लोगों को मदद करने के लिए तत्पर तैयार रहते थे अपने पीछे अपने माता-पिता बड़े, भाई तथा पुत्र, पुत्री, पत्नी को छोड़कर चले गए हैं उनके परिवार को इस दुख की घड़ी में कामना करते और परिवार को दुख सहन करने का आग्रह करते हैं अतः शोक सभा द्वारा किए गए कार्यों के संबंध में सोनेश्वर यादव द्वारा प्रकाश डाला गया तथा सभा के उपरांत में सभी लोगों ने उनकी आत्मा की शांति हेतु 2 मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की तथा सभा का विसर्जन किया गया शोक सभा में समाजिक तथा गणमान्य लोग उपस्थित रहे मनीराम यादव, रूप सिंह यादव, साहब सिंह यादव ,जयदेव सिंह यादव ,बृजराज सिंह रिछारा,सूरज सिंह, टिंकू यादव ,राजकुमारी यादव, सुनील यादव ,भारत सिंह यादव ,यशपाल यादव ,विशाल सिंह ,रमेश यादव, जितेंद्र यादव ,मुकेश यादव, राम जी यादव, विजय यादव, गंधर्व यादव ,सोहिल मंसूरी, बीनू यादव, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

जो कमज़ोर होता है वही सदा रोष करता है और द्वेष करता है। हाथी चींटी से द्वेष नहीं करता। चींटी, चींटी से द्वेष करती है।
-महात्मा गाँधी



# पुलिस अधीक्षक ने थाना श्रीनगर का किया गया औचक निरीक्षण



**महोबा (भास्कर ब्यूरो)।** पुलिस अधीक्षक सुधा सिंह द्वारा थाना श्रीनगर जनपद महोबा का औचक निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की साफ-सफाई, बंदीगृह व मालखाना आदि को चेक करने के साथ-साथ थाने के शस्त्रागार तथा थाना कार्यालय में रखे महत्वपूर्ण अभिलेखों अपराध रजिस्टर, चुनाव रजिस्टर, ग्राम अपराध रजिस्टर का बारीकी से निरीक्षण करते हुए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना परिसर के निरीक्षण के दौरान बेतरतीब रुप से खड़ी हुयी गाडियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुये सभी गाडियों को तरतीबवार खड़ी करने के निर्देश दिये गये साथ ही मुकदमाती वाहनों से सम्बन्धित गाडियों को क्रमवार खड़ा करते हुये उस वाहन सम्बन्धित मुकदमें को स्पष्ट रुप से अंकित किये जाने के निर्देश दिये गये । महिला हेल्प डेस्क- मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत व महिला सम्बन्धित शिकायतों का तत्काल संज्ञान लेने व त्वरित कार्यवाही हेतु थाने में संचालित महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा आगामी नगर निकाय चुनाव के सम्बन्ध में पडोसी थानों से सामंजस्य रखते हुये विशेष सतर्कता बरतने के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया । इस दौरान प्रभारी निरीक्षक थाना श्रीनगर राधेश्याम वर्मा, व0उ0नि0 शिवस्वरुप सिंह सहित थाना हाजा पर नियुक्त अधि0/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# ग्राम पंचायत कुआं में उपजिलाधिकारी ने लगाई जन चौपाल



**चरखारी (महोबा)।** चरखारी विकासखंड के ग्राम पंचायत कुआं में प्रशासन चला गांव की ओर अभियान के तहत उपजिलाधिकारी चरखारी श्वेता पांडे ने शीत कालीन निरीक्षण कर ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निदान किया। चकरोड, जमीनों पर अतिक्रमण , बरासात, वृद्धा, विधवा, दिव्यांग पेशन, राशन कार्ड, आदि से संबंधित शिकायतों को सुनकर संबंधित कर्मचारियों को त्वरित निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया,ग्राम सभा कुआं में आयोजित चौपाल में ग्रामीणों को आयुष्मान कार्ड योजना, पात्र गृहस्थी राशन कार्ड की पात्रता व लाभ की जानकारी देने के साथ साथ स्वास्थ्य सम्बन्धी,संचारी, व संक्रमित रोगों से बचाव के साथ गर्भवती महिलाओं के लिए टीकाकरण एवं आवश्यक पोषक आहार की भी जानकारी दी गई,खंड विकास अधिकारी आर के सेठ ने परिवार रजिस्टर में नाम दर्ज कराए जाने से संबंधित जानकारी, मनरेगा कार्य की जानकारी, प्रधानमंत्री आवास आदि की जानकारी दी गई, ग्राम पंचायत कुआं में आयोजित जन चौपाल में तहसीलदार डॉक्टर संजीव कुमार राय व नायब तहसीलदार पंकज गौतम ने विवादित, अविवादित वरासत का निस्तारण खुली बैठक में किया,ग्राम पंचायत कुआ में आयोजित जन चौपाल में अधिकारियों के ग्रामीणों से सौहार्दपूर्ण व्यवहार एवं ग्रामीणों की समस्याओं का उनकी ग्राम पंचायत में ही निस्तारण होने से ग्रामवासी बेहद प्रभावित हुए, ग्राम पंचायत कुआं की जन चौपाल सभा में ग्राम प्रधान, गांव सचिव आदित्य सिंह, दरोगा सुशील कुमार, लेखपाल, आदि मौजूद रहे।

# गर्भवती महिला ने परिजनों द्वारा मारपीट का लगाया आरोप

**अजनर (बेलाताल)।** थाना अजनर क्षेत्र में इन दिनों दबंगों के हौंसले बुलंद है पीड़ित ने पुलिस द्वरा कोई कार्यवाही न करने के लगाये आरोप । मामला अजनर थाना क्षेत्र के ग्राम बसरिया का है जहां पर विगत दो दिवस पूर्व पीड़ति विद्या पत्नी जुगल किशोर ने थाने में जाकर शिकायती पत्र सौंप कर शिकायत कि थी जिसमे उल्लेख करते हुए आरोप लगाया था की उनके चचेरे परिजन रामचरण पुत्र हल्के 70 वर्ष, भारत पुत्र श्रीपतसहाय 18 वर्ष, आरती पुत्री श्रीपत सहाय व भारती पुत्री श्रीपत सहाय 25 वर्ष, रामदेवी पत्नी श्रीपत सहाय 45 वर्ष इन सभी ने गाली गलौज व मारपीट की है लेकिन 3 दिन बीत जाने के बाद भी पीडितो को कोई सुनवाई नहीं हुई और पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है । जिससे दबंगो हौसले बुलंद है और पीड़ित द्वारा पुलिस को शिकायत करने पर दबंगों से जान से मारने की धमकी दी जा रही हैं । लेकिन पुलिस दबंगो पर कोई भी कार्यवाही करने से परे है

# पठान फिल्म को बैन कराने एवं कान्हा गौशाला चरखारी में गौवंशो की दुर्दशा पर विश्व हिन्दू महासंघ के पदाधिकारियों ने सौपा ज्ञापन



**चरखारी (महोबा)।** चरखारी में विश्व हिन्दू महासंघ गौरक्षा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने पठान मूवी मैं शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण पर फिल्माए गए दृश्य जिसमें भगवा कपड़े पहन कर आपत्तिजनक दृश्य दिए गए हैं से आक्रोशित विश्व हिंदू महासंघ गोरक्षा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों द्वारा मुख्य मंत्री योगी जी को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी चरखारी के माध्यम से भेजा गया है, ज्ञापन के माध्यम से विश्व हिन्दू महासंघ के पदाधिकारियों ने पठान फिल्म को बैन कराने की माँग की है एवं हिन्दू धर्म की भावनाओं को आहत करने वाले फिल्म के निर्माता और निर्देशकों के साथ फिल्म कलाकारों पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है कहा कि हिन्दू धर्म व भगवा रंग का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जायेगा, भगवा रंग हिंदू धर्म की आस्था से जुड़ा हुआ है, फिल्म में भगवा रंग के कपड़े पहनाकर किए गए अर्धनग्न फिल्मांकन से हिंदुओं की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं, इसलिए इस फिल्म को हर हाल में बैन होना चाहिए, इसके अलावा विश्व हिन्दू महासंघ के पदाधिकारियों ने उपजिलाधिकारी को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि कान्हा गौशाला चरखारी की दुर्दशा के कारण अनेकों गौवंशो की मौतें प्रतिदिन होती है जिस पर उप जि ला धि का री महोदय ने आश्वासन दिया है कि गौशाला की व्यवस्थाएं ठीक कराई जायेगी मौके पर गर्जन सिंह( जिला प्रभारी विश्व हिन्दू महासंघ गौरक्षा प्रकोष्ठ) ,हरिचरन कुशवाहा जिलाउपाध्यक्ष, वीर विक्रम जिला महामंत्री, दीपक सिंह जिला मीडिया प्रभारी, विवेक कुमार त्रिपाठी ब्लॉक अध्यक्ष, आशाराम कुशवाहा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत चौबीस विद्यालयों को नामित




**महोबा (भास्कर ब्यूरो)।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर डीके गर्ग एवं नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य विभाग डॉ वी के चौहान के निर्देशन में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत दिनांक 10 दिसम्बर से स्कूल एवं कॉलेज कार्यक्रम आज कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय चरखारी मे कॉपिंग स्किल्स , तनाव प्रबंधन ,आत्महत्या का विचार आना एवं मानसिक समस्याएं तथा मन दूत एवं मनपरी नामित किया जाना आदि कार्यक्रम के लिए 24 विद्यालयों को नामित किया गया । जिसके अंतर्गत वर्कशॉप (जन जागरूकता) का आयोजन किया जा रहा है जिसमें मानसिक स्वास्थ्य इकाई की टीम द्वारा प्रेमदास मनोचिकित्सकी सामाजिक कार्यकर्ता एवं अंकिता गुप्ता नैदानिक मनोवैज्ञानिक जो मानसिक समस्याओं के विषय में जानकारी देते हुए जैसे नींद न आना, बुद्धि का कम विकास होना, उलझन , घबराहट, मिर्गी के दौरे, किसी कार्य को बार-बार करना, साफ-सफाई अधिक करना मन में उदासी पढ़ाई में मन न लगना, नकारात्मक विचार आना आत्महत्या के विचार आना, भूत प्रेत के साया का डर लगना, मोबाइल का अधिक प्रयोग करना, नशा करना आदि, मानसिक उपचार तथा तनाव प्रबंधन आदि के विषय में जानकारी दी गई एवं राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार द्वारा चलाए गए मानसिक स्वास्थ्य टेली मानस हेल्पलाइन नंबर 14416 एवं 1800-891-4416 आदि नंबर पर फोन कर मानसिक समस्याओं से संबंधित जानकारी प्राप्त की जा सकती है आदि के विषय में जानकारी दी गई साथ ही मानसिक स्वास्थ्य मन कक्ष जिला चिकित्सालय महोबा का हेल्पलाइन नंबर 7309 72 4176 तथा मरीजों को जिला चिकित्सालय महोबा में सोमवार बुधवार शुक्रवार सुबह 8:00 बजे से 2:00 बजे तक देखा जाता है आदि के विषय में जानकारी दी गई एवं वहां पर उपस्थित समस्त विद्यार्थियों मैं से मन दूत एवं मन परी आदि के बारे में जानकारी देते हुए प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम कर दो छात्रा को नामित किया गया नामित किया गया मन परी मुस्कान तथा नंदिनी एवं कार्यक्रम में अनीता प्रधानाचार्य पूनम द्विवेदी पूजा नम्रता मिथिलेश एवं पंपलेट पोस्टर गिफ्ट वितरित किए गए 100 छात्रा तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गुरसराय में पधारे प्रथम बार महामुनि राज की बागवानी में उमड़ा जन सैलाब



**गुरसरांय।** धन्य धन्य हो उठी गुरसराय की धारा जब जीवन है पानी की बूंद महाकाव्य के मूल रचयिता परम पूज्य भावलिगी आदर्श श्रमणाचार्य गुरुवर श्री 108 विमर्शसागर जी महामुनि राज नगर में पधारे पूज्य आचार्य श्री के प्रथम नगरआगमन पर भक्तों का विशाल जनसैलाब उमड़ा और स्थान स्थान पर भक्त परिवार द्वारा गुरुवर का फासुकजल से पाद प्रक्षालन कर अपने सौभाग्य का वर्धन किया नगर के प्रमुख मार्गो से आचार्य श्री ने अपने विशाल चतुविध संघ सहित पद बिहार करते हुए श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर भक्त और श्रद्धालुओं ने आचार्य संघ का मांगलिक आगवानी और स्वागत किया परम पूज्य आचार्य श्री सन 2022 गाजियाबाद चतुर्मास के बाद पदभार करते हुए उत्तर प्रदेश होते हुए अपनी जन्म भूमि मध्य प्रदेश जतारा की ओर जा रहे हैं गुरसराय में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए आचार्य श्री ने कहा महावीर भगवान ने जन्म लिया हमने भी जन्म लिया विक्रम करते थे हम भी कर्म कर रहे हैं लेकिन कर्म में अंतर है हम जो कर्म करते हैं वह कर्म बांधने के लिए करते हैं भगवान महावीर ने कर्म किया तो कर्म बांधने के लिए नहीं यद्यपि कर्म काटने के लिए किया आचार्य श्री ने आगे कहा भो जीना गम पंथी आत्माओं आचार्य कुंदकुंद ने कहा आगम चक्षु साधु अर्थात आगम ही निर्गत बीत रागी साधु की आंखें हैं मैं वही दो नेत्र धारण करके अपने जीवन में आया हूं इस देश में दो मित्र तो कर्म से मिलते हैं लेकिन आगम रूपी नेत्र धर्म से प्राप्त होते हैं जीनागम पंत का अर्थ बताते हुए आचार्य श्री ने कहा जिन अर्थात जिनेंद्र देव आगम अर्थात श्री जिन देव की वाणी और पंथ का अर्थ है धर्म मार्ग यह सच्चे देव सच्चे शास्त्र और सच्चा धर्म सदा काल जयवत हो।

**आज मनाया जा रहा है आठवां शक्ति भक्ति सिद्धि दिवसः** परम पूज्य आचार्य श्री के नगर आगमन पर जैन समाज विनम्र निवेदन पर आचार्य श्री ने मंगल आशीर्वाद प्रदान किया 25 दिसंबर 2022 रविवार को श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में प्रातः काल श्री शक्ति भक्ति सिद्धि दिवस मनाया जाएगा इस अवसर पर आगरा ग्वालियर मुरैना गाजियाबाद ललितपुर जतारा टीकमगढ़ रानीपुर चिरगांव जैन समाज के लोग और नगर के अध्यक्ष सकल दिगंबर जैन समाज चक्रेश जैन महेंद्र सिंधई निहाल सिंधई जैन जैन प्रकाश चंद जैन नवीन जैन राजकुमार जैन राजीव जैन सुधीर जैन सचिन जैन छोटू जैन बॉबी जैन मिलाप जैन जिनेश जैन सुनील जैन डीकु सीटू जैन दीपक जैन छम्मा जैन शिखर जैन सुता वाले प्रथम जैन आदि जैन समाज के लोग उपस्थित रहे।

# विद्यालय के रख रखाव को पूरी मदद होगी: विधायक



**गुरसराय।** निपुण भारत के अंतर्गत विकासखंड गुरसरांय द्वारा साक्षरता एवं आंकिक ज्ञान के लिए ग्राम प्रधान स्थानीय प्राधिकारी जनप्रतिनिधियों एवं निकाय के सदस्यों की ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी ब्लॉक संसाधन केंद्र में संपन्न हुआ, जिसमें भारत सरकार के द्वारा चलाए जा रहे निपुल भारत के अंतर्गत विद्यालयों के कायाकल्प तथा बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता पर बल दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में क्षेत्रीय विधायक जवाहर लाल राजपूत, विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि टीकाराम पटेल, भाजपा के जिला महामंत्री बद्री प्रसाद त्रिपाठी, शिक्षक नेता करन सिंह जूदेव ,एसआरजी धर्मेंद्र चौधरी,पूर्व शिक्षक चंद्रभान यादव आदि उपस्थित रहे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी जगत सिंह राजपूत ने की। दीप प्रज्वलन के बाद कस्तूरबा विद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। स्वागत भाषण में बोलते हुए खंड शिक्षा अधिकारी जगत सिंह राजपूत ने कहा कि कायाकल्प के लिए वह बराबर प्रयासरत रहें और उन्होंने विधायक निधि से मांग करके बच्चों को फर्नीचर उपलब्ध करवाने एवं विद्यालयों की चहार दीवार बनवाने की मांग की, जिससे ब्लॉक 100% कायाकल्प के अंतर्गत आ जाए। उन्होंने ग्राम प्रधानों का भी आह्वान करते हुए कहा कि वह प्रधान अध्यापकों का पूर्ण सहयोग करें जिससे विद्यालयों की गुणवत्ता सबसे अग्रणी रहे। मुख्य अतिथि के रुप में बोलते हुए क्षेत्रीय विधायक जवाहर लाल राजपूत ने कहा कि वह हमेशा विकास के लिए प्रयासरत हैं। शिक्षकों का जो दायित्व है उसे आप पूर्ण करें ।अध्यापक समाज के निर्माता है उनका लोग अनुसरण करें ।कठिन कार्य करने से ही प्रशंसा समाज में होती है ।उन्होंने कहा धन की कभी कहीं आड़े नहीं आने दी जाएगी। विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख टीका राम पटेल ने कहा कि शिक्षक ब्रह्मा के समान निर्माण करता है ।बच्चे स्वयं घर में जाकर बताएं कि हमारे अध्यापक ने हमें अच्छा पढ़ाया है इससे अच्छा और जीवन में कुछ नहीं हो सकता है। हम अच्छा कार्य करेंगे तो हमारा सभी प्रशंसा करेंगे ।भाजपा के जिला महामंत्री बद्री प्रसाद त्रिपाठी ने कहा कि गुरुओं में अनंत क्षमता है उनका उपयोग करें और निपुण शिक्षक मिशन को पूर्ण सहयोग करें ,जिससे केंद्र सरकार एवं प्रदेश सरकार के सपनों को पूरा किया जा सके । मंच का संचालन नरेंद्र शर्मा एवं धर्मेश साहू ने किया। अतिथियों का स्वागत ए आर पी राजेश सेन आलोक दुबे, अवधेश तिवारी,लेखाकार सुनील नगाइच, शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अविनाश गोस्वामी, रवि अग्निहोत्री, आदर्श द्विवेदी, उमाशंकर शर्मा, साजेन्द्र त्रिपाठी आदि ने किया। इस मौके पर अनिल कौशिक, कुंज बिहारी अरजरिया, सुधीर त्रिपाठी, इंद्रपाल सिंह घोष, अनिल मिश्रा उत्तम पटेल, अनुभव जैन, राजकुमार झा, चंद्र शेखर शर्मा, धर्मेंद्र अग्रवाल, शिव नाथ सिंह घोष,अबधेश खरे, अवध राजपूत, राजेश त्रिपाठी, नजीम खान, सुधीर गौतम जय सिंह नापित, अशोक वर्मा, अश्वनेन्द्र तिवारी, जगत सिंह कुशवाहा, कैलाश चंद्र सोनी, राजकुमारी यादव, विनोद श्रीवास, मधुर यादव, विनोद रावत, ललित पटेल, लक्ष्मीप्रसाद विश्वकर्मा ग्राम प्रधान राजू पाठक आमली, सर्वेश हैवत पुरा, राजू लखावती, मनोज यादव खड़ौरा सहित ब्लॉक के कई अध्यापक उपस्थित रहे।

## सार सुर्खियां

### अभाविप के कार्यकर्ताओं ने बीमार पढ़ी गाय का कराया तुरंत उपचार

**गुरसरांय ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गुरसराय जिला झांसी के कारकर्ताओं ने मानवता का परिचय दिखाते हुए समाज के आगे एक मिशाल पेश की है नगर गुरसराय के पच्चीसा मुहल्ले में लस्त पढ़ी गाय पर जब प्रदेश कार्यकारणी सदस्य और तहसील संयोजक गरौठा हरीशचंद्र नायक और नगर मीडिया संयोजक आयुष त्रिपाठी की नजर पढ़ी तो उन्होंने तुरन्त डॉक्टर को कॉल किया और गौ माता का उपचार कराया। मोहल्ला वासियों ने बताया कि गाय 4 घण्टे से लस्त पढ़ी है किसी का उस ओर ध्यान नहीं गया। पशु विभाग के डॉक्टरों द्वारा गाय को इंजेक्शन लगाया गया तथा गाय को घास खिलाकर दवाई दिलवाई। मुहल्लावासियों ने बताया कि गाय को देखकर ऐसा लगता है कि गाय को डंडों से पीटा है किसी ने और गाय की पीठ पर चोट के निशान थे। प्रदेश कार्यकारणी सदस्य और तहसील संयोजक गरौठा हरिशचंद्र नायक ने कहा कि लोग आते-जाते उसको देखते रहे और मुंह फेर लेते थे। जब हमारी नजर पढ़ी तो वह तुरंत उसकी सेवा व इलाज कराने लगे। नगर मीडिया संयोजक आयुष त्रिपाठी ने कहा जाति, धर्म व गो माता के नाम पर मर मिटने का दम भरने वाले तो बहुत हैं। पर जब वहीं गो माता कहीं घायल पड़ी कराह रही होती हैं, तो उनके दर्द को महसूस करने वाले बिरले ही मिलते हैं। जहां हम लोगो ने घायल गाय का तुरंत उपचार कराया।

### समाजहित में किए गए कार्यों की लोगों ने की सराहना

**गुरसराय।** समाजसेवी राम कुमार शिवहरे की पुण्यतिथि पर स्थानीय एक विवाह वाटिका में रामचरितमानस का पाठ एवं धार्मिक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें उनके द्वारा समाजहित में किए गए कार्यों की लोगों ने सराहना की । कार्यक्रम की अध्यक्षता ठाकुरदास तिवारी ने की ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ ख्याल गायक सेठ राघवदास एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व प्रधानाचार्य के के तिवारी उपस्थित रहे ।कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ प्रतिज्ञा गुप्ता की वाणी वंदना से हुआ। इसके बाद वक्ताओं ने रामचरित मानस एवं सुंदरकांड के माध्यम से संगोष्ठी कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी ।कार्यक्रम का संचालन पूर्व प्रवक्ता शिवकुमार तिवारी ने किया। अंत में अखिलेश तिवारी सुट्टा ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम के आयोजक उमाशंकर शिवहरे ने माल्यार्पण करके किया। इस मौके पर चंद्रभान यादव, रघुवीर सिंह यादव, लक्ष्मी नारायण यादव, शिवकुमार पिपरैया, ओपी शर्मा, रामबाबू शर्मा ,मिथुन तिवारी, छुन्ना कोठारी, पीतांबरा शरण शास्त्री, बृजेंद्र खरे, सुरेश नायक, हनुमान प्रसाद, बलराम द्विवेदी, जगदीश प्रसाद द्विवेदी, राम कुमार व्यास, श्रीकांत त्रिपाठी, ओमप्रकाश पंडा, ओमप्रकाश बिलैया आदि उपस्थित रहे।

### बार एसोसिएशन कुलपहाड़ के अध्यक्ष और महामंत्री पद का मतदान संपन्न

**कुलपहाड़ (महोबा)।** बार एसोसिएशन कुलपहाड़ के अध्यक्ष और महामंत्री पद हेतु मतदान शनिवार को सम्पन कराया गया, जिसमें अध्यक्ष पद पर प्रमोद मिश्रा विजई हुए, जबकि महामंत्री पद पर दोनों प्रत्याशियों को बराबर मत मिलने के कारण दोनों छह छह महीने के लिए महामंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बार एसोसिएशन कुलपहाड़ में चुनाव प्रक्रिया चल रही थी, जिसमें अध्यक्ष और महामंत्री पद को छोड़कर वाकी पदों पर निर्वाचन निर्विरोध संपन्न हो गया था। शनिवार को अध्यक्ष और महामंत्री पद पर मतदान किया गया, जिसमें अध्यक्ष पद पर प्रमोद मिश्रा को 66 मत व अशोक सक्सेना को 64 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार प्रमोद मिश्रा 2 मतों से विजई घोषित किए गए। वहीं महामंत्री पद पर 3 प्रत्याशियों के बीच मतदान हुआ, जिसमें कौशलेंद्र राठौर को 58 एवं विवेक राजपूत को भी 58 मत प्राप्त हुए। जबकि तीसरे प्रत्याशी प्रमोद कुमार मिश्रा को मात्र 14 मत प्राप्त हुए। महामंत्री पद पर मुक़ाबला टाई होने पर निर्वाचन कमेटी द्वारा दोनों को छह छह माह का कार्यकाल दिया गया। इसके साथ ही 10 वर्ष से अधिक प्रक्टिश करने वाली महिला अधिवक्ता ऊषा यादव को उपाध्यक्ष घोषित किया गया। निर्वाचन कमेटी के अधिकारी केदारनाथ सक्सेना, मनमोहन नामदेव, रघबीर सिंह राठौर, लक्ष्मण सिंह यादव एवं महेश मिश्रा ने बताया कि कुल 130 सदस्यों ने मतदान में भाग लिया है। नई कार्यकारिणी के सदस्यों का कार्यकाल 1 जनवरी 2023 से 31 दिसंबर 2023 तक चलेगा। बार एसोसिएशन के विभिन्न पदों पर विजई हुए पदाधिकारियों को साथी अधिवक्ताओं ने बधाई दी एवं फूल मालाएं पहनाकर से सम्मानित किया। इस अवसर पर पूर्व बार अध्यक्ष भारत सिंह यादव, शिवराम राजपूत, श्याम किशोर सोनी,देवी बाबू राजपूत, देवेंद्र शुक्ला, खेमचंद्र कुशवाहा, सुनील द्विवेदी,बेबी राजा, संयुक्त सचिव दिलीप यादव, हरेंद्रपाल,रविंद्र उपाध्याय, ताहर सिंह,नरेश रिछारिया, बृजेन्द्र द्विवेदी आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

### कोतवाली चरखारी के थाना समाधान दिवस में प्राप्त हुई 7 शिकायतें

**चरखारी (महोबा)।** चरखारी कोतवाली में उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता व क्षेत्राधिकारी की उपस्थिति में किया गया थाना समाधान दिवस का आयोजन बताते चलें कि फरियादियों को त्वरित न्याय दिलाने के उद्देश्य से आज कोतवाली चरखारी मैं उपजिलाधिकारी चरखारी श्रीमती श्वेता पांडे की अध्यक्षता व पुलिस क्षेत्राधिकारी चरखारी अजय अग्रवाल की उपस्थिति में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया, आज के थाना समाधान दिवस में 7 शिकायतें दर्ज की गई, जिसमें कृपाल सिंह पुत्र खुमान सिंह की चक रोड की समस्या, अर्चना पत्नी विवेक त्रिवेदी की मकान खाली कराने के संबंध में, रेखा रानी पत्नी बच्चा द्वारा गाली गलौज व कूड़ा डालने की शिकायत थाना समाधान दिवस में की गई, सभी शिकायतों को उप जिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी पुलिस द्वारा ध्यान से सुनते हुए संबंधित कर्मचारियों को उपरोक्त समस्याओं के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया, शनिवार को थाना समाधान दिवस में कोतवाली चरखारी के समस्त स्टाफ सहित सदर चौकी इंचार्ज प्रवीण सिंह, रिवई चौकी इंचार्ज, गौरहरी चौकी इंचार्ज सहित सदर लेखपाल लक्ष्मण सिंह, रामनरेश, प्रियंका, आदि बड़ी संख्या में राजस्व लेखपाल और राजस्व निरीक्षकों की उपस्थिति रही, उपजिलाधिकारी क्षेत्राधिकारी द्वारा प्राप्त शिकायतों के गुणवत्ता व विधिक, त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया गया |

### नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में सम्पन्न हुई खेल प्रतियोगिता



**खरेला (महोबा)।** नेहरू युवा केन्द्र महोबा, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के जिला युवा अधिकारी विष्णुप्रिया एवं शुभम कुमार के कुशल निर्देशन में ब्लॉक चरखारी के टिकरी गाँव में ब्लॉक स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता 2022-23 का आयोजन को दो दिवस 23 दिसम्बर व 24 दिसम्बर को किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान टिकरी अखिलेश कुमार, अध्यापक शैलेंद्र प्रताप सिंह सेंगर , मोती द्विवेदी, समाजसेवी नीरज सिंह सेंगर व नेहरू युवा केन्द्र के स्वयंसेवक भोला सिंह व मानवेन्द्र सिंह सेंगर उपस्तिथ रहे कार्यक्रम में कुल 3 एकल व 2 सामूहिक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमे से दौड़ में शिवम सिंह द्वारा प्रथम स्थान, लंबी कूद में शिवम सिंह, शॉटपुट में गजराज सिंह, कबड्डी में टिकरी की टीम व रस्सा कस्सी में टिकरी की टीम विजेता रही व खरेला की टीम उपविजेता रही|

दैनिक भास्कर
06 रविवार 25 दिसम्बर 2022 झांसी

# संवाद

जिन्दगी में मनुष्य की आंखें बन्द करने से कभी मुसीबत नहीं टला करती हैं, बल्कि उस मुसीबत का सामना करने से मनुष्य की आंखें खुला करती हैं। - अज्ञात

## कश्मीर में प्रदूषण चिंताजनक

भारत के प्रदूषित शहरों की तुलना में साफ एवं स्वच्छ शहरों की चर्चा होती है तो बरबस ही लोगों की जुबान पर पहाड़ी क्षेत्रों के राज्यों के नाम आ जाते हैं। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पूर्वोत्तर के राज्य या दक्षिणी भारत राज्यों के शहरों का नाम प्रमुखता से लिए जाते हैं। इनमें भी नदी, पहाड़, जंगल और बर्फीली वादियों की अनुपम छटाओं के कारण कश्मीर को तो भारत का स्वर्ग कहा जाता है। मगर इस स्वर्ग में भी प्रदूषण के कारण नारकीय स्थिति बनना शुरू हो जाए तो कितनी अचंभे वाली बात है। जी हां, देश के अन्य प्रदूषित शहरों की तुलना में जम्मू-कश्मीर राज्य पीछे नहीं है। जानकारी के मुताबिक जम्मू-कश्मीर में प्रदूषण से हर साल करीब 10 हजार लोग अपनी जान गंवा रहे हैं यानी कश्मीर में अब जहरीली हवा चलने लगी है। यहां श्रीनगर जैसे शहर का एक्यूआई स्तर 150 से ज्यादा होने लगी है। ऐसा माना जा रहा है कि यहां प्रदूषण आतंकवाद से भी ज्यादा खतरनाक हो गया है। आंकड़े बताते हैं कि इस साल आतंकवाद की वजह से करीब 250 लोगों की मौत हुई जबकि प्रदूषण ने 10 हजार लोगों की जान ले ली। यह दावा वहां के सबसे बड़े अस्पताल शेर-ए-कश्मीर आयुर्विज्ञान संस्थान ने किया है।संस्थान के विशेषज्ञों के मुताबिक वहां की हवा में पार्टकुिलेट मैटर 2.5 होने की वजह से ये मौतें हो रही हैं। सोचने वाली बात तो यह है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी 2018 में श्रीनगर को दुनिया के 10 में सबसे प्रदूषित शहर के रूप में घोषित किया था। ज्ञात हो कि 108 देशों और 4300 शहरों में सर्वे किए जाने के बाद यह घोषणा की गई थी। यदि अन्य कारणों पर गौर किया जाए तो यहां की घाटी में सर्दियों के दौरान खूब लकडियां जलाई जाती हैं। दूरदराज के इलाकों में बिजली और गैस की सुविधा नहीं हैं। कश्मीर में करीब 20 लाख पेट्रोल-डीजल वाहन हैं, और 24 प्रतिशत घरों में चौपहिया वाहन हैं, जो केरल के बाद सबसे ज्यादा हैं। जबकि उत्तर प्रदेश जैसे कई राज्यों में अभी भी मात्र 7 प्रतिशत से अधिक चौपहिया वाहन नहीं हैं। कश्मीर में सेब, अखरोट, बादाम समेत करोड़ों की संख्या में फलदार पेड़ हैं। फसल उतारने के बाद इनके पत्तों को यहां पराली की तरह जला दिया जाता है। इसी तरह हर साल वहां 1246 टन कोयला जलता है जो वार्षिक उत्सर्जन का 84त्न है। इसके अलावा ईट भट्टे और सीमेंट की फैक्ट्री भी संचालित होती हैं। जम्मू-कश्मीर हिमालय पर्वत श्रृंखला के सबसे ऊंचे हिस्सों में स्थित है। कश्मीर और लद्दाख का इलाका अपनी विशिष्ट संस्कृति के लिए जाना जाता है। कश्मीर की संस्कृति की झलक इतिहास प्रसिद्ध कल्हण जैसे लेखकों की कलम से भी उकेरा गया। मुगल बादशाह तो यहां कि खुबसुरती से इस कदर प्रभावित थे कि उन्होने इस पूरे क्षेत्र को धरती पर स्वर्ग की उपमा दे डाली दी। आज हर कोई इसे धरती पर स्वर्ग कहने से गुरेज नहीं करता। अपने प्राकृतिक सौंदर्य के कारण ही कश्मीर को धरती का स्वर्ग कहा गया है। इसे स्विट्जरलैंड की तुलना में भारत का स्वर्ग कहते हैं। मगर मौजूदा दौर में पर्यावरण प्रदूषण का विषय यहां की सबसे बड़ी चिंता बनकर उभरा है।

## विज्ञापन, व्यापार और जिंदगी

बड़ी दुकानवाला, चाहे असली सा महसूस करवाने वाले, नकली स्वाद का प्रभावशाली विज्ञापन छपवाए या अपने व्यवसाय में पारदर्शिता होने का विज्ञापन बनवाए, विज्ञापन पढ़ने या देखने वालों को सब कुछ कहां समझ आता है। हालांकि वे समझते हैं कि उन्हें समझ आ गया या वे समझना नहीं चाहते। इसलिए अधिकांश ग्राहक सब खा, पी और निगल जाते हैं। कुछ भी हो इस तरह से उनकी बीमारियां झेलनी की ताकत बढ़ती जाती है। दुकानदारों और सामान के स्वादिष्ट विज्ञापनों ने उन्हें इतना कुछ बेच, खिला, पिला दिया है कि नकली और नकली पीकर उनकी जीभ को असली का स्वाद भूल गया है। सब जानते हैं कि कानून बहुत सख्त है और लागू है। सभी कम्पनियां, सभी कायदे कानून, बड़े सलीके से फॉलो करती हैं। विज्ञापन में स्पष्ट और साफ छाप देती हैं कि हमारी फ्रूट पॉवर केवल एक ट्रेड मार्क है और इसकी वास्तविक प्रकृति का प्रतिनिधित्व नहीं करती है। ऐसे विज्ञापन पकाने वाले प्रकृति और प्रवृत्ति को एक ही वस्तु समझते होंगे। वे यह भी समझते होंगे कि विज्ञापन वही जो आकर्षित करे और ग्राहक पटाए या फसाए। क्या फर्क पड़ता है जब कुछ समझदार बंदे पर्यावरण और वातावरण को एक ही समझते हैं। इन दोनों को एक समझने से फर्क पडन्ना भी नहीं चाहिए। फर्क पड़ने लगा तो कानून को बहुत ज्यादा सख्ती से लागू करना पड़ेगा जो दूसरी कई चीजों को तोड़ देगा। वैसे भी तो काफी कुछ सिर्फ ट्रेड मार्क बनकर ही रह गया है। राजनीति, धर्म, क्षेत्र, सत्य, झूठ, संवेदना, प्यार और नफरत सब ट्रेड मार्क ही तो हो गए हैं और कईयों के तो अपने अपने शानदार ट्रेड मार्क भी हैं। प्रतिनिधित्व न लिखकर सिर्फ प्रकृति या प्रवृत्ति लिखेंगे तो लगेगा बात स्पष्ट हो गई मगर फिर डिप्लोमेसी खत्म हो जाएगी। मिसाल के तौर पर प्यार और नफरत का ट्रेड मार्क बाजार की रौनक है। भीतर से नफरत करने वाले भी नकली प्रवृत्ति की बाहरी मुस्कुराहटें बांट रहे हैं। नकली प्यार की असली जफ्फियां मार रहे हैं, मतलब संबंधों में सांकेतिक इम्युनिटी बढ़ाई जा रही है। कह सकते हैं कि नफरत न दिखाने के लिए जो जफ्फियां प्रदर्शित की जा रही हैं, हाथ मिलाए जा रहे हैं वे प्यार की गहराइयों या ऊंचाई की वास्तविक प्रवृत्ति का प्रतिनिधित्व नहीं करती। **- प्रभात कुमार**

## प्रेरणाप्रद मोती



शांतिकुंज एक विश्वविद्यालय है। कायाकल्प के लिए बनी एक अकादमी है। सतयुगी सपनों का महल है।

**पं श्रीराम शर्मा आचार्य (गायत्री परिवार)**

## आज का राशिफल

**मेष :** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज रचनात्मक ऊर्जा से भरा महसूस करेंगे।

**वृष :** स्वभाव में उग्रता और वाणी में संयम रखें। शारीरिक शिथिलता और मानसिक चिंता से आपका मन व्यग्र रहेगा।

**मिथुन :** आज आपको व्यापार-सम्बंधित कार्यों में लाभ होगा। उगाही, प्रवास, आय आदि के लिए अच्छा दिन है।

**कर्क :** आज कारोबार में स्थिति अच्छी रहेगी। आज आप बेहतर मुनाफा ले पाएंगे। आपकी आर्थिक स्थिति पहले बेहतर होगी।

**सिंह :** आपका आज का दिन मिश्र फलदायी है। शारीरिक रूप से आपको अस्वस्थता का अनुभव होगा। फिर भी आप मानसिकरूप से स्वस्थ रहेंगे।

**कन्या :** आप व्यवस्थित रूप से आर्थिक योजना बना सकेंगे। आपकी सृजनात्मक शक्ति आज श्रेष्ठ रहेगी।

**तुला :** परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा। वाक्माधुर्य से आप अपना निर्धारित कार्य कर सकेंगे। आरोग्य अच्छा रहेगा।

**वृश्चिक :** आज का दिन सुख-शांतिपूर्वक बीतेगा। अपने सहोदर के साथ सम्बंधों में निकटता का अनुभव आप करेंगे, उनका साथ भी आपको मिलेगा।

**धनु :** आज परिवार में किसी से चल रहा मन-मुटाव खत्म हो जायेगा। आज आप दूसरों से बात करते वक्त संतुलित विचार रखें।

**मकर :** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। कारोबार में धनलाभ का योग बन रहा है। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा।

**कुंभ :** आपका आज का दिन आनंदपूर्वक बीतेगा। मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आज आपके सीधेपन का दूसरे फायदा उठा सकते हैं। आज ऑफिस में काम का बोझ बढ़ सकता है। सीनियर्स का दबाव रहेगा। आज अधूरे कार्य पूर्ण होंगे।

**मीन :** आज धन लाभ का योग है। ऑफिस में आज आपके काम से बॉस खुश रहेंगे। लवमेट के लिये आज का दिन काफी अच्छा है। आज आपका आकर्षक व्यक्तित्व सभी को आकर्षित करेगा। आज आपको मन में आए नकारात्मक विचार परेशान कर सकते हैं।

# बिना बाधा चल सकता है विकास का एजेंडा



**जी . किशन रेड्डी**

पिछले पखवाड़े में, जब से भारत ने जी-20 की अध्यक्षता ग्रहण की है, दुनिया ने भारतीय अतिथि सत्कार के सार को अतिथि देवो भवः की उक्ति में निहित देखा है अतिथि, भगवान स्वरुप होते हैं। साझा भविष्य की दृष्टि के साथ, भारत जी-20 की अध्यक्षता वाले वर्ष को एक अवसर के रूप में देखता है। सदी में एक बार होने वाली विघटनकारी वैश्विक महामारी, वैश्विक संघर्षों, आसन्न जलवायु संकट और आर्थिक अनिश्चितता के बाद के प्रभावों के साथ, दुनिया वर्तमान में अभूतपूर्व चुनौतियों का सामना कर रही है। पिछले कुछ वर्षों में, अधिकांश वैश्विक ताकतें, कोविड-19 महामारी के दौरान लोगों की रक्षा करने और उनकी आजीविका को संरक्षित करने पर केंद्रित रहीं हैं। हालांकि, इनमें से कई अनिश्चितताएं आज भी विद्यमान हैं। भारत की अध्यक्षता दुनिया को 4डी पर ध्यान केंद्रित करने का अवसर देती है, ताकि संघर्षों को कम किया जा सके, त्वरित, न्यायसंगत और समावेशी विकास के लिए तेजी से डिजिटलीकरण हो सके तथा जलवायु संकट से मुकाबले के लिए कार्बनीकरण में कमी लाने को ध्यान में रखते हुए युक्तिसंगत रूपरेखा को अंतिम रूप देने के लिए प्रयास किया जा सके।



भारत की अध्यक्षता दुनिया को 4डी पर ध्यान केंद्रित करने का अवसर देती है, ताकि संघर्षों को कम किया जा सके, त्वरित, न्यायसंगत और समावेशी विकास के लिए तेजी से डिजिटलीकरण हो सके।

सितंबर में शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन के दौरान अपने रूसी समकक्ष के साथ हुई बैठक में प्रधानमंत्री मोदी के वक्तव्य आज का युग, युद्ध का नहीं होना चाहिए कि प्रतिध्वनि दुनिया भर में सुनायी दी। यह रूस-यूक्रेन संघर्ष पर जी-20 की संयुक्त घोषणा का आधार वाक्य भी बना। जी-20, वैश्विक संघर्षों को कम करने के लिए समर्थन जारी रखने का अवसर भी प्रदान करता है। विभिन्न देशों के साथ सहयोग और नियम-आधारित बहुपक्षवाद को बढ़ावा देना भारत की विदेश और आर्थिक नीति के मौलिक सिद्धांत रहे हैं। भारत कई बहुपक्षीय संगठनों का सदस्य है और इनमें से प्रत्येक ने दुनिया को एक सुरक्षित और अधिक संरक्षित स्थान बनाने में रचनात्मक भूमिका निभाई है।

सितंबर में शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन के दौरान अपने रूसी समकक्ष के साथ हुई बैठक में प्रधानमंत्री मोदी के वक्तव्य आज का युग, युद्ध का नहीं होना चाहिए कि प्रतिध्वनि दुनिया भर में सुनायी दी। यह रूस-यूक्रेन संघर्ष पर जी-20 की संयुक्त घोषणा का आधार वाक्य भी बना। जी-20, वैश्विक संघर्षों को कम करने के लिए समर्थन जारी रखने का अवसर भी प्रदान करता है। विभिन्न देशों के साथ सहयोग और नियम-आधारित बहुपक्षवाद को बढ़ावा देना भारत की विदेश और आर्थिक नीति के मौलिक सिद्धांत रहे हैं। भारत कई बहुपक्षीय संगठनों का सदस्य है और इनमें से प्रत्येक ने दुनिया को एक सुरक्षित और अधिक संरक्षित स्थान बनाने में रचनात्मक भूमिका निभाई है। भारत विकासशील देशों की चिंताओं को मुखर समर्थन देने और यह सुनिश्चित करने में भी सक्षम रहा है कि उनके हितों की रक्षा की जानी चाहिए। जी-20 की अध्यक्षता, भारत को उन बड़े शक्तिशाली राष्ट्रों, जिनमें वह भी एक है और छोटे, विकासशील राष्ट्र, जो उस पर भरोसा करते हैं; के बीच एक सेतु के रूप में कार्य करने का अवसर भी प्रदान करती है। 2005 और 2021 के बीच, भारत 415 मिलियन लोगों को बहुपक्षीय गरीबी से बाहर निकालने में सफल रहा है। पिछले 8 वर्षों में, हमने प्रौद्योगिकी के उपयोग और विशेष रूप से डिजिटलीकरण के माध्यम से गरीबी उन्मूलन से जुड़े कार्यों में तेजी देखी है। 2014 में, भारत ने सरकार के नेतृत्व में एक अभियान की शुरुआत की, जिसके तहत बैंकिंग प्रणाली से बाहर रहे गरीबों और वंचितों के लगभग 500 मिलियन बैंक खाते खोले गए, जिनमें 260 मिलियन महिलाएं शामिल थीं। भारत की डिजिटल पहचान प्रणाली - आधार और एकीकृत भुगतान इंटरफ़ेस (यूपीआई) के जरिये, व्यक्तिगत स्तर पर नए तौर-तरीकों के साथ, जनकल्याण से जुड़े धन अंतरण के लक्ष्य पूरे किए गए हैं। 1980 के दशक में एक पूर्व प्रधानमंत्री ने टिप्पणी की थी कि अंतिम लाभार्थी तक केवल 15 प्रतिशत (1 रुपये में 15 पैसे) ही पहुंच पाता है। 2020 में, जब दुनिया वैश्विक महामारी से जूझ रही थी, भारत महत्वपूर्ण लक्षित नकद अंतरण के माध्यम से सर्वाधिक गरीब लोगों की आजीविका को सुरक्षित करने में सक्षम रहा। भारत की जनसंख्या के विशाल पैमाने पर उपलब्ध पहचान प्रणाली व वास्तविक समय पर भुगतान प्रणाली से जुड़ी विश्वस्तरीय डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, शेष दुनिया के लिए एक मॉडल है। कोविड संकट के दौरान भी, वैक्सीन प्लेटफॉर्म कोविन ने भारत को अपने टीकाकरण प्रयासों को विस्तार देने और 2 बिलियन से अधिक खुराकें देने में बहुत सहायता की।

भारतीय अर्थव्यवस्था विकसित होगी और भारत के लोग अधिक समृद्ध होते जायेंगे, भारत की ऊर्जा संबंधी जरूरतें भी बढ़ेंगी। वर्ष 2015 में, पेरिस में हुए कॉप-21 शिखर सम्मेलन में, भारत ने 2030 तक अपने कुल बिजली उत्पादन का 40 प्रतिशत हिस्सा गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से हासिल करने का वादा किया था। इस लक्ष्य को लगभग एक दशक पहले ही नवंबर 2021 में हासिल कर लिया गया। भारत ने दुनिया के सामने इस बात का उदाहरण पेश किया है कि विकास का एजेंडा और पर्यावरण रक्षा की कवायद बिना किसी बाधा के एक-दूसरे के साथ-साथ चल सकते हैं। **- लेखक भारत सरकार में केन्द्रीय संस्कृति, पर्यटन और उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री हैं।**

# प्रतिपल जीवंत है अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति



**हृदयनारायण दीक्षित**

अटल जी का नाम भारतीय जन गण मन में रचा बसा है। वे जीवित रहते तो आज 98 बरस के होते। उनकी स्मृति बार बार आती है। उनका पूरा व्यक्तित्व भावप्रवण काव्य था। तरल, सरल, विरल और विश्वमोहक। आज उनकी जन्म तिथि है। कैसे करें उनका स्मरण? स्मरण उनका होता है, जिनका विस्मरण हो जाता है। अटल जी की स्मृति प्रतिपल जीवंत रहती है। वे भारतीय सार्वजनिक जीवन की दिव्यता हैं और राजनैतिक जीवन के मर्यादा पुरुष। भारतीय इतिहास ने उन्हें पूरी आत्मीयता के साथ अपने अन्तःस्थल में स्थापित किया है। वैसे इतिहास निर्मम और निष्पक्ष होता है।

वह अपने पराए में भेद नहीं करता। वह अनायास ही किसी को महानायक नहीं बनाता। लोकमत भी इतिहास की तरह निर्मम होता है। इसलिए विश्व इतिहास के प्रतिष्ठित महानायक भी संपूर्ण लोकमन की प्रशंसा नहीं पा सके। लेकिन अटल बिहारी वाजपेयी अद्वितीय हैं। उन्होंने राष्ट्र के संपूर्ण जनगणमन का प्यार पाया। वे परिपूर्ण राष्ट्रवादी थे। वैचारिक प्रतिबद्धता में अटल थे बावजूद इसके उनके विचार के विरोधी भी उनके प्रशंसक थे। वे भारतीय राजनीति के अद्वितीय महानायक थे। वे तमाम असंभवों का संगम थे। वे सरस भावप्रवण कवि हृदय थे। राजनीति के भावविहीन क्षेत्र में भी देश के अग्रणी राजनेता। इस सदी के महानतम नेता। शब्द चयन और प्रयोग में सम्मोहन। आचार व्यवहार में सबके प्रति आत्मीय। विपरीत धुरवों से भी समन्वय की साधना बेजोड़ थी। वे सर्वप्रिय धीरोदात्त महानायक थे। आग्रही राजनीति में विपरीत ध्रुवों का समन्वय आसान नहीं होता। 1975 में आपत्काल था। संविधान



कुचल दिया गया था। हजारों राजनैतिक सामाजिक कार्यकर्ता जेल भेजे गए थे। अटल जी ने गैरकांग्रेसी दलों से समन्वय बनाया। तमाम गैर कांग्रेसी दल साझा मंच में आए। अटल जी भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य थे। उन्होंने मिलकर चुनाव लड़ने के लिए गैरकांग्रेसी दलों को सहमत किया। 1977 के आम चुनाव में जनता पार्टी जीती। सरकार भी बनी। वे विदेश मंत्री बने। दिल्ली में भारतीय जनसंघ का अधिवेशन हुआ। अटल जी ने जनसंघ के विसर्जन का प्रस्ताव रखा। वे पं. दीनदयाल उपाध्याय का नाम लेकर रोने लगे। जनसंघ की विकास यात्रा में उपाध्याय, अटल जी आदि अनेक नेताओं कार्यकर्ताओं ने अपना श्रम तप लगाया था।

जनसंघ का विसर्जन भावुक क्षण था। इन पंक्तियों का लेखक भी इस प्रवाह का हिस्सा था। कुछ समय बाद जनता पार्टी में कलह हुई। जनसंघ घटक के सदस्यों पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के नाम पर दोहरी सदस्यता का आरोप लगा। अटल जी ने यूपी की एक जनसभा में चुटकी ली "उन्होंने पहले प्यार किया, सम्बंध बनाये। सम्बंधों का लाभ उठाया और अब हमसे हमारा गोत्र वंश पूछते हैं।" जनसंघ घटक अलग हो गया। अटल के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी बनी। अटल जी के नेतृत्व का सम्मोहन बढ़ता गया। अटल जैसी वक्तव्य कला दुर्लभ। नेता प्रतिपक्ष के

अटल बिहारी वाजपेयी अद्वितीय हैं। उन्होंने राष्ट्र के संपूर्ण जनगणमन का प्यार पाया। वे परिपूर्ण राष्ट्रवादी थे। वैचारिक प्रतिबद्धता में अटल थे बावजूद इसके उनके विचार के विरोधी भी उनके प्रशंसक थे। वे भारतीय राजनीति के अद्वितीय महानायक थे। वे तमाम असंभवों का संगम थे। वे सरस भावप्रवण कवि हृदय थे। राजनीति के भावविहीन क्षेत्र में भी देश के अग्रणी राजनेता। इस सदी के महानतम नेता। शब्द चयन और प्रयोग में सम्मोहन। आचार व्यवहार में सबके प्रति आत्मीय। विपरीत ध्रुवों से भी समन्वय की साधना बेजोड़ थी। वे सर्वप्रिय धीरोदात्त महानायक थे। आग्रही राजनीति में विपरीत ध्रुवों का समन्वय आसान नहीं होता। अटल जी ने गैरकांग्रेसी दलों से समन्वय बनाया। तमाम गैर कांग्रेसी दल साझा मंच में आए।

रूप में उन्होंने विषय प्रतिपादन का नया रिकार्ड बनाया। संसद उन्हें पूरे मनोयोग से सुनती थी। नरसिंहाराव तत्कालीन प्रधानमंत्री ने उन्हें विदेशीप्रतिनिधिमण्डल का नेता बनाया। यह भी एक विशेष अवसर था। उन्होंने देश के बाहर भारतीय जनतंत्र की प्रतिष्ठा बढ़ाई, "उन्होंने कहा कि वे भारत में विरोधी दल के नेता हैं लेकिन देश के बाहर भारत के प्रतिनिधि। वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से राजनीतिक क्षेत्र में आए थे। संघ की राष्ट्रवादी विचारधारा है। उनके विचार मननीय हैं। उन्होंने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर को राष्ट्रीय भावना की अभिव्यक्ति बताया। हिन्दू और हिन्दुत्व को भारत की जीवनशैली बताया। उनकी कविता 'तन मन हिन्दू मेरा परिचय' खासी चर्चा में रहती है। उन्होंने राजनीति में भारतीय संस्कृति का प्रवाह पैदा किया। जो कहा, सीना ठोककर कहा। लोग तिलमिलाए। ऐसे लोगों ने जनसंघ पर साम्प्रदायिकता का आरोप लगाया। अटल जी ने संसद में साम्प्रदायिकता की परिभाषा करने की मांग भी की।

अटल जी लखनऊ से प्रकाशित राष्ट्रधर्म पत्रिका के सम्पादक रहे थे। पत्रिका के सम्पादक मण्डल ने भारतीय जनसंघ व भारतीय जनता पार्टी पर विशेषांक प्रकाशित करने का निर्णय लिया। सम्पादक मण्डल ने मुझे दोनों विशेषांकों का अतिथि सम्पादक बनाया। इसका विमोचन दिल्ली भाजपा कार्यालय में अटल जी व आडवाणी जी ने किया था। विमोचन के पहले अटल जी ने दोनों अंक देखने के लिए मांगे। मैंने पत्रिका के प्रबंधक पवन पुत्र बादल के साथ अटल जी को दोनों अंक दिखाए। विशेषांकों के आलेख व चित्र संयोजन देखकर वे भावुक हुए। उन्होंने इस अनुष्ठान की प्रशंसा की। मुझे बधाई भी दी। इस तरह वे अपने सहयोगियों को लिखने पढ़ने की प्रेरणा देते थे। अटल जी के नेतृत्व में ही राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन बना। क्षेत्रीय दलों को राष्ट्रीय आकांक्षा और राष्ट्रीय दलों को क्षेत्रीय कठिनाइयां समझने का अवसर मिला। विश्व परिवार ने अटल जी के नेतृत्व का सम्मान किया।

**- लेखक यूपी विस के पूर्व अध्यक्ष हैं।**

# जागरूक होंगे, तभी मिलेगा इंसाफ

उपभोक्ता अधिकारों की सुरक्षा के लिए देश में प्रतिवर्ष 24 दिसंबर को 'राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस' मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य उपभोक्ता अधिकारों के प्रति लोगों को जागरूक करना और कानून की जानकारी देना है। दरअसल ऑनलाइन खरीदारी हो या ऑफलाइन, ग्राहकों को कई बार सामान की गड़बड़ी अथवा अन्य प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसी तरह की समस्याओं से निजात दिलाने के लिए उपभोक्ता दिवस मनाया जाता है।

2020 तक विभिन्न ई-कॉमर्स साइटों से ऑनलाइन खरीदारी को लेकर उपभोक्ताओं को कोई संरक्षण प्राप्त नहीं था लेकिन उपभोक्ता संरक्षण कानून-2019 (कन्ज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट-2019) में ई-कॉमर्स को भी दायरे में लाकर उपभोक्ताओं को और मजबूती देने का प्रयास किया गया है। पुराना उपभोक्ता संरक्षण कानून करीब साढ़े तीन दशक पुराना हो चुका था, जिसमें समय के साथ बड़े बदलावों की जरूरत महसूस की जा रही थी।इसीलिए ग्राहकों के साथ अक्सर होने वाली धोखाधड़ी को रोकने और उपभोक्ता अधिकारों को ज्यादा मजबूती प्रदान करने के लिए 20 जुलाई 2020 को 'उपभोक्ता संरक्षण कानून-2019' (कन्ज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट-2019) लागू किया गया। राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस वास्तव में उपभोक्ताओं को उनकी शक्तियों और अधिकारों के बारे में जागरूक करने का महत्वपूर्व अवसर है। भारत में उपभोक्ता आन्दोलन की शुरुआत मुंबई में वर्ष 1966 में हुई थी। तत्पश्चात पुणे में वर्ष 1974 में ग्राहक पंचायत की स्थापना के बाद कई राज्यों में उपभोक्ता कल्याण के लिए संस्थाओं का गठन किया गया। इस प्रकार उपभोक्ता हितों के संरक्षण की दिशा में यह आन्दोलन आगे बढ़ता गया। तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पहल पर 09 दिसंबर 1986 को उपभोक्ता संरक्षण विधेयक पारित किया गया, जिसे राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बार 24 दिसंबर 1986 को देशभर में लागू किया गया। पिछले कई वर्षों से भारत में प्रतिवर्ष इसी दिन राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण दिवस मनाया जा रहा है। यह

2020 तक विभिन्न ई-कॉमर्स साइटों से ऑनलाइन खरीदारी को लेकर उपभोक्ताओं को कोई संरक्षण प्राप्त नहीं था लेकिन उपभोक्ता संरक्षण कानून-2019 (कन्ज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट-2019) में ई-कॉमर्स को भी दायरे में लाकर उपभोक्ताओं को और मजबूती देने का प्रयास किया गया है। पुराना उपभोक्ता संरक्षण कानून करीब साढ़े तीन दशक पुराना हो चुका था, जिसमें समय के साथ बड़े बदलावों की जरूरत महसूस की जा रही थी।

दिवस मनाए जाने का मूल उद्देश्य यही है कि उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाए और अगर वे धोखाधड़ी, कालाबाजारी, घटतौली इत्यादि के शिकार होते हैं तो वे इसकी शिकायत उपभोक्ता अदालत में कर सकें। उपभोक्ता संरक्षण कानून में स्पष्ट उल्लेख है कि प्रत्येक वह व्यक्ति उपभोक्ता है, जिसने किसी वस्तु या सेवा के क्रय के बदले धन का भुगतान किया है या भुगतान करने का आश्वासन दिया है और ऐसे में किसी भी प्रकार के शोषण अथवा उत्पीड़न के खिलाफ वह अपनी आवाज उठा सकता है तथा क्षतिपूर्ति की मांग कर सकता है। खरीदी गई किसी वस्तु, उत्पाद अथवा सेवा में कमी या उसके कारण होने वाली किसी भी प्रकार की हानि के बदले उपभोक्ताओं को मिला कानूनी संरक्षण ही उपभोक्ता अधिकार है। यदि खरीदी गई किसी वस्तु या सेवा में कोई कमी है या उससे आपको कोई नुकसान हुआ है तो आप उपभोक्ता फोरम में अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

# जीवन में हमेशा सुख हो यह जरूरी नहीं



**आचार्य प्रशांत**

दो-तीन बातें हैं, और बड़ी सीधी-सीधी हैं। पहली बात तो ये कि - बच्चे मत पैदा करो। अगर ये उम्मीद कर रहे हो कि दुनिया में आठ-सौ करोड़ लोग हैं आज- जो कि जल्दी ही हजार-करोड़ भी हो जाएंगे, ग्यारह-सौ करोड़ भी हो जाएंगे-इतने रहे आएं, और इतनों को तुम सुखपूर्वक भी रख पाओ, तो वो हो नहीं सकता। प्रश्न के मूल में एक कल्पना है, एक आदर्श है। कल्पना ये है कि जितने भी जीव-जंतु, प्राणी मात्र हैं- खास तौर पर मानव हैं- वो सब धन-धान्य से परिपूर्ण सुख की स्थिति में रहें। ये कल्पना कभी साकार नहीं हो सकती। पृथ्वी के पास इतना नहीं है कि वो इतने लोगों को खिला सके। आज अगर कहीं पर भी भुखमरी है, तो वो इसलिए नहीं है कि बहुत कम उत्पादन हो रहा है, वो इसलिए है क्योंकि आदमी लालची है भोग का। वो एक तरफ तो भोगता है उन सब चीज़ों के माध्यम से जो उत्पादित हो रही हैं, और दूसरी तरफ वो भोग-भोगकर के संतानें उत्पन्न करता है। नतीजा- हम एक ऐसी दुनिया चाहते हैं जहां बहुत सारे लोग हों, क्योंकि भोगने में संतानोत्पत्ति निश्चित रूप से शामिल है।

आपको आपके बड़े-बूढ़े आशीर्वाद भी देते हैं, तो दो बातें अक्सर कहते हैं- "दूधो नहाओ, और पूतो फलो," और दोनों बातें भोग से संबंधित हैं, गौर से समझना। पहली बात कहती है कि तुम्हारे पास खाने-पीने को बहुत सारा हो, और दूसरी बात कहती है कि तुम बहुत सारे बच्चे पैदा करो। तो तुम ले देकर के ये आशीर्वाद पा रहे हो कि तुम अपनी तादाद भी बढ़ाते जाओ, और जिनकी तादाद बढ़ रही है, वो सब और-और, और-और भोगते भी जाएं। इस पृथ्वी के पास इतना है कहां? मैं आज सुबह ऊपर बैठा था, नाश्ता कर रहा था, मैंने न जाने कितने हफ़्तों बाद गौरैया देखी। गौरैया, आम स्पैरो, जो घर-घर में होती थीं! एक-एक बच्चा जो अभी पैदा हो रहा है मैं बच्चे की बात इसीलिए कर रहा हूँ क्योंकि हमने बात करी कि एक ग़रीब स्त्री है, उसका बच्चा है और वो ख़राब हालत में है- एक-एक बच्चा जो पैदा हो रहा है, वो हजार पशुओं की, पक्षिओं की, प्राणियों की, मछलियों की जान पर पैदा हो रहा है, क्योंकि आज का बच्चा वनवासी नहीं है, वो पैदा हो रहा है तो उसे बहुत भोगना होता है। उसके भोगने के लिए वो सब सामग्री कहां से आएगी? और जो भोग बच्चे के पैदा होने का आधार है, समझना, वही भोग बच्चे की निर्धनता का भी आधार है। हमारी जो वृत्ति हमसे संतानोत्पत्ति कराती है, हमारी उसी वृत्ति के कारण दुनिया का एक बड़ा हिस्सा अभी भी निर्धन है। दोनों ही वृत्तियां किस बात की हैं? दोनों ही वृत्तियां हैं व्यक्तिगत सुख की हैं- "मुझे व्यक्तिगत सुख मिलना चाहिए, दूसरों का, दुनिया का जो होता हो, होता रहे।" और तुम्हें अगर व्यक्तिगत सुख मिलना ही चाहिए, तो फिर तुम क्यों चाहोगे कि किसी और का भला हो? तुम तो अपने व्यक्तिगत सुख को ही लगातार बढ़ाने की कोशिश करोगे न? उसका नतीजा? उसका नतीजा ये है कि दुनिया के क़रीब सौ लोगों के पास उतनी ही संपदा है, जितनी दुनिया के निर्धनतम कई दर्जन देशों के पास है। दुनिया के मुट्ठी-भर लोगों के पास उतनी ही संपदा है जितनी दुनिया के निर्धनतम कई देशों के पास है।

अब उन निर्धन देशों में अगर तुमको भूखे बच्चे मिलें, तो क्या इसका कारण ये है कि दुनिया में धन की कमी है? इसका कारण ये नहीं है कि दुनिया में धन की कमी है, इसका कारण ये है कि हम व्यक्तिगत सुख चाहते हैं। और व्यक्तिगत सुख कहता है, "मेरे पास धन का अंबार लगता जाए, और मेरे पास अगर धन का अंबार है तो फिर मैं ये भी चाहता हूं कि मेरी कई संतानें हों जो उस धन को भोगें, और दूसरों के पास धन कम-से-कम होता जाए। पहले हम प्रतिशत में बात किया करते थे, है न? पहले हम कहते थे कि दुनिया की जो सबसे अमीर एक प्रतिशत आबादी है, उसके पास दुनिया के पचास प्रतिशत संसाधन हैं। मैं जब बच्चा होता था तो ऐसी बातें होती थीं कि दुनिया की जो एक प्रतिशत, दो प्रतिशत, सबसे अमीर आबादी है, उसके पास दुनिया के करीब आधे संसाधन हैं। तो हम कहते थे, "अरे! ये तो बड़ी हैरतअंगेज बात है, बड़ी अन्याय की बात है।" **-लेखक, वेदांत मर्मज्ञ व प्रशांत अद्वैत संस्था के संस्थापक हैं।**

# षडयंत्रपूर्ण मुकद्दमा दर्ज होने से पत्रकार आक्रोशित

- प्रेस क्लब (रजि.) ने घण्टाघर मैदान में किया प्रदर्शन
- सदर विधायक की मौजूदगी में पुलिस-प्रशासन ने मांगा सात दिन का समय



ललितपुर। घण्टाघर मैदान पर प्रदर्शन करते प्रेस क्लब पदाधिकारी व सदस्य, प्रदर्शन पर जानकारी लेने पहुंचे एसडीएम सदर व क्षेत्राधिकारी सदर, पत्रकार उत्पीडऩ को लेकर एसडीएम व सीओ से चर्चा करते सदर विधायक

**ललितपुर।** सच कहना अगर बगावत है तो हम भी बागी हो गये! कितनी ऊँची जेल तुम्हारी, देखी है और देखेंगे!! पुलिस और प्रशासन मुर्दाबाद के नारों से घण्टाघर मैदान गुंजायमान हो गया। माजरा था कि प्रशासन व पुलिस ने पत्रकारों की कलम को कुचलने के लिए प्रेस क्लब (रजि.) महामंत्री अंतिम जैन अंतू पर संगीन धाराओं में मामला दर्ज कर लिया। इस मुकद्में के दर्ज होते ही पत्रकारों में आक्रोश फैल गया। शुक्रवार की देर शाम पत्रकार भवन में आकस्मिक बैठक आहूत की गयी। बैठक में संरक्षक मण्डल व पदाधिकारियों ने सदस्यों के सहमति से दर्ज किये गये मुकद्में की कड़े शब्दों में भत्र्सना की गयी। साथ ही प्रदर्शन करने का आह्वान किया गया।

शनिवार को सुबह 9 बजे से घण्टाघर मैदान पर प्रेस क्लब (रजि.) अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन शुरू हुआ। देखते ही देखते सैकड़ों की संख्या में पत्रकारों ने एकजुट होकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। मौके पर पत्रकारों ने प्रेस की आजादी को सर्वोपरि बताते हुये एक के बाद एक दर्ज किये जा रहे मुकद्मों को घातक बताया। कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में शासन-प्रशासन तक समाज के प्रत्येक तबके की समस्याओं को पहुंचाने और विकास कार्यों को सुचारू कराने में बेहद महत्वपूर्ण कड़ी है। लेकिन प्रशासन स्तर पर फैले भ्रष्टाचार को उजागर करने पर पत्रकारों की स्वतंत्र आवाज को दबाने के लिए पुलिस व प्रशासन षडय़ंत्रकारी नीति अपनाते हुये मुकद्मा दर्ज किये जा रहे हैं। इससे पत्रकारों का मनोबल टूट सके और भ्रष्टाचार को निरंतरता से बढ़ावा मिले। लेकिन पत्रकारों ने शनिवार को लामबंद होकर अपनी ताकत का ऐहसास कराते हुये जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान संरक्षक मण्डल सदस्य सुरेन्द्र नारायण शर्मा, संतोष शर्मा, मंजीत सिंह सलूजा, अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू, महामंत्री अंतिम जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय जैन कल्लू, कोषाध्यक्ष रमेश रायकवार, विनीत चतुर्वेदी, डा.संजीव बजाज, राहुल जैन नवभारत, सत्येन्द्र प्रताप सिंह सिसौदिया, अजय बरया, रवि जैन चुनगी, कृष्ण बिहारी उपाध्याय, बृजेश तिवारी, सुनील शर्मा, अजित जैन भारती, संजीव नामदेव, अमित सोनी, अमित जैन मोनू, संदीप शर्मा एड., भरत रावत, अक्षय दिवाकर, अनूप मोदी, कुन्दन पाल, सम्राट सिंह बनाफर, संजय ताम्रकार, सौरभ गोस्वामी, अमर प्रताप सिंह पाली, वीरेन्द्र पुरोहित, अशोक सेन, रविशंकर सेन, विकास त्रिपाठी, बृजेश पंथ, अनूप सेन, संजू श्रोती, अमित लखेरा, मनोज वैद्य, विजय उपाध्याय, मकरंद किलेदार, नासिर मीडिया, रिजवान उज्जमा, राहुल शुक्ला, देवेन्द्र साहू, विनोद मिश्रा, सौरभ जैन, इमरान मंसूरी, पूजा



ललितपुर। प्रेस क्लब (रजि.) अध्यक्ष, सदर विधायक व एसडीएम-सीओ को ज्ञापन सौंपते हुये

कश्यप, शुभम पस्तोर खड़ेरा, राहुल साहू, रजत गिरी, जावेद आलम, सुमित रैकवार, धुरव राजा, नीतेश जैन बंटी, संजय नायक, शत्रुघन शुक्ल, के.पी.यादव, लकी चौधरी, अजय जैन अज्जू, मनीष फोटो, अनंत सराफ, अनूप नांगल, अभिषेक पाण्डेय, आकाश ताम्रकार, जावेद किरमानी, अंकुश हफरासी, अमित संज्ञा, मनीष, दयाशंकर पाठक, अनूप राठौर, नरेन्द्र प्रताप, गौरव पाराशर, हितेन्द्र जैन बड़घरिया, विनोद सुड़ेले, शैलेष गौतम, सुनील जैन, रमेशचंद्र राठौर, बृजेश, यशपाल सिंह परमार, शिल्लू तिवारी, आरिफ खान, अनुज सोनी, गब्बर अहिरवार, सूर्यकांत शर्मा, कपिल नायक, कमलेश साहू, सूरज लोधी, सच्चानंद गोलवानी, विभाकांत हुण्डैत, विकास सोनी, अमित प्रजापति, राजकुमार साहू बिरधा, सोनू ताम्रकार, शिल्लू तिवारी के अलावा सैकड़ों की संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।

### फर्जी नौकरी की खबर लिखने पर दर्ज हुआ मुकद्दमा

प्रेस क्लब (रजि.) ने प्रदर्शन करते हुये घण्टाघर पर कहा कि जिला पंचायत में वर्ष 2015 में हुयी नियुक्तियों में फर्जीबाड़े को लेकर प्रेस क्लब महामंत्री अंतिम जैन के खिलाफ मुकद्मा दर्ज किया गया। आरोप है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ लगातार आवाज उठाने से क्षुब्ध होकर जिला पंचायत में वर्ष 2015 में हुयी नियुक्तियों में शामिल एक कर्मी द्वारा यह मामला दर्ज कराया गया है।

### एफआईआर नम्बर 0863 को खारिज करे पुलिस

प्रदर्शन कर रहे प्रेस क्लब पदाधिकारियों व सदस्यों के समक्ष पहुंचे उप जिलाधिकारी सदर मो.आवेश व क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय से एफआईआर नम्बर 0863 को बिना किसी जांच के दर्ज किये जाने का आरोप लगाते हुये इसे तत्काल कार्यवाही कर निरस्त किये जाने की मांग उठायी। इस पर क्षेत्राधिकारी सदर ने आगामी एक सप्ताह का समय मांगते हुये कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

### सदर विधायक ने पत्रकारों के उत्पीडऩ को बताया गलत

प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने मुलाकात करते हुये पत्रकारों के खिलाफ बिना किसी जांच के दर्ज हुये मामलों को गलत बताया। उन्होंने कहा कि शासन पत्रकारों के हितार्थ है। कहा कि पत्रकारों पर बिना किसी जांच के मुकद्में दर्ज किया जाना गलत है। उन्होंने इसकी निंदा करते हुये पुलिस व प्रशासन को समझाइश दी।

### विधायक ने तत्काल एसपी को लगाया फोन

घण्टाघर मैदान पर पहुंचे सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने पत्रकारों पर दर्ज हो रहे मुकद्मों को समाप्त किये जाने की बात को लेकर तत्काल एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी से वार्ता की और उन्हें भी पत्रकारों के साथ व सहयोग के लिए कहा। उन्होंने कहा कि पत्रकार भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाते हैं तो वहीं शासन के विकास कार्यों की जानकारी भी लोगों तक पहुंचाने का काम करते हैं।

### क्या है पूरा मामला ?

इस प्रकरण को लेकर बताते चलें कि जिला पंचायत में हुयी फर्जी नियुक्तियों की जांच कराये जाने को लेकर प्रेस क्लब महामंत्री अंतिम जैन द्वारा अपने अखबार में समाचार प्रकाशित किये जा रहे हैं। इन खबरों से बौखलाए जिला पंचायत में ड्राफ्टमेन/अवर अभियंता अंकित नायक ने उनके खिलाफ धोखाधड़ी, दस्तावेज चोरी, ब्लैकमेल करने और साजिश करने का मामला दर्ज कराया है, जबकि स्थिति ठीक इसके उलट विपरीत प्रतीत होती है।

**इन पत्रकारों पर भी पूर्व में दर्ज हुये मुकद्में वापस लेने की मांग**

प्रेस क्लब ने प्रदर्शन के दौरान पत्रकार डा.संजीव बजाज, बृजेश तिवारी, सौरभ गोस्वामी, संजय ताम्रकार के साथ अन्य पत्रकारों के खिलाफ हाल ही में दर्ज किये गये मुकद्मों को समाप्त किये जाने की मांग उठायी।

इस पर क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय ने एक सप्ताह में विवेचना करते हुये कार्यवाही की बात कही है।

# बच्चों ने बनाये क्रिसमिस ग्रीटिंग कार्ड




ललितपुर। प्रतियोगिता के दौरान चित्रकला दिखाते बच्चे

**बच्चों ने एक-दूसरे को ग्रीटिंग देकर क्रिसमिस पर्व की दी बधाईयां**

**ललितपुर।** क्रिसमिस ईसाई धर्म का महत्वपूर्ण पर्व है। इसे हर वर्ष 25 दिसंबर को मनाया जाता है। यह त्योहार इतना व्यापक है कि दुनियाभर में इसे इसाई धर्म के अलावा अन्य धर्म के लोग भी बड़ी धूमधाम के साथ मनाते हैं। क्रिसमस को बड़ा दिन भी कहते हैं। इस त्योहार की तैयारियाँ भी बड़ी धूमधाम के साथ होती हैं। बच्चों में भी खासा उत्साह दिखाई देता है। बच्चें ग्रीटिंग कार्ड बनाते हैं और एक दूसरे को क्रिसमिस पर्व की शुभकामनाएं देते हैं। स्थानीय एक परिषदीय विद्यालय में क्रिमिस ग्रीटिंग कार्ड सजाओं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने क्रिसमिस पर्व को लेकर सुंदर आकर्षक रंगों से सुसज्जित ग्रीटिंग कार्ड बनाये और एक -दूसरे को ग्रीटिंग कार्ड देकर शुभकामनाएं भी दीं। विद्यालय के बच्चों में वैशाली राजा चौहान, रानी कुशवाहा, रश्मि कुशवाहा, राजनंदनी पाल, पूनम, नीतू, प्रियंका प्रजापति, मुस्कान, हेमंत, दीपक कुशवाहा, विशाल, रागिनी, रानी यादव, रागिनी, अंजली, रुबी कुशवाहा, आरेंशी यादव, कमला कुशवाहा, शिवानी, क्रांति, प्रियंका कुशवाहा ने आकर्षक ग्रीटिंग कार्ड बनाकर प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सिविल लाइन स्थित एक अन्य विद्यालय में भी क्रिसमिस का पर्व उत्साह पूर्वक मनाया गया। विद्यालय की छात्रा सुहानी यादव, भूमि यादव, मान्यता चौधरी, सौम्या रावत, सौम्या रैकवार, प्रिंसी, मानसी, भूमि, शिवि, दिशा, खुशबू, पूनम ने सेंटा क्लास एवं क्रिसमिस ट्री एवं ग्रीटिंग कार्ड बनाकर प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया।

# लेमन ग्रास गुड़ वाली चाय की प्याली से बनेगी सेहत: प्रदीप चौबे

- नेमवि में एक दिवसीय कृषि कार्यशाला सम्पन्न




ललितपुर। कार्यक्रम के दौरान मंचासीन अतिथि व मौजूद छात्र-छात्रायें

**ललितपुर।** नेहरू महाविद्यालय ललितपुर के तुलसी सभागार में सस्य विज्ञान विभाग द्वारा आय वृद्धि जन्य खेती और उसकी संभावनाओं विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि बुंदेलखण्ड विकास बोर्ड के सदस्य एवं नेमवि प्रबंधक प्रदीप चौबे एवं प्राचार्य प्रो.राकेश नारायण द्विवेदी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए बुंदेलखण्ड विकास बोर्ड के सदस्य एवं नेमवि प्रबंधक प्रदीप चौबे ने कहा कि लेमन ग्रास से बनने वाली चाय स्वास्थ्य के लिए अत्यन्त लाभदायक है। बुंदेलखण्ड के किसानों के लिए लेमन ग्राम की खेती मे तेल उत्पादन के साथ-साथ चाय एवं एक अतिरिक्त आय वृद्धि का माध्यम बन सकती है। उन्होंने कहा कि यदि किसानों को और अधिक प्रोत्साहन दिया जाये तो इसमें औषधि के साथ साथ चाय से एक ओर जहाँ अच्छा स्वास्थ्य मिलेगा और किसानों की आय में वृद्धि भी हो सकेगी। नेमवि प्राचार्य प्रो.राकेश नारायण द्विवेदी ने कहा कि संयोजक डॉ. अवनीश कुमार त्रिपाठी द्वारा जो कार्यशाला का आयोजन किया गया है, जो एक पैकेज के रूप में प्रदर्शित हुई है। कार्यशाला में विभिन्न विषय विशेषज्ञों के पैनल द्वारा छात्र/छात्राओं को अनेक जानकारियां प्रदान की गई। उन्होंने कहा कि आज प्रतिदिन खेती की जमीन कम होती जा रही है, ऐसे में बढ़ती आबादी के लिए उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ कृषि आधारित विकल्पों को खोजने की आवश्यकता है। कार्यशाला की रूपरेखा पर संयोजक एवं विभागाध्यक्ष सस्य विज्ञान विभाग डॉ अवनीश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि सस्य विज्ञान विभाग की एक दिवसीय कार्यशाला में आय वृद्धि जन्य खेती और उसकी संभावनाएं कार्यशाला को तीन सत्रों के माध्यम से बीएससी कृषि के छात्र-छात्राओं द्वारा अपनी अपनी प्रस्तुतियां दी गई। कार्यशाला में लेमन ग्रास गुड टी के फोल्डर एवं डॉ अवनीश कुमार त्रिपाठी द्वारा लिखी एवं माही पब्लिकेशंस अहमदाबाद द्वारा प्रकाशित पुस्तक एक्सपेरिमेंटल एग्रोनॉमी का विमोचन मुख्य अतिथि द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सबसे बड़ा आकर्षण महाविद्यालय के शस्य विज्ञान विभागाध्यक्ष डा. अवनीश कुमार त्रिपाठी एवं कृषि कीट विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉक्टर जगत कौशिक द्वारा नेशनल एग्रीकल्चर हायर एजुकेशन प्रोजेक्ट एवं शेर ए कश्मीर यूनिवर्सिटी आफ एग्रीकल्चर साइंस एंड टेक्नोलॉजी कश्मीर एवं एईइडब्लूएस के संयुक्त बैनर तले आयोजित 15 दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला एवं प्रशिक्षण के ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेट्री के रूप में शामिल होने पर प्राप्त प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया वहीं कृष संकाय के सेवंथ सेमेस्टर में अध्ययनरत रावे के 24 छात्र छात्राओं को अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला एवं प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने पर प्राप्त प्रमाण पत्र को मुख्य अतिथि द्वारा छात्र छात्राओं को सौंप कर सम्मानित भी किया गया। कार्यशाला में प्रथम सत्र तकनीकी सत्र रखा गया जिसमें राष्ट्रीय स्क्रीन अवार्ड सहित 3 विज्ञान फिल्मों की स्क्रीनिंग की गई। साथ ही दो पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से आय बढ़ाने के उपायों को रखा गया। कार्यशाला के दूसरे सत्र में युवा वैज्ञानिकों द्वारा अपने-अपने स्टालों के माध्यम से अपने विचार रखे गए जिसमें लेमन ग्रास गुड वाली चाय स्टाल लेमन ग्रास के उत्पाद, खसखस का मॉडल, लेमन घास के भाग, बीज बुवाई की मशीन, हल्का डिबलर सहित मूल्य संबंर्धित उत्पादों के स्टाल आकर्षण का केंद्र रहे। कार्यशाला में डबलिंग फार्मर्स इनकम, लेमन ग्रास प्रोडक्ट, क्राफ्ट मॉडल, मशरूम एवं लेमन ग्रास टी की फिल्म और पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से आय वृद्धि जन्य खेती और उसकी संभावनाओं पर विचार रखे गए। कार्यशाला में सृष्टि, आलीजा, नंदिनी श्रीवास्तव, मोनिका, आसमा, नीलू कीर्ति, नंदिनी, रूपल, हरप्रिया, अनामिका, सृष्टि राणा, सलोनी, नैंसी, मेघना, मानसी बादल, आयुषी भारती दीपाली आदिति आशीष नरगिस दीपा आर्यन नैंसी पलक सहित कई बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस मौके पर डा. पंकज शर्मा, हिमांश धर द्विवेदी, जितेन्द्र कुमार, डा. हरीशचंद्र दीक्षित, डा.अरिमर्दन सिंह, डा.बलराम द्विवेदी, डा.जगत कौशिक, डा.संतोष सिंह, डा.लक्ष्मीकान्त मिश्रा, डा.मनीष वर्मा, डा.गीरेन्द्र सिंह, धीरेन्द्र तिवारी, इं. सौरभ श्रीवास्तव, डा.सुनील शुक्ला, डा.सुभाष जैन, डा.संजीव कुमार, डा.सुधाकर उपाध्याय, डा.अमित सोनी, डा.राजेश तिवारी, डा.मनीष वर्मा, डा.रोहित वर्मा, डा.राजीव निरंजन, हीम बख्श, विवेक पाराशर, धुरव किलेदार, राजीव गोस्वामी, जयंत चौबे, हरीप्रसाद, अंकित चौबे, भरत सिंह, राकेश, मिलन, कमलेश, कामता प्रसाद आदि उपस्थित रहे। अंत में डा.जगत कौशिक ने आभार व्यक्त किया।

# प्रेमावतार के पावन जन्मोत्सव क्रिसमस विशेष

**ललितपुर।** प्रेमदूत ईसा के जन्मोत्सव पर आयोजित एक परिचर्चा को संबोधित करते हुए नेहरू महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य प्रो. भगवत नारायण शर्मा ने कहा कि स्वयं ईसा ने अपने बारे में कहा है: लोमडय़ों के माँद होती है, नभचारी खगकुल अपने नीड़ में निवास करते हैं, पर मानवपुत्र (ईसा) के पास अपना सिर ढकने तक के लिए स्थान नहीं है। ईसा की शिक्षा भी यही है इसके अलावा मुक्ति का और कोई पंथ नहीं है। यदि हममें इस मार्ग पर चलने की क्षमता नहीं है तो हमें मुख में तिनका धारण कर विनीत भाव से अपनी दुर्बलता स्वीकार कर लेना चाहिए कि मैं और मेरे के प्रति ममत्व है, हमारे मन, हममें धन और ऐश्वर्य के प्रति आसक्ति है। हमें धिक्कार है कि इस सच्चाई को स्वीकार करने का हमारे अन्दर साहस नहीं है। उनका मानना था कि जिन्हें बड़ा आदमी बनने की लालसा है, वे निर्दोष कैसे रह सकते हैं। उनकी सर्वविदित घोषणा है कि सुई के छेद में से ऊँट तो निकल सकता है, ईश्वरीय राज्य के द्वार पापाचार से कमाये गए धनपति के लिए हमेशा बंद ही मिलेंगे। उन्हें सूली पर लटकाते समय उद्गार थे, कि हे प्रभु, उन्हें क्षमा करना, जो यह नही जान रहे हैं कि वे क्या कर रहे हैं। देह में अवस्थित हो वे मानव जाति के कल्याण के लिए देह का परिचालन कर रहे थे। देह के साथ उनका मात्र यही लगाव था। वे कहते थे आत्मा लिंगविहीन है। अतः भेदभाव करना सर्वथा अनुचित है। वे वास्तव में विदेह, शुद्धबुद्ध मुक्त आत्मस्वरूप हैं। निःसन्देह वे अनंत ज्योतिस्वरूप ब्रह्म के प्रकाशदूत हैं।

# कोल्ड चेन हैंडलर्स ने सीखे कोल्ड चैन के बेहतर रखरखाव के तरीके

- यूनिसेफ एवं यूएनडीपी के सहयोग से दो दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ आयोजन



ललितपुर। कार्यशाला के दौरान संबोधित करते सीएमओ

**ललितपुर।** सीएमओ सभागार में सीएमओ सभागार में स्वास्थ्य विभाग ने यूनिसेफ एवं यूएनडीपी के सहयोग से कोल्ड चैन हैंडलर का दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन हुआ। इसके समापन पर सीएमओ डा.जे.एस.बक्शी ने सभी कोल्ड चैन हैंडलर को प्रशिक्षण सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जनवरी माह में विशेष टीकाकरण पखवाड़ा शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों के लिए आयोजित किया जाना हैं। इस दौरान सभी बच्चों का टीकाकरण किया जाएगा। कम्युनिटी मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ सौरभ सक्सेना ने कहा कि कोल्ड चैन में वैक्सीन की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए उसकी निगरानी अति आवश्यक है। उन्होंने वैक्सीन की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए वैक्सीन कोल्ड चेन का सही तापमान व वैक्सीन के रखरखाव जानकारी दी,साथ ही टीकाकरण के दौरान चार संदेशों पर फोकस करने पर जोर दिया। एस.एम. नेट यूनिसेफ से अर्पिता गुप्ता ने कोल्ड चैन के बारे में बताते हुए हुए टेंपरेचर लॉग बुक, लॉग बुक चेक लिस्ट भरना एवम कोल्ड चैन हैंडलर के दायित्व के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। यूएनडीपी से चंद्र भूषण सिंह (पी. ओ.) व अरशद ने आईएलआर, डीप फ्रीजर कोल्ड बॉक्स वैक्सीन के रखरखाव, इविंन(इलेक्ट्रॉनिक वैक्सीन इंटेलिजेंट नेटवर्क), वैक्सीन वेस्टेज को कम करने से संबंधित जानकारी विस्तृत रूप से दी। अंत में सीएमओ डॉ बक्शी ने सभी कोल्ड चैन हैंडलर को प्रशिक्षण के सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर इस प्रशिक्षण में सभी ब्लॉकों से आए कोल्ड चैन हैंडलर, डिसट्रिक कोल्ड चैन पॉइंट के मनोज रावत, लक्ष्मी, मीना सिस्टर, हेमलता, नीतू, वालसा सिस्टर, विमला, विनीता, सुबोध, गायत्री गुप्ता,डाटा एंट्री आपरेटर विकास आदि उपस्थित रहे।

### क्या हैं चार संदेश

प्रशिक्षण के दौरान चार संदेश बताए गए।

इनमें पहला यह कौन सा टीका है एवं किस बीमारी से बचाव करता है। दूसरा संदेश टीके के सामान्य प्रतिकूल प्रभाव व बचाव का क्या उपाय हैं। तीसरा संदेश अगला टीका कब और कहां लगना है और चौथा संदेश टीकाकरण कार्ड संभाल कर रखना है और अगली बार टीकाकरण के दौरान साथ में उसे लाना है। टीकाकरण कराने के पश्चात सत्र स्थल पर तीस मिनट जरूर रुके,जिससे सामान्य प्रतिकूल प्रभाव दिखने पर उपचार किया जा सके।

## सारसुर्खियां

### क्रिसमस की पूर्व संध्या पर रंगारंग कार्यक्रम आयोजित



ललितपुर। कार्यक्रम का शुभारंभ करते फादर

**ललितपुर।** क्रिसमस-डे की पूर्व संध्या पर स्थानीय लिटिल फ्लावर स्कूल में बच्चों का रंगारंग कार्यक्रम एवं क्रिसमस मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम फादर किशोर मैथ्यू ने फीता काटकर प्रार्थना के उपरांत बच्चों के बाल मेला का उद्घाटन किया। बच्चों द्वारा सेंटा क्लॉस की ड्रेस पहनकर कार्यक्रम में चार चांद लगाए। वहीं दूसरी ओर भारत में बड़े दिन के रूप में मनाया जाता है। ऐसी मान्यता है कि 25 दिसंबर से दिन बड़े होने लगते हैं और रातें छोटी होने लगती हैं। यह कार्यक्रम 2 दिन तक चलेगा। यह जानकारी लिटिल फ्लावर स्कूल के संचालक बी.सोलोमन ने दी है। इस अवसर पर मनोज, बिंद्रावन, जेनिफर विश्वास, रूपकला, सैमुअल, शिखा आदि का विशेष सहयोग रहा। विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रबंधक श्रीमती सोलोमन ने सभी का आभार जताया।

### जिला संयुक्त ट्रेड यूनियन समन्वय समिति की बैठक आज

**ललितपुर।** जिला संयुक्त ट्रेड यूनियन समन्वय समिति जनपद शाखा ललितपुर की साधारण सभा की एक आवश्यक बैठक संघ भवन पी.डब्लू.डी.निकट श्री वर्णी जैन इंटर कॉलेज ललितपुर में 25 दिसम्बर 2022 रविवार को अपराह्न 1 बजे आहूत की गई है। बैठक में समन्वय समिति की जनपदीय कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया जाएगा। समन्वय समिति से संबद्ध समस्त संगठनों से अपने अपने दो दो प्रतिनिधियों के साथ प्रतिभाग करने एवं समन्वय समिति की जनपद शाखा ललितपुर के पुनर्गठन में सहयोग हेतु अनुरोध किया गया है।

### लिंग आधारित भेदभाव को समाप्त करने हेतु सभी को मिलकर करना होगा कार्य : डीएम

**ललितपुर।** राष्ट्रीय जेण्डर अभियान के समापन अवसर पर जिलाधिकारी आलोक सिंह की अध्यक्षता एवं सेवानिवृत आईएएस अधिकारी राजीव शर्मा के मुख्य आतिथ्य में कलैक्ट्रेट सभागार में संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वप्रथमजिलाधिकारी के द्वारा संगोष्ठी में लिंग आधारित भेदभाव को समाप्त करने हेतु शपथ दिलाई गई। नीरज कुमार श्रीवास्तव, उपायुक्त, स्वतः रोजगार के द्वारा राष्ट्रीय जेण्डर अभियान के उद्देश्यों एवं अभियान के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह, ग्राम संगठन एवं संकुल स्तरीय संघों के द्वारा आयोजित रैली, गोष्ठी, चर्चा एवं अन्य किये गये जन जागरुकता कार्यो के संबंध में जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी आलोक सिंह के कुशल निर्देशन, मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन तथा उपायुक्त, स्वतःरोजगार नीरज कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, ललितपुर के द्वारा 25 नवम्बर 2022 से 23 दिसम्बर 2022 तक राष्ट्रीय जेण्डर अभियान का आयोजन जनपद, विकासखंड, कलस्टर, ग्राम संगठन एवं ग्राम स्तर पर किया गया है। उन्होंने बताया कि इस अभियान में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत कार्यरत समूह सखी, बैंक सखी, बी0सी0 सखी, आजीविका सखी, आई0सी0आर0पी0 के द्वारा सामुदायिक बैठक कर, रंगोली, पोस्टर के माध्यम से जनपद के समस्त ग्रामों में संचालित स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को लिंग आधारित भेदभाव, महिला हिंसा के संबंध में जागरुक किया गया। संगोष्ठी में परियोजना निदेशक अनिल कुमार सिंह के द्वारा महिलाओं के कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीडन (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम-2013 के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। उपायुक्त (श्रम रोजगार) रविन्द्र वीर यादव के द्वारा बताया गया कि मनरेगा के अंतर्गत कार्यरत महिला श्रमिकों, मनरेगा मेटों को भी उक्त अभियान के अंतर्गत जागरुक किया गया है। प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी अकांक्षा यादव, दीक्षा यादव व यासमीन जहां, ब्लॉक मिशन प्रबंधक (एन0आर0एल0एम0) एवं प्रगति भारत संस्था, ललितपुर की प्रतिनिधि दीपाली पटेरिया के द्वारा लिंग आधारित भेदभाव, महिला हिंसा के रोकथाम, महिला हेल्पलाईन, आदि के संबंध में अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर पूजा देवी ( बी0सी0 सखी) सिया देवी (बैंक सखी), आशा देवी (समूह सखी), तुलसी देवी (एफ0एन0एच0डब्ल्यू0 आई0सी0आर0पी0), शशिकला देवी (विद्युत सखी) को उत्कृष्ठ कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। साथ ही समाज के तीसरा वर्ग ट्रांसजेण्डर शिवानी, शिल्पी को समाजकार्य के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने पर प्रशस्ति प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सेवानिवृत आई0ए0एस0 अधिकारी राजीव शर्मा के ने कहा कि महिलाओं को आगे आकर प्रत्येक कार्य को करना चाहिए। आज हर क्षेत्र मे महिलायें एक से बढ़-चढ़कर एक कार्य कर रही हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के द्वारा महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक क्षेत्र में उत्थान हेतु सराहनीय कार्य किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों के आयोजन पर जिला मिशन प्रबंधकों एवं ब्लॉक मिशन प्रबंधकों, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि लिंग आधारित भेदभाव को समाप्त करने व महिलाओं की सुरक्षा, स्वालंबन तथा समान अवसरों को बढ़ाने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। लिंग आधारित भेदभाव को समाप्त करने हेतु समस्त विभागों, स्वयं सेवी संस्थाओं को मिलकर कार्य करना चाहिए। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूह के सदस्यों के द्वारा इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लिया गया एवं महिलाओं को जागरुक किया गया है, जो प्रशंसनीय है। संगोष्ठी के आयोजन में रीतेश यादव, अंकित श्रीवास्तव, राहुल श्रीवास्तव, रामगोपाल, संतोष साहू प्रतिनिधि मनिपाल बैंक, ललितपुर का योगदान रहा। परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, ललितपुर के द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

### राष्ट्रीय जेण्डर अभियान के तहत हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**ललितपुर।** राष्ट्रीय जेन्डर अभियान के अन्तर्गत महिलाओं के विरुद्ध हिंसा के रोकधाम हेतु विद्यालय नगर पालिका बालिका इण्टर कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम का अयोजन जिला प्रोवेशन अधिकारी व वार्ड पार्षद एवं स्कूल की प्रधानाचार्या की अध्यक्षता मे किया गया। कार्यक्रम में जिला प्रोवेशन अधिकारी द्वारा महिला कल्याण विभाग से संचालित समस्त योजनाओं विस्तृत जानकारी देकर छात्राओं को जागरूक किया गया। वन स्टॉफ सेन्टर, उ.प्र.मुख्य मंत्री कन्या सुमंगला योजना, उ.प्र. मुख्य मंत्री बाल सेवा योजना (कोविड-19) व सामान्य विधवा पेंशन, गुड टच वेड टच टोल फ्री नम्बर 181, 112, 1098 1090 एवं कार्यक्रम पर महिलाओं के लैगिक उत्पीडन इत्यादि की विस्तृत जानकारी दी गयी एवं वार्ड मेम्बर महिलाओं के विरूद्ध हिंसा की शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम में महिला कल्याण अधिकारी, प्रभारी, वन स्टॅाप सेन्टर, जिला समन्वयक (म.श.के.), पैरा मेडिकल स्टॉफ नर्स उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन लक्ष्मी सिंह द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में प्रधानाचार्या नमिता गुप्ता, रूपम सिंह, श्वेता गौतम एवं समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।

### केन्द्र पर मिलेगा पुष्टाचार

**ललितपुर।** जिला कार्यक्रम अधिकारी ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि जनपद ललितपुर में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के अन्तर्गत संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों के लाभार्थियों यथा-06 माह से 06 वर्ष के आयुवर्ग के बच्चे, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को विभाग द्वारा मासिक रूप से अनुपूरक पुष्टाहार उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था है। उक्त लाभार्थियों को माह दिसम्बर 2022 में माह-अक्टूबर व नवम्बर 2022 का अनुपूरक पुष्टाहार आंगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा।

वे ही विजयी हो सकते हैं जिनमें विश्वास है कि वे विजयी होंगे।
- अज्ञात

# आज रहेगी क्रिसमस की धूम, दुल्हन की तरह सजाए गए गिरजाघर



-क्रिसमस की पूर्व संध्या पर रोशनी से जगमग गिरजाघर।,



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

- पूर्व संध्या पर बिजली की रंगीन रोशनी से जगमगा उठे चर्च
- क्रिसमस को लेकर इसाई समुदाय में दिखा उत्साह

**भास्कर न्यूज, बांदा।** क्रिसमस डे इसाइयों का सबसे बड़ा त्योहार है। इसे मनाने के लिए ईसाई समुदाय के लोगों ने घरों में भव्य तैयारियां की हैं। शहर में स्थित दोनों गिरिजाघरों में सजावट का कार्य पूरा कर लिया गया है। इनमें रविवार (25 दिसंबर) को दिन में प्रार्थना सभा का आयोजन किया जाएगा।

क्रिसमस को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इसी दिन प्रभु यीशु मसीह का जन्म हुआ था। इस पवित्र त्योहार को पूरी दुनिया में ईसाई समुदाय पूरे एक सप्ताह तक मनाता है। इस पर्व को लेकर शहर के चर्चों और क्रिश्चियन स्कूलों में तैयारी पूरी कर ली गई है। क्रिश्चियन स्कूलों के साथ घरों में भव्य सजावट की गई है। रंगीन रोशनी के लिए इलेक्ट्रॉनिक एलईडी की झालरें, झूमर, गुब्बारे, किरने बेल, पतलाइयों, स्टार से घर व चर्च जगमगाने लगे हैं। शनिवार को चिल्ला रोड स्थित सेंट जार्ज (पीला चर्च) और रोडवेज बस स्टैंड के सामने स्थित सेंट पाल्स गिरिजाघरों को आकर्षक बिजली की रंगीन रोशन से सजाया गया है। चर्च को झालर आदि से सजाया गया है। क्रिसमस को लेकर इसाई समुदाय में उत्साह नजर आ रहा है। पूर्व संध्या पर ही दोनों गिरिजाघर बिजली की रंगीन रोशनी से जगमगा उठे। गिरिजाघरों के इर्दगिर्द लोगों की भीड़ नजर आई। पादरी अनुपम जान ने बताया कि रविवार को सुबह नौ बजे सेंट जार्ज चर्च और 11 बजे रोडवेज बस स्टैंड के सामने स्थित सेंट पाल्स गिरिजाघर में विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की जाएगी। सेंट जार्ज चर्च के सचिव एल्बर्ट रस्किन ने बताया कि कोरोना प्रोटोकाल का पालन करते हुए दोनों गिरिजाघरों में विशेष प्रार्थना सभा होगी। बगैर मास्क चर्च में प्रवेश पर रोक रहेगी।

**बच्चों ने प्रस्तुत किए आकर्षक रंगारंग कार्यक्रम:** चिल्ला रोड श्रीनाथ विहार स्थित यूरोकिड्स में शनिवार को क्रिसमस की धूम रही। बच्चे सांता क्लॉज बने रहे। जिंगल बेल, गोलमा, मुझे माफ करना, ओम सांई राम, लकड़ी की काठी, ईना मीना डीका आदि गानों पर नृत्य प्रस्तुत किए। समापन पर विभिन्न प्रकार के उपहार देकर बच्चों को सम्मानित किया गया। कोपल, शिल्पा, रिजवाना, प्रीति, मानसी ने बच्चों का उत्साह बढ़ाया। मुख्य अतिथि छाया समेत निदेशक राम लखन कुशवाहा, नामिनेटेड चेयरमैन अंकित कुशवाहा यूरो किड्स डायरेक्टर संध्या कुशवाहा, भागवत प्रसाद मेमोरियल इंटर कालेज प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

**धूमधाम से बच्चों ने मनाया क्रिसमस:** इंदिरा नगर स्थित शुभ संस्कृति किड्स जोन व सिटी ब्रांच में क्रिसमस से एक दिन पहले ही शनिवार को प्रभु यीशु मसीह का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय प्रबंधक अमित गुप्ता व अध्यक्ष दीपिका गुप्ता ने सरस्वती प्रतिमा व प्रभु यीशु मसीह के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए कार्यक्रम का उद्घाटन किया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में भागीदारी की। कक्षा दो की छात्राओं ने नृत्य प्रस्तुत किया। मां मरियम की मनोरम झांकी प्रस्तुत की। संत तुलसी पब्लिक विद्यालय प्रबंधक संत कुमार गुप्ता ने बच्चों को क्रिसमस-डे की जानकारी दी। इस मौके पर जगनायक यादव, जगदीशचंद्र चंसौरिया समेत तमाम शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

# बीडीओ ने 32 बीसी सखियों को वितरित की साड़ियां



बीसी सखियों को साड़ी वितरित करते बीडीओ।

- साड़ियों को ड्रेस कोड के रूप में पहनने की नसीहत

**भास्कर न्यूज, बांदा।** साड़ी वितरण कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय ग्रामीण अजीविका मिशन के तहत खंड विकास अधिकारी ने महुआ ब्लाक क्षेत्र की 32 बीसी सखियों में साड़ी वितरित की। बीडीओ ने कहा कि सरकार की मंशा है कि बीसी सखी भी ड्रेस कोड में दिखाई दें। इसलिए सभी बैंक सखी साड़ी का इस्तेमाल ड्रेस कोड के रूप में करें।

महुआ ब्लाक कार्यालय में शनिवार को खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार बघेल ने समारोह के बीच राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत कार्यरत 32 बीसी सखियों को ड्रेस के रूप में साड़यां वितरित कीं। बीडीओ ने बीसी सखियों को अधिक से अधिक बैंकिंग लेन-देन ग्राम स्तर पर कराने को प्रेरित किया। कहा कि शासन की मंशा के तहत उनकी जो तैनाती की गई है, उसका निर्वहन पूरी ईमानदारी से करें। समूह के माध्यम से रोजगार से जुड़ें और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़कर स्वावलंबी बनने का काम करें। सरकार ने अजीविका मिशन के तहत समूह का गठन किया है। जिससे ग्रामीण महिलाएं सशक्त हो सकें। इसमें बीसी सखियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। सभी अपने दायित्वों का निर्वाह निष्पक्षता के साथ करें और हुनर से पहचान बनाएं। हुनर हासिल कर लेंगी तो फिर आत्मनिर्भर बन सकेंगी। सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए जो योजनाएं चल रही हैं, वह तभी सार्थक होगी। जब इसका परिणाम सुखद दिखाई दे। एडीओ वीर सिंह ने कहा कि महिलाओं का समूह विभिन्न क्षेत्रों में अच्छा काम कर रहा है। इसमें ब्लॉक मिशन टीम का पूरा सहयोग है। ग्राम पंचायतों के खातों का सभी भुगतान बैंक सखियों के जरिये से हो रहा है। गांव का कोई व्यक्ति इनसे संपर्क करके बैंक खाते में जमा अपनी धनराशि जमा भी करा सकते हैं और निकाल भी सकते हैं। इस मौके पर बीसी सखी अंजू प्रजापति, अर्चना मिश्रा, आरती अवस्थी, लीलावती समत लेखाकार संतोष निगम, प्रतीक मिश्रा, विमल त्रिपाठी, कार्यालय सहायक ऋषिकांत अवस्थी, ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष प्रतिनिधि ओमप्रकाश त्रिपाठी, प्रमोद द्विवेदी, अश्वनी गुप्ता, डा.अनूप सिंह आदि उपस्थित रहे।

# आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को दुलराया, बांटे बिस्कुट और फल



बच्चों को फल व बिस्कुट बांटती महिला मोर्चा पदाधिकारी।

**भास्कर न्यूज, बांदा।** बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के अंतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों की व्यवस्थाओं को परखने और वहां बच्चों और महिलाओं को मिलने वाली सुविधाओं को देखने के लिए भाजपा महिला मोर्चा के तत्वावधान में आदर्श आंगनबाड़ी अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत महिला मोर्चा की पदाधिकारी केंद्रों में पहुंचकर बच्चों से उनका हालचाल जान रही हैं और उन्हें दुलार कर उनके खान पान की व्यवस्था परख रही हैं। शनिवार को आदर्श आंगनबाड़ी अभियान के तहत भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष वंदना गुप्ता और जिला मंत्री विनीता त्रिपाठी की अगुवाई में मोर्चा की पदाधिकारी शहर के स्वराज कालोनी के आंगनबाड़ी केंद्र में पहुंची और वहां की व्यवस्थाएं परखीं। महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने बच्चों और गर्भवती महिलाओं को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। आंगनबाड़ी कार्यकत्री मृदुला त्रिपाठी ने महिला मोर्चा की पदाधिकारियों को पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मानित किया और उन्हें केंद्र से संबंधित जानकारी दी। महिला मोर्चा पदाधिकारियों ने बच्चों को बिस्कुट और फल वितरित कर उनका हालचाल जाना। इसके बाद महिला मोर्चा की टोली बंगालीपुरा आंगनबाड़ी में पहुंची। जहां बच्चों को बिस्कुट फल वितरित कर उन्हें दुलराया। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती गुप्ता ने कहा कि भाजपा की सरकार आंगनबाड़ी केंद्रों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और केंद्रों के माध्यम से बच्चों और गर्भवती महिलाओं को पोषण अभियान से जोड़ने का काम कर रही है। जिला मंत्री व ग्राम प्रधान श्रीमती त्रिपाठी ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बच्चों और महिलाओं के पोषण को लेकर सजग रहने की नसीहत दी। कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं, ऐसे में उनके पोषण का ख्याल रखना आवश्यक है। भाजपा सरकार में आंगनबाड़ी केंद्रों की दशा में काफी सुधार हुआ है। बताया कि भाजपा सरकार कुपोषण को दूर करने के लिए पोषण वाटिका स्थापित करके बच्चों और महिलाओं को पोषणयुक्त बना रही हैं। इस मौके पर भाजपा महिला मोर्चा की कई पदाधिकारी शामिल रहीं।

# समाधान दिवस : 70 में से 21 का मौके पर निस्तारण



कोतवाली में समस्याएं सुनतें डीएम, एसपी।

**डीएम व एसपी ने थाना कोतवाली नगर में सुनी जन समस्याएं**

**भास्कर न्यूज, बांदा।** समाधान दिवस पर सभी थानों पर पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीमों ने जनता की शिकायतें सुनीं। 70 शिकायतों में से 21 शिकायतों का मौके पर समाधान किया गया। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने थाना कोतवाली नगर और अपर पुलिस अधीक्षक ने थाना मटौंध में जन शिकायतें सुनीं और समस्याओं को त्वरित निस्तारण के आदेश दिये। जनशिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के लिये सभी थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ, जिसमें पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारियों ने थानों में जनता की शिकायतें सुनीं और उनका निस्तारण किया। जिलाधिकारी दीपा रंजन व पुलिस अधीक्षक अभिन्दन ने थाना कोतवाली नगर पर जनता की शिकायतें सुनीं। यहां कुल 7 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिसमें से 3 का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण के लिये संबंधित को निर्देशित किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्र व क्षेत्राधिकारी नगर अंबुजा त्रिवेदी भी उपस्थित रहे। अपर पुलिस अधीक्षक ने थाना मटौंध, एसडीएम बबेरु व सीओ बबेरु ने थाना बबेरु, सीओ अतर्रा ने थाना बदौसा, सीओ नरैनी ने थाना गिरवां, एसडीएम ने थाना फतेहगंज, एसडीएम पैलानी व क्षेत्राधिकारी ने थाना पैलानी पर जनता की शिकायतें सुनकर उनका निस्तारण किया।

# सड़क हादसों में दो लोग घायल

भास्कर न्यूज, बांदा। बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे में इन दिनों काम चल रहा है। प्राइवेट कंपनी उसका ठेका लिए है। शुक्रवार की रात ठेकेदार का कार चालक सौरभ (32) निवासी गोरखपुर चैनेज नंबर 70 पर खड़ा हुआ था। तभी तेज रफ्तार बोलेरो ने उसे टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहां से गुजर रहे राहगीरों ने देखा तो टीम के सदस्यों को जानकारी दी। मौके पर पहुंची यूपीडा की एंबुलेंस से उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। दूसरी घटना में शहर के इंदिरा नगर मुहल्ला निवासी विद्याभूषण (32) पुत्र नत्थूराम तिंदवारी रोड स्थित ढाबे से जन्म दिन पार्टी मनाने के बाद स्कूटी से घर लौट रहा था। तभी मंडी समिति के पास सामने से आ रही चार पहिया कार ने उसे टक्कर मारकर घायल कर दिया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# अतिक्रमण हटाने को लेकर प्रशासन की चेतावनी, स्वयं हटाएं अवैध कब्जा

- आवास विकास कॉलोनी में रोड पर अतिक्रमण की हुई थी शिकायत

**भास्कर न्यूज, बांदा।** नगर पालिका परिषद की ओर से आवास विकास कॉलोनी के ए ब्लॉक में अतिक्रमणकारियों को अतिक्रमण हटाने के लिये नोटिस देकर सचेत किया है। नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि यदि स्वयं से अतिक्रमण न हटाया तो प्रशासन कार्यवाही करेगा। शहर के आवास विकास कॉलोनी ए ब्लॉक में 30 फुट चौड़ा रोड है, लेकिन अतिक्रमणकारियों ने इस पर कब्जा कर रखा है, जिसकी वजह से यहां रोड सकरा होकर बमुश्किल 9 से 10 फुट ही इस्तेमाल को बचा है। यहां से जब एक ट्रैक्टर या चार पहिया भी गुजरती है तो दो पहिया वाहन चालकों और राहगीरों को निकलने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। इस दौरान मोहल्ले में दुर्घटना की भी संभावना बनी रहती है। समाजसेवी महेश प्रताप सिंह, पुष्पेंद्र सिंह चुनाले व संदीप ने तकरीबन पांच माह पहले इस मुद्दे पर आवाज उठाते हुए जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा था। मांग की गई थी कि आवास विकास कॉलोनी के ए ब्लॉक का अतिक्रण हटवाया जाये। कार्यवाही न होने पर समाजसेवियों ने एक माह बाद फिर से मंडलायुक्त को फिर से ज्ञापन सौंपा साथ ही मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री के पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाते हुए अतिक्रमकण हटवाने की मांग की, जिस पर नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी द्वारा अतिक्रमणकारियों को लगातार दो बार नोटिस देकर सचेत किया जा चुका है कि अतिक्रमणकारी स्वयं से अतिक्रमण हटा लें, अन्यथा की स्थिति में प्रशासन को कार्यवाही करनी पड़ेगी। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि अब देखना यह है कि अतिक्रमणकारियों पर कार्यवाही होगी या फिर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जायेगा।



आवास विकास कॉलोनी में कुछ इस तरह है अतिक्रमण।

**ईओ ने डीएम को सौंपी आख्या:** नगर पालिका परिषद के अधिशाषी अधिकारी ने जिलाधकारी को आख्या प्रेषित कर अवगत कराया है कि जनसुनवाई पीजी पोर्टल में महेश प्रताप सिंह ने आवास विकास कॉलोनी में रोड के दोनों ओर अवैध अतिक्रमण की शिकायत की है। इस क्रम में पालिका अवर अभियंता ने मौके पर निरीक्षण करके अवगत कराया है कि मोहल्ले में लोग रैंप और चबूतरे बनाकर अतिक्रमण किये हुए हैं। अतिक्रमण को एक सप्ताह में हटाने की नोटिस जारी कर दी गई है।

**जन सूचना में मिला गोलमोल जवाब:** समाजसेवी कुलदीप शुक्ला ने उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद के जन सूचना अधिकारी से सूचना मांगी थी कि आवास विकास कॉलोनी के ए, बी और सी ब्लॉक में कुल कितने भवन या भूखंड हैं। जिस पर परिषद के संपत्ति प्रबंधक झांसी महामहिंद ने जानकारी दी है कि आवास विकास कॉलोनी के ए, बी व सी ब्लॉक में कुल छह व्यावसायिक भूखंड हैं। जन सूचना में यह भी जानकारी मांगी गई थी कि आवास विकास कॉलोनी में कुल कितने आवासीय भवनों को व्यावसायिक भवन कराया गया है और कुल कितने राजस्व की प्राप्ति हुई। इस पर संपत्ति प्रबंधक ने जानकारी दी है कि इस संबंध में कोई सूचना कार्यालय में संकलित नहीं है। जन सूचना का अधिकार अंतर्गत बिंदु संख्या-3 में पूछा गया था कि जिन आवासीय भवनों में व्यावसायिक कार्यों का संचालन हो रहा है, उन पर कौन सी कार्यवाही की गई है। इस पर संपतत्ति प्रबंधक झांसी ने अवगत कराया कि इसकी सूचना अधिशाषी अभियंता बांदा प्रेषित करेंगे।

## सार सुर्खियां

### खानदानियों के बीच मारपीट में पांच लहूलुहान

**भास्कर न्यूज, बांदा।** देहात कोतवाली क्षेत्र के कलेक्टर पुरवा गांव निवासी रामप्रताप यादव का पारिवारिक भाई सौखीलाल से 14 बीघा जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। विवादित जमीन पर बबूल का पेड़ लगा है। वह पेड़ सौखीलाल काट रहा था। इस पर रामप्रसाद की पत्नी सुमित्रा ने मना किया। इसी बात को लेकर नोकझोंक हो गई। शनिवार की सुबह खानदानी लोग दरवाजे में चढ़कर गालीगलौज करने लगे। विरोध करने पर पांच लोगों ने सुमित्रा (50), उसके पुत्र विजय पाल (19), देवरानी उज्जी (45) पत्नी राजकुमार, उसका पुत्र कुलदीप (26), ननद फुलमतिया (60) पत्नी बुद्दी निवासी जारी को लाठियों से पीटकर लहूलुहान कर दिया। शोरगुल सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने किसी तरह समझा बुझाकर मामले को शांत कराय। सभी घायलों को जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया। घटना की तहरीर पुलिस को दे दी गई है। वहीं तिंदवारी थाना क्षेत्र के बेंदाघाट निवासी पप्पू पुत्र अंजन का जमीन को लेकर पड़ोसी रामशरण पुत्र बलुवा से विवाद हो गया। दोनो में गाली-गलौज हुई। एक-दूसरे मारा पीटा। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे चैकी प्रभारी संतप्रसाद ने दोनो के विरुद्ध शांतिभंग की कार्रवाई की।

### 27 को अटल भाषण प्रतियोगिता का आयोजन करेगा भाजयुमो

**भास्कर न्यूज, बांदा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष मोहित गुप्ता ने मीडिया को बताया कि भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी बाजपेई की जयंती पर रविवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर जिला स्तर पर अटल भाषण प्रतियोगिता का आयोजन करेगा। इसी क्रम में जनपद में 27 दिसंबर को सुबह 11 बजे अटल भाषण प्रतियोगिता का आयोजन नवीन भाजपा कार्यालय कनवारा रोड में किया जाएगा। प्रतियोगिता के प्रथम तीन विजेताओं को क्षेत्र एवं प्रदेश द्वारा आयोजित भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा। साथ ही प्रदेश स्तर पर 50 विजेताओं को भाजपा मोर्चा के बैनर तले देश भर में हो रहे आयोजनों में प्रतिभा उजागर करने का अवसर मिलेगा। भाजयुमो सुशासन यात्रा के अंतर्गत पूरे प्रदेश भर में भ्रमण करायेगा। स्थानीय चुनाव प्रचार में बोलने का अवसर दिया जायेगा। सहभागिता का प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा और अटल डिबेटिंग क्लब की सदस्यता प्रदान की जाएगी। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागी की आयु 18 से 35 वर्ष रखी गई है। प्रतिभागियों का मूल्यांकन कुल 50 अंकों के आधार पर होगा। प्रतिभागियों को प्रतियोगिता में कुल 4 विषयों नरेंद्र मोदी का डिजिटल इंडिया गुड गवर्नेंस पर जोर देता है, भारत का 5 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था की ओर स्थानांतरण, समय की मांग मुफ्तखोरी की राजनीति से विकास की राजनीति की ओर स्थानांतरण और नरेंद्र मोदी की सरकार युवाओं को सशक्त बनाने पर केंद्रित है, में से एक पर बोलना है। प्रतियोगिता में प्रत्येक प्रतिभागी को अधिकतम 3 मिनट का समय दिया जायेगा। इस अवसर पर भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राहुल सोनी व भाजयुमो जिला मंत्री आशीष पटेल भी उपस्थित रहे।

### चित्र प्रदर्शनी व चेतना रथ संग मनेगा आजादी का अमृत महोत्सव

**भास्कर न्यूज, बांदा।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो क्षेत्रीय कार्यालय के तत्वाधान में तिंदवारा गांव स्थित इंटरमीडिएट कालेज में दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी 25 व 26 दिसंबर को लगेगी। जागरूकता और प्रचार-प्रसार के लिए प्रधानाचार्य ने हरी झंडी दिखाकर चेतना रथ को रवाना किया। इस अवसर पर छात्रों ने सचल चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से आजादी के अमृत महोत्सव की महत्ता को समझा। छात्रों ने रैली निकाल जागरूकता का संदेश दिया। तिंदवारा गांव स्थित इंटरमीडिएट कालेज में दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी 25 व 26 दिसंबर को लगेगी। इंटरमीडिएट कालेज प्रधानाचार्य धनराज रैकवार ने शनिवार को ग्रामीण व शहरवासियों के अवलोकन के लिए झंडी दिखाकर चेतना रथ को रवाना किया। क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव त्रिपाठी ने बताया कि रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज प्रधानाचार्य डा.मुकेश यादव रविवार को चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। इस चित्र प्रदर्शनी में आजादी के अमृत महोत्सव से जुड़ी तमाम महत्वपूर्ण जानकारी दी जाएगी। अन्य रोचक व ज्ञानवर्धक बातों को लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से दो दिनों तक चलने वाली चित्र प्रदर्शनी में मंत्रालय के नामित कलाकारों द्वारा जादू के माध्यम से आजादी के अमृत महोत्सव के बारे में जागरूक किया जाएगा। इस दौरान प्रश्नोत्तरी व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा। इन प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को विभाग द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया जाएगा।

### गंदगी के बेहाल कस्बावासियों ने घेरा नगर पंचायत कार्यालय

**भास्कर न्यूज, नरैनी।** कस्बे में दूषित जल निकासी को नगर पंचायत ने नाले और नालियों का निर्माण तो करवा दिया, लेकिन इन्हें सुरक्षित करने का कोई इंतजाम नहीं किया, जिसकी वजह से फिर से जानवर की गिरने से मौत हो गई। दुर्गंध से बेहाल कस्बावासियों ने नगर पंचायत का घेराव किया और ज्ञापन देकर नाले व नालियां अविलंब पटवाने की मांग की। नगर पंचायत ने नगर में नालों का निर्माण तो करवा दिया, लेकिन इन्हें सुरक्षित करने का अभी तक कोई उपाय नहीं किया, जिसकी वजह से इन खुले पड़े नालों में आए दिन इंसानों के साथ मवेशी भी गिरकर चुटहिल हो रहे हैं। अब तक कई जानवरों की नालों में गिरने से मौत हो चुकी है। इस समस्या को लेकर क्षेत्र के लोग कई बार नगर पंचायत के सामने नालों को पाटने की मांग उठा चुके हैं, लेकिन अभी तक इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं हुई। कस्बे में अतर्रा रोड पर बने नाले में एक मवेशी की गिर जाने से मौत हो गई, जिसकी जानकारी लोगों को तब हो पाई, जब मवेशी के शव की गंध से आसपास के लोगों का सांस लेना तक दूभर हो गया। लोगों ने तत्काल नगर पंचायत को सूचना दी। घंटों की मशक्कत बाद मृत मवेशी को नाले से बाहर निकाला जा सका। कइसके बाद कस्बावासियों ने नगर पंचायत का घेराव किया और तत्काल नाले व नालियां पटवाने की मांग की। इस मौके पर कस्बा निवासी राजकुमार, शिवनरेश, राजाराम, रामभवन, शिवप्रसाद, मुन्ना, राकेश समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### वृद्धाश्रम में रहने वाले 80 फीसदी बुजुर्ग संतानों से प्रताड़ित

**भास्कर न्यूज,** बांदा। राजकीय महिला महाविद्यालय समाजशास्त्र छात्राओं ने वृद्धाश्रम पहुंचकर वृद्धजनों की समस्याएं विषय पर सामाजिक सर्वेक्षण किया। साथ ही वृद्ध आश्रम के रहन वाले वृद्धजनों को सम्मानित करने के साथ उन्हें साबुन भी वितरित किए। सर्वेक्षण में खुलासा हुआ कि वृद्धाश्रम में रहने वाले 80 फीसदी बुजुर्गों का उत्पीड़न अपने ने ही किया। महाविद्यालय प्राचार्य डा.दीपाली गुप्ता एवं विभागाध्यक्ष डा.सबीहा रहमानी की अगुवाई में शनिवार को समाजशास्त्र विभाग की छात्राओं द्वारा सामाजिक सर्वेक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्राओं द्वारा नरैनी रोड स्थित वृद्धाश्रम में जाकर सर्वेक्षण किया। समाजशास्त्र विभाग की एमए प्रथम वर्ष की छात्राओं ने नई शिक्षा नीति 2020 के पाठ्यक्रम पर आधारित सर्वेक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। इनमें रिचा रैकवार, आकांक्षा पंडित, कोमल प्रजापति आदि छात्राओं एवं विभागाध्यक्ष ने वृद्धाश्रम के वृद्धजनों को खाद्य सामग्री तथा महजबी बेगम ने सभी वृद्धजनों को साबुन वितरित किए। इसमें संस्कृत विभाग की डा.जयंती सिंह का सक्रिय सहयोग रहा। सर्वेक्षण के दौरान वृद्धाश्रम के प्रबंधक श्याम किशोर द्विवेदी तथा उनके समस्त स्टाफ ने पूर्ण सहयोग किया। वृद्धाश्रम में लगभग 60 वृद्ध पुरुष व 35 वृद्ध महिलाएं हैं। छात्राओं ने इन वृद्धजनों से वार्तालाप कर साक्षात्कार लिया। जिसके अनुसार कुछ वृद्धजन ऐसे हैं जिनके कोई संतान नहीं हैं और कुछ की संतानों की मृत्यु हो गई है।

# जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय समिति की बैठक संपन्न

**- जनपद में कल शाम को आएगी नई रैक, खाद की नहीं है कमी**



बैठक को सम्बोधित करते डीएम व अन्य

**भास्कर न्यूज-हमीरपुर।** विकास कार्यों एवं शासन की प्राथमिकताओं को त्वरित गति प्रदान किए जाने के उद्देश्य से जनपद के मा जनप्रतिनिधियों के साथ जिलाधिकारी डा. चंद्रभूषण की मौजूदगी में समन्वय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित डा. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में जनप्रतिनिधियों में अध्यक्ष जिला पंचायत हमीरपुर जयंती राजपूत, सदर विधायक मनोज प्रजापति, राठ विधायक मनीषा अनुरागी, एमएलसी जितेन सेंगर, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि अशोक तिवारी, सांसद हमीरपुर महोबा प्रतिनिधि संतोष चैरसिया आदि मौजूद रहे। बैठक में जनप्रतिनिधियों के द्वारा जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ विभिन्न विकास कार्यों एवं अन्य संबंधित बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा किसी प्रकार की सूचना/जानकारी मांगने पर तत्काल दी जाए। जनप्रतिनिधियों को किसी भी प्रकार से भ्रमित करने का प्रयास न किया जाए। सभी अधिकारियों द्वारा मोबाइल फोन उठाया जाए तथा समस्याओं को सुनकर उनका नियमानुसार निस्तारण किया जाए। राठ विधायक ने कहा कि बुंदेलखंड की भौगोलिक विशेषताओं के दृष्टिगत रखते हुए नहरों का रोस्टर बनाकर उनका से संचालन किया जाए, इसमे लेट लतीफी न हो। ग्राम सचिवालय में निर्धारित समय में संबंधित ग्राम पंचायत अधिकारी तथा रोस्टर के अनुसार अन्य अधिकारी/कर्मचारी अनिवार्य रूप से बैठे तथा लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण करें। जिलाधिकारी ने कहा कि ग्राम सचिवालय में संबंधित कर्मचारी नियमित रूप से बैठ रहे हैं अथवा नहीं इसकी जांच की जाए। उन्होंने कहा कि पाइप पेयजल योजनाओं की छोटी मोटी कमियों को दूर कर पूर्ण क्षमता पर क्रियाशील किया जाए। ताकि पेयजल की कहीं भी समस्या ना होने पाए। जनपद की डीएपी व यूरिया खाद के प्रकरण पर जनप्रतिनिधियों द्वारा जानकारी प्राप्त की गई। जिस पर कृषि अधिकारी ने बताया कि जनपद में खाद की उपलब्धता पर्याप्त रूप में है। कल शाम को नई रैक आ जाएगी। जिसका वितरण 26 दिसंबर को किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि समितियों में उनकी डिमांड के अनुसार खाद आवंटित कर उसे अच्छे ढंग से वितरण कराया जाए। जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रकरण उठाए जाने पर जिलाधिकारी ने कहा कि कुरारा में मगही नाला तथा भरुआ में साहू नाला की साफ-सफाई सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने कहा कि जनपद में अवैध खनन व परिवहन पर प्रभावी ढंग से नियमित रूप से कार्रवाई किया जाए। उन्होंने बताया कि यदि किसान के खेत में किसी के द्वारा जबरिया खनन कार्य किया जा रहा हो तो इसकी संबंधित किसान खनिज विभाग को अनिवार्य रूप से सूचना दे, कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में सभी डेरा विद्युतीकृत होने चाहिए कोई भी डेरा विद्युतीकरण से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्रों पर डाक्टरों की उपलब्धता सुनिश्चित हो। सभी प्रकार के निर्माण कार्य मानक व गुणवत्ता के अनुसार किया जाए। पशुपालन विभाग द्वारा नस्ल सुधार के कार्य किए जाएं। सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त रखा जाएं तथा पुलों के निर्माण कार्य की प्रगति की नियमित रूप से समीक्षा की जाए। आयुर्वेद एवं यूनानी विभाग के सभी अस्पताल में डाक्टरों की उपलब्धता रहे इसके लिए अस्पतालों का औचक निरीक्षण किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि नमामि गंगे परियोजना के तहत गांव में पाइप डालने के पश्चात वहां की सड़कों को दुरुस्त कराया जाए। जो मिनी स्टेडियम बन गए हैं। उनका शुभारंभ कराया जाए। विकास खंडों में कैंप लगाकर विभिन्न योजनाओं से पात्र लाभार्थियों को जोड़ा जाए। चीन में बढ़ रहे कोविड-19 के संक्रमण के दृष्टिगत सतर्कता रखी जाए। जेंडर अभियान में जनपद हमीरपुर को उत्कृष्ट कार्य करने पर उपमुख्यमंत्री के हाथों सम्मानित होने पर सभी जनप्रतिनिधियों द्वारा जिलाधिकारी सहित पूरी टीम को बधाई दी गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक शुभम पटेल, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश कुमार यादव, अपर जिलाधिकारी न्यायिक डा. नागेंद्र नाथ यादव, सीडीओ मथुरा प्रसाद मिश्रा, डीएफओ श्री यूसी राय, डीडीओ श्री विकास, सीएमओ डा. रामअवतार, बीजेपी जिलाध्यक्ष ब्रज किशोर गुप्ता सहित अन्य संबंधित विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## विश्व युद्ध में अंग्रेजों को चंदा देने से इनकार किया था, बुंदेलखंड केसरी ने

**भास्कर न्यूज़-राठ।** क्षेत्र के मंगरौठ रियासत के दीवान और बुंदेलखंड के तीन महापुरुषों में शामिल बुंदेलखंड केसरी दीवान शत्रुघन सिंह ने प्रथम विश्व युद्ध के दौरान अंग्रेजी सरकार को चंदा देने से इनकार कर दिया था। जिस पर नाराज तहसीलदार ने उनको धमकी दी थी, कि इसका अंजाम जानते हो? तो बुंदेलखंड के इस केसरी ने कहा कि मैं मर मिटने को तैयार हूँ। आज के ही दिन बुंदेलखंड केसरी दीवान शत्रुघन सिंह का जन्म हुआ था और उनके द्वारा स्थापित शिक्षा संस्थान उनका जन्मदिन मना रहे हैं। दीवान साहब 1914 में जब जर्मनी इंग्लैंड के बीच प्रथम विश्व युद्ध हुआ, देश पर शासन कर रही अंग्रेजी हुकूमत ने जमीदारों, सेठ, साहूकारों और राजाओं से युद्ध के लिए चंदा वसूल करना शुरू कर दिया। 1916 में अंग्रेज कलेक्टर ने राठ तहसील के प्रांगण में सभी जमीदारों की बैठक बुलाई और चंदा देने को कहा। बैठक में जब दीवान साहब का नाम पुकारा गया और पूछा कि आप कितना चंदा देंगे, तो इस युवा जमीदार ने निर्भीकता से कहा एक भी पैसा नहीं। दीवान साहब का यह उत्तर सुनकर सभा में सन्नाटा पसर गया, तहसीलदार ने तेज आवाज में दीवान साहब की जमीदारी मिटाने की धमकी दी, दीवान साहब ने कहा कि मैं मिटने को तैयार हूं।जैसे ही दीवान साहब तहसील प्रांगण से बाहर आए, स्वतंत्रता के क्रांतिकारियों ने उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया और जलूस निकाला तथा जय जयकार करते हुए उनका जुलूस निकाला गया।1901 में जन्मे दीवान सिंह किशोरावस्था से ही स्वाधीनता संग्राम में कूद पड़े। उनका विवाह फतेहपुर जिले के गाजीपुर की जमीदार की कन्या राजेंद्र कुमारी से हुआ था। आजादी की लड़ाई में उन्होंने पति का भरपूर साथ दिया। दोनों ने ही जेल यात्राएं सहीं। दीवान साहब ने विनोबा भावे के भूदान आंदोलन से प्रेरित होकर, अपना पूरा गांव दान कर दिया। 2009 में अमेरिका में दीवान साहब की फोटो के साथ डाक टिकट जारी हुआ था।

## शपथ पत्र देकर देकर शिक्षको ने नई पेंशन योजना का किया विरोध



विरोध प्रदर्शन करते शिक्षक

**भास्कर न्यूज-हमीरपुर।** विशिष्ठ बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन जिला इकाई हमीरपुर के तत्वाधान में एनपीएस कटौती न किये जाने के विरोध में जिला महासचिव कमल किशोर के नेतृत्व में शपथ पत्र वित्त एवं लेखाधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व खण्ड विकास अधिकारी को देकर भरने का अभियान छेड़ा गया। एनपीएस योजना शेयर आधारित है। जो अत्यधिक जोखिम पूर्ण है। शिक्षक इस योजना को नही लेना चाहते है। जबकि शासन दबाव बनाकर जबरन प्रान भरने के लिये मजबूर कर रहा है और यदि प्रान कोई शिक्षक या कर्मचारी नही भरता है। तो उसे अपर मुख्य सचिव एवं वित्त नियंत्रक ने वेतन रोकने के आदेश दिये है। इस तानाशाही रवैये से शिक्षक कर्मचारियों में आक्रोश है। चूंकि नई पेंशन योजना स्वैच्छिक है। पर जबरन शिक्षक कर्मचारियों से इसे भरवाया जा रहा है। लगभग पूरे प्रदेश में एक लाख शिक्षक कर्मचारियों ने अभी तक एनपीएस फार्म नही भरा है। सरकार चाहती है कि सभी कर्मचारियों से प्रान फार्म भरवाकर कटौती करवायी जा सके। और न्यायालय में बताया जा सके कि नई पेंशन योजना शिक्षक कर्मचारी स्वैच्छा से लेना चाहते है। जबकि सभी शिक्षक कर्मचारी पुरानी पेंशन पाने के लिये आन्दोलनरत है। और कई राज्यो ने पुरानी पेंशन बहाल भी कर दी है। चूंकि पुरानी पेंशन में अंतिम मूल वेतन का आधा वेतन के रूप में मिलता है। जिससे बुढापे में सुरक्षा और आत्मसम्मान से जीने का बल मिलता है। इन सभी चीजो को लेकर अब जनपद के सभी शिक्षक कर्मचारी हलफनामा देकर एनपीएस का विरोध करेंगे। और आवश्यक्ता पढ़ने पर न्यायालय की शरण में भी जायेंगे। संघ ने मांग की है कि किसी भी शिक्षक कर्मचारी का वेतन एनपीएस न भरने की वजह से न रोका जाये। अन्यथा शिक्षक कर्मचारी मिलकर न केवल कार्य बहिष्कार करेंगे। बल्कि आन्दोलन भी करने के लिये बाध्य होंगे। इस मौके पर कमलेश कुमार, जितेन्द्र कुमार, धनीराम कुशवाहा, सत्यप्रकाश, दिनेश चन्द्र गौतम, अरविन्द कुमार, रणवीर सिंह, बैजनाथ वर्मा, मानिकचन्द्र, गोविन्ददास साहू, अरविन्द यादव सहित तमाम शिक्षक मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए लगा कैम्प


कैम्प में आयुष्मान कार्ड बनवाते लोग

**भास्कर न्यूज-हमीरपुर।** कुरारा विकास खंड क्षेत्र के झलोखर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए कैम्प लगाया गया। दो कम्प्यूटर से तीन सैकड़ा से अधिक ग्रामीणों के आयुष्मान कार्ड बनाये गए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा क्षेत्र के झलोखर गांव में स्थित बारातशाला में कैम्प लगाकर आयुषमान कार्ड बनाये गए। दो कम्प्यूटर लगाकर कर्मचारियों द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य किया गया। इसमे कुल 330 लोगो के आयुष्मान कार्ड बनाये गए। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अमित कुमार व मनीष कुमार, तथा एएनएम नीरजदेवी, व अरविंद कुमार, व आंगनवाड़ी व आशा कार्यकत्री ने मौजूद रहकर सहयोग किया।

## पुलिस ने शांतिभंग में किया चालान

**भास्कर न्यूज-हमीरपुर।** कुरारा थाना क्षेत्र के शेखुपुर गांव निवासी अशोक कुमार पाल पुत्र मनफूल, कुतुबपुर गांव निवासी खन्नू पुत्र देवीदीन व करिया पुत्र खन्नू, कुशौलीपुरवा गांव के संतोष कुमार पुत्र रामप्रकाश को शांतिभंग करने के आरोप में थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज किया गया है। तथा सभी का चालान किया गया है।

## थाना समाधान दिवस का हुआ आयोजन


थाना दिवस में शिकायतें सुनते तहसीलदार तथा क्षेत्राधिकारी

**भास्कर न्यूज-मौदहा।** स्थानीय कोतवाली परिसर में सम्पन्न हुए थाना दिवस में शनिवार को सिर्फ तीन शिकायतें आईं, जिसमें मौके पर एक शिकायत का निस्तारण करते हुए दो शिकायतें लंबित कर दी गईं। नगर के कोतवाली परिसर में सम्पन्न हुए थाना दिवस की अध्यक्षता तहसीलदार दिवाकर मिश्रा ने की। जिसमें कुल मिलाकर तीन शिकायतकर्ताओं ने अपनी परेशानियों से स्थानीय प्रशासन को अवगत कराया। इस दौरान पुलिस विभाग से संबंधित दो शिकायतें दर्ज की गई तो वहीं एक शिकायत राजस्व विभाग से सम्बंधित रही। फिलहाल शिकायतों का समय रहते निस्तारण न होने से फरियादियों में मायूसी छाई रहती है जिसका जीता जागता उदाहरण शनिवार को सम्पन्न हुए थाना दिवस में देखने को मिला है। इस दौरान कोतवाली में क्षेत्राधिकारी घनश्याम सिंह तथा कोतवाली प्रभारी हेमंत मिश्रा सहित राजस्व विभाग के कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे।

## मासूम बड़े बूढ़ों को सिखा रहा कोरोना गाइडलाइन के नियम व कानून


सरकारी अस्पताल में मास्क लगाकर खड़ा मासूम

**भास्कर न्यूज़-राठ।** चीन में कोरोना के नए वेरिएंट की आ जाने पर संपूर्ण भारत में कोरोना के लिए नयी गाइडलाइन लागू कर दी गयी है। लेकिन इसके बावजूद भी लोग इसका पालन नहीं कर रहे हैं। जबकि एक मासूम ने इसे गंभीरता से लेकर आज अस्पताल में मास्क लगाकर पहुंचते हुए लोगों को शर्मसार किया है। जो लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है। बताते चलें कि चीन में कोरोना के नए वेरिएंट द्वारा भीषण तबाही मचाई जाने को लेकर अभी 2 दिन पूर्व ही प्रदेश के मुखिया ने नई गाइडलाइंस जारी कर सार्वजनिक स्थानों,रेलवे स्टेशनों, अस्पतालों,हवाई अड्डा इत्यादि में मास्क लगाकर आने का आदेश जारी किया था। जिसे नगर सहित अन्य स्थानों में लोगों ने नजरअंदाज करते हुए मुख्यमंत्री द्वारा दिए आदेश को एकदम नकार दिया। वही एक मासूम के द्वारा स्वास्थ्य केंद्र में मास्क पहनकर आने से लोगों ने अपने आप को काफी शर्मसार महसूस किया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उमन्नियां निवासी पूर्व बीएसएफ जवान शमीम अहमद ने बताया कि उसके 6 वर्षीय पुत्र मोहम्मद असद सिद्दीकी ने टीवी पर मुख्यमंत्री द्वारा घोषित कोरोना की नई गाइडलाइंस को देख लिया। जिसको उसने गंभीरता से लेते हुए आज अस्पताल आने के दौरान मोहम्मद मास्क पहन लिया। उसके द्वारा मास्क पहनने से खुद उसके पिता सहित अन्य लोग उसे देखकर खुद अपने आप में शर्मिंदगी महसूस कर रहे थे और खुले मन से उस मासूम की प्रशंसा करते नजर आ रहे थे।

## निर्बल वर्ग के बच्चों को बांटें गए स्वेटर, चेहरे खिले


स्वेटर बांटते इस्लामियां के प्रधानाचार्य सरवर आलम

**भास्कर न्यूज-हमीरपुर।** शहर के अमन शहीद मोहल्ला स्थित मदरसा इस्लामियां मकतब में निर्बल वर्ग के बच्चों को निःशुल्क स्वेटरों का वितरण किया गया। इससे पूर्व मदरसा के बच्चों को ड्रेसें भी दी जा चुकी है। सर्दी के मौसम में स्वेटर मिलने से बच्चों के चेहरे खिल गए। इस्लामियां इण्टर कांलेज के प्रधानाचार्य सरवर आलम और मदरसा के प्रधानाचार्य खालिद मसूद की मौजूदगी में मदरसे में पंजीकृत 15 गरीब परिवारों के बच्चों को मदरसा ने अपनी ओर से स्वेटरों का वितरण कराया। बतादें कि इस मदरसा में हिंदी-अंग्रेजी सहित कंप्यूटर की भी पढ़ाई होती है। बच्चों से किसी किस्म का कोई शुल्क नहीं लिया जाता है। मदरसा के प्रधानाचार्य खालिद ने बताया कि बीते पांच दिन पूर्व दस निर्बल वर्ग के बच्चों को ड्रेसें भी दी गई थी। स्वेटर वितरण के दौरान प्रबंध कमेटी के परवेज खान, नूरुज्जमा, मुहम्मद राशिद खान, जफर बारी, मुहम्मद शोएब, मदरसा की शिक्षिका नेहा, शिफा, सानिया, आसिफा, योगिता आदि मौजूद रहे।

## प्रभावी पैरवी कर तीन अभियुक्तों को 25-25 वर्ष के कठोर करावास व प्रत्येक को 60,000 रुपये के अर्थदंड की दिलायी सजा

**भास्कर न्यूज-हमीरपुर।** जनपद पुलिस द्वारा नामजद अभियुक्ततों के विरूद्ध न्यायालय में की गयी सार्थक पैरवी के फलस्वरूप 9 फरवरी 2017 को थाना राठ जनपद हमीरपुर में पंजीकृत मुअसं. 125/17 धारा 366, 328, 376क आईपीसी में नामजद अभियुक्तगण उबेदुल हक उर्फ उबेद पठान, किंजुल हक पुत्रगण गुलाम हक, इमरान पुत्र सब्बीर निवासीगण पठनऊ कस्बा व थाना राठ जनपद हमीरपुर को सजा दिलाई गई। इस अपराध में नामित अभियुक्तगण के विरूद्ध अभियोजन स्तर पर विवेचना में संपूर्ण साक्ष्यों का गहनता से संकलन किया गया। इसी के परिणाम स्वरूप उक्त अभियोग मे आरोपीगण को दोषी करार देते हुए न्यायालय द्वारा अधिकतम 25-25 वर्ष के कठोर कारावास व प्रत्येक को 60,000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई गयी।

## कार्यक्रम को सफल बनाने की रणनीति तय


कार्यक्रम को सफल बनाने की रणनीति तय करते कांग्रेसी

**भास्कर न्यूज-मौदहा।** भारत जोड़ो यात्रा का हिस्सा बनने के लिए उत्तर प्रदेश में राहुल गांधी के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने के लिए पूरे प्रदेश में कांग्रेसियों का चयन हो रहा है। इस सिलसिले में हमीरपुर जिला अध्यक्ष हिमांशु सैनी ने मौदहा में आकर कांग्रेसियों के साथ बैठक की तथा क्षेत्र से पन्द्रह कार्यकर्ताओं का इस यात्रा में शामिल होने के लिए चयनित किया। जिसकी पूरी जिम्मेदारी डॉक्टर शाहिद अली को सौंपी गई। इस दौरान मुख्य रुप से पी.सी.सी. सदस्य शफकत लल्ला राजू, अल्पसंख्यक प्रदेश सचिव तबीब खान, अल्पसंख्यक प्रदेश सचिव मोहम्मद जाकिर उर्फ बब्बन, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष मोहम्मद शहजादा चिश्ती गांधी, पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष इमामुद्दीन उर्फ लाला चश्मा वाले, विधानसभा अध्यक्ष आरिफ खान फौजी, अनुसूचित मोर्चा जिला अध्यक्ष आसाराम अहिरवार, जिला सचिव विवेक कुमार सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# सार सूर्खियां

## पुलिस ने चलाया एंटीरोमियों चेकिंग जागरूकता अभियान

**भास्कर न्यूज-हमीरपुर।** जनपद हमीरपुर पुलिस के समस्त थानों में गठित एंटीरोमियो टीम द्वारा नारी सुरक्षा व सम्मान हेतु चलाये जा रहे मिशन-शक्ति अभियान के अन्तर्गत बस स्टैंड/बाजार/सार्वजनिक एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग की गई तथा बालिकाओं/महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक किया गया तथा उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को शासन/यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएं जैसे विमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं अपने अपने सीयूजी नम्बर के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया। एंटीरोमियों टीम द्वारा बालिकाओं को बताया गया कि कभी भी आवश्यकता पड़ने पर सम्बन्धित थाना/एंटीरोमियों टीम व उप्र. पुलिस द्वारा संचालित महिलाओं/बालिकाओं हेतु चलाये जा रहे नम्बरों पर बेझिझक कांल करना चाहिए। आप की वार्ता को सार्वजनिक नहीं किया जाएगा। महिलाओ एवं बालिकाओं से वार्ता कर उनके अन्दर आत्मविश्वास को बढाया गया एवं महिला अधिकारों के सम्बन्ध में अवगत कराया गया साथ ही सभी बालिकाओं/महिलाओं को बताया गया कि सभी थानो में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहां पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण कराया जायेगा। हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने के लिये प्रेरित किया गया। एंटीरोमियो स्क्वाड द्वारा विभिन्न स्थानों पर चेकिंग की गई व बिना वजह घूम रहे युवकों/शोहदों से पूछताछ कर हिदायत दी गई।

## फोन पर पति से विवाद होने पर नवविवाहिता ने लगाई फांसी, हालत गंभीर

**भास्कर न्यूज़-राठ।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बड़ा में फोन पर पति से विवाद होने से आक्रोशित नवविवाहिता ने आज सुबह अपने घर में रस्सी से फांसी लगा आत्महत्या का प्रयास किया। जिसे परिजनों ने फांसी लगाते हुए देख फंदे से निकाल इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राठ में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेडिकल कालेज उरई रिफर कर दिया है। ग्राम बड़ा निवासी हरगोविंद ने बताया कि उसने अपनी पुत्री रजनी (21) का विवाह एक वर्ष पूर्व कोतवाली क्षेत्र के धनौरी गांव निवासी संदीप के साथ किया था। बीती शाम उसके पुत्र चेतराम की पुत्री रश्मि ने अपनी शादी के बाद सहेलियों को दी जाने वाले भोज व अन्य कार्यक्रमों में सम्मिलित होने के लिए अपनी बुआ रजनी को भी बुलाया था। आज आज सुबह जब घर के सभी सदस्य बाहर बैठे हुए थे और रजनी फोन पर अपने पति से बात कर रही थी। तभी बात करते-करते दोनों के बीच विवाद होने लगा और आक्रोशित हो रजनी कमरे में चली गई। जिसके थोड़ी देर बाद उसने फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। इस दौरान परिजनों द्वारा रजनी को फांसी लगाते हुए देखने पर आनन-फानन में उसे फंदे से उतारकर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राठ में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया है।

## बिच्छू के डंक मारने से किसान बेहोश

**भास्कर न्यूज-मौदहा।** खेत में पानी लगा रहा किसान बिच्छू के डंक मारने से बेहोश हो गया जिसे आनन-फानन में परिजनों द्वारा कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया लेकिन हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार महोबा जनपद के ग्योड़ी निवासी कल्लू 50 वर्ष पुत्र रून्ना खेत में पानी लगा रहा था तभी पानी लगाते समय बिच्छू ने उसे डंक मार दिया। जिसके बाद वह बेहोश हो गया और उसे उसी अवस्था में परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया लेकिन हालत में सुधार न होने पर डाक्टरों ने उसे सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

## अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो लोग घायल

**भास्कर न्यूज-मौदहा।** क्षेत्र में हुई अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो लोग घायल हो गए, जिसके बाद दोनों घायलों को लहूलुहान हालत में राहगीरों की मदद से सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया जिसमें उनकी हालत चिंताजनक होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार बीती शाम बिगहना गांव निवासी चंद्रपाल 45 वर्ष पुत्र रामाश्रय को घायल अवस्था में परिजनों ने सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां हालत में सुधार ना होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया तथा दूसरी घटना में जय सिंह 28 वर्ष पुत्र चंद्रप्रकाश निवासी न्यूरिया दोपहर अपने गांव से मौदहा की ओर बाइक से आ रहा था तभी रमना गांव के पास वह बाइक समेत अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गया, जिसके बाद राहगीरों की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मौदहा में भर्ती कराया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

## एसडीएम की अध्यक्षता में समाधान दिवस का हुआ आयोजन


फरियादियो की शिकायते सुनते एसडीएम व सीओ

भास्कर न्यूज-हमीरपुर। स्थानीय थाना परिसर में समस्या समाधान दिवस का आयोजन किया गया। एसडीएम सदर व सीओ सदर ने लोगो की समस्या सुनी। तथा ग्यारह शिकायती पत्र दर्ज किए गए। कुरारा थाने में आयोजित समस्या समाधान दिवस में एसडीएम सदर व सीओ सदर ने मौजूद रह कर लोगो की समस्या सुनी। इस अवसर पर ग्यारह शिकायती पत्र दर्ज किये गए। इसमे राजस्व से सम्बंधित शिकायतो को गांव के लेखपाल को मौके पर जाकर निस्तारण करने के निर्देश दिये गए। इस अवसर पर कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र के समस्त लेखपाल व थाना प्रभारी पवन कुमार पटेल व समस्त उपनिरीक्षक मौजूद रहे।

## डीएम व एसपी ने थाना समाधान दिवस में फरियादियों की सुनी समस्यायें

**भास्कर न्यूज-हमीरपुर।** आज थाना समाधान दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर व जिलाधिकारी हमीरपुर द्वारा थाना सिसोलर व थाना सुमेरपुर पर जनता की शिकायतों का निस्तारण किया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु अधीनस्थों को त्वरित कार्यवाही/निस्तारण हेतु निर्देश दिए गए। तत्पश्चात थाना सिसोलर के निर्माणाधीन भवन, कार्यालय, थाना परिसर की साफ-सफाई, सीसीटीएनएस, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क तथा अभिलेखों का निरीक्षण कर अद्यावधिक करने हेतु संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए गए, साथ ही जनता से सम्मानजनक व मृदुल व्यवहार करने लिए कहा गया।

# खेल-कारोबार

आज ही के दिन 1871 में फुटबॉल क्लब का गठन किया गया था।

## सारसुर्खियां

### करियर बढ़ा सकते हैं एंजेल डी मारिया

**ब्यूनस आयर्स।** फीफा विश्व कप फाइनल मैच में अर्जेंटीना की फ्रांस पर नाटकीय पेनल्टी शूटआउट जीत में अहम भूमिका निभाने वाले एंजेल डी मारिया अपने अंतरराष्ट्रीय करियर को आगे बढ़ा सकते हैं। 34 वर्षीय जुवेंटस विंगर ने पहले घोषणा की थी कि वह कतर में फुटबॉल विश्व कप के बाद संन्यास ले लेंगे, लेकिन टूर्नामेंट में उनके प्रदर्शन ने उन्हें अपने फैसले पर पुनर्विचार करने के लिए प्रेरित किया। डि मारिया के अब 2024 कोपा अमेरिका कप में खेलने की संभावना हैं। डि मारिया ने पिछले रविवार को फाइनल मैच में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और पेनल्टी शूट को गोल में बदलकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई।

### संतुलित बजट पुष्टि

**जिनेवा।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने टोक्यो 2020 ओलंपिक ग्रीष्मकालीन खेलों के संतुलित बजट की पुष्टि की है। आईओसी न्यूजलेटर ने घोषणा की है कि टोक्यो 2020 आयोजन समिति ने 5.8 अरब अमरीकी डॉलर का संतुलित बजट हासिल किया है। यह आंकड़े बजट प्रक्रिया के बाद प्रदान किए गए थे। प्रक्रिया में आयोजन समिति, टोक्यो मेट्रोपॉलिटन सरकार और जापान सरकार शामिल थी। बजट जून में टोक्यो 2020 की आखिरी कार्यकारी बोर्ड की बैठक में पेश किया गया था।

### स्वस्थ नहीं था: वॉर्नर

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने शनिवार को स्वीकार किया कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के साथ उनकी अनबन के कारण वह पर्थ टेस्ट से पहले मानसिक रूप से पूरी तरह स्वस्थ नहीं थे। वॉर्नर ने उनके कप्तान बनने पर लगे प्रतिबंध को हटाने के लिये क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से अपील की थी। वॉर्नर और बोर्ड दोनों ही इस मामले पर चर्चा करना चाहते थे, लेकिन क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया द्वारा गठित समिति इसे सार्वजनिक रूप से करना चाहती थी। वॉर्नर ने अपनी अपील वापस लेते हुए कहा था कि वह ₹अपने परिवार को क्रिकेट के गंदे कपड़े धोने वाली मशीन नहीं बनाना चाहते। ऑस्ट्रेलिया ने 30 नवंबर को शुरू हुए पर्थ टेस्ट में वेस्ट इंडीज का सामना किया था।

## भारतीय फुटबाल के विकास के लिये संतोष ट्रॉफी है बेहद जरूरी: प्रभाकरन

**• नए खिलाड़ियों के करियर में टूर्नामेंट करेगा मदद**



**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के महासचिव डॉ. शाजी प्रभाकरन ने शनिवार को कहा कि संतोष ट्रॉफी भारतीय फुटबॉल के मूलभूत विकास के लिये बेहद जरूरी है और यह नए खिलाड़ियों को उनका करियर शुरू करने में मदद करेगी।

डॉ. प्रभाकरन ने कहा कि भारत एक बहुत बड़ा देश है। यह लगभग अपने आप में एक महाद्वीप जैसा है और हमें यहां हर स्तर पर फुटबॉल के प्रतिस्पर्धी आधार को बढ़ाने की जरूरत है। हर राज्य संतोष ट्रॉफी में भाग लेने के लिए उत्सुक है और उन्हें बेहतर अवसर देने का मतलब है कि वे अपने क्षेत्रों में जमीनी स्तर के संचालन में सुधार करने के लिए प्रेरित होंगे, ताकि लंबे समय तक प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन किया जा सके। उन्होंने कहा कि देश के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भले ही हीरो आईएसएल या हीरो आई-लीग में खेल रहे हों, लेकिन संतोष ट्रॉफी में खिलाड़ी अपने करियर की शुरुआत करना चाहते हैं। कई लोग टूर्नामेंट को एक सीढ़ी के रूप में उपयोग करते हैं, और अच्छे प्रदर्शन का मतलब हो सकता है कि उन्हें बड़े क्लबों के साथ अनुबंध मिले। यह टूर्नामेंट कई खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी पाने में भी मदद करता है। यह विशेष रूप से निचले स्तर पर खिलाड़ियों के लिए आवश्यक है क्योंकि वे अपनी तिजोरी में सुरक्षित आय के साथ फुटबॉल खेलना जारी रख सकते हैं। संतोष ट्रॉफी के लिये 76वीं राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप शुक्रवार से शुरू हो गई है और इसका उद्देश्य खेल को देश के हर कोने तक फैलाना है।

**सऊदी अरब में होगा फाइनल:** हीरो संतोष ट्रॉफी 2022-23 सीजन के सेमीफाइनल और फाइनल सऊदी अरब में खेले जाएंगे। यह पहली बार होगा जब हीरो संतोष ट्रॉफी के मैच भारत से बाहर खेले जाएंगे और प्रभाकरन का मानना है कि यह खिलाड़ियों को काफी प्रेरित कर सकता है। संतोष ट्रॉफी को विदेश में ले जाने से खिलाड़ियों और टीमों को बहुत प्रेरणा मिलेगी। भले ही केवल चार टीमें यात्रा करेंगी, लेकिन 36 टीमें इन चार स्थानों के लिये लड़ेंगी और हम उम्मीद करते हैं कि इन चार स्थानों के लिये प्रतिस्पर्धा कड़ी होगी।

### जमीनी स्तर पर निवेश करने की है जरूरत

डॉ. प्रभाकरन ने कहा कि उम्मीद है कि संतोष ट्रॉफी की सफलता से हमारे हितधारक स्थानीय फुटबॉल में पैसा लगाने के लिये और अधिक प्रेरित होंगे, क्योंकि हमें जमीनी स्तर पर अधिक निवेश की जरूरत है। हमारे सदस्य संघों को स्थानीय स्तर पर फुटबॉल के विकास में बहुत अधिक सहायता और मार्गदर्शन की आवश्यकता है, इसलिए शायद संतोष ट्रॉफी अधिक सहयोग के लिये एक सेतु के रूप में काम कर सकती है।

### अधिक मैच देने के महत्व पर दिया जोर

डॉ प्रभाकरन ने राज्यों और खिलाड़ियों को अधिक मैच देने के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि इससे टीमों की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ेगी। हमारा प्रयास संतोष ट्रॉफी को पुनर्जीवित करना है, इसे भारतीय फुटबॉल परिदृश्य में सबसे महत्वपूर्ण प्रतियोगिताओं में से एक के रूप में वापस लाना है और हर स्तर पर फुटबॉल को सक्रिय करना है। अधिक खेलों के साथ, राज्य भी अधिक गंभीरता के साथ अपनी टीमों को तैयार करेंगे।

## क्लीन स्वीप से 100 रन दूर भारत

### बांग्लादेश टीम के गेंदबाजों ने बनाया टीम इंडिया के बल्लेबाजों पर भारी दबाव

**• बांग्लादेश को जीत के लिये चाहिये छह विकेट**



**ढाका, एजेंसी।** भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ 145 रन के मामूली लक्ष्य का पीछा करते हुए दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन शनिवार को 45 रन पर चार विकेट गंवा दिये। भारत के हाथ में अब महज छह विकेट रह गए हैं। जबकि क्लीन स्वीप से वह 100 रन पीछे है। अक्षर पटेल (26) और जयदेव उनाडकट (तीन) विकेट पर मौजूद हैं।

भारत ने 45 रन बनाने के लिये 23 ओवर खेले। बांग्लादेश के स्पिन गेंदबाजों ने भारत पर दबाव बनाया, जिसका फायदा भी मिला। मेहदी हसन ने गिल, पुजारा और कोहली को आउट किया, जबकि शाकिब अल हसन ने लोकेश राहुल को दो रन के स्कोर पर पवेलियन भेज दिया। अक्षर ने चौका लगाकर दिन का खेल समाप्त किया, हालांकि भारत का रन रेट दो रन प्रति ओवर से भी कम है। इससे पूर्व, सलामी बल्लेबाज ज़ाकिर हसन (51) और लिटन दास (73) के जुझारू अर्द्धशतकों की मदद से बंगलादेश ने भारत के सामने 145 रन का लक्ष्य रखा। ज़ाकिर ने 135 गेंदों की पारी में पांच चौके लगाकर 51 रन बनाये, जबकि लिटन ने 98 गेंदों पर सात चौकों के साथ 73 रन का योगदान दिया। भारत ने तीसरे दिन की अच्छी शुरुआत की और 70 रन पर बंगलादेश के चार विकेट गिरा दिये। ज़ाकिर अपना अर्द्धशतक पूरा करने के बाद उमेश यादव (32/1) का शिकार हो गए, जबकि अक्षर पटेल (68/3) ने मेहदी हसन मिराज़ को शून्य रन पर पवेलियन भेज दिया।

### नूरुल की अक्रामक बल्लेबाजी

बंगलादेश के छह विकेट 113 रन पर गिरने के बाद विकेटकीपर नूरुल हसन ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 29 गेंदों पर 31 रन बनाये। लिटन और नूरुल के बीच सातवें विकेट के लिये 46 रन की साझेदारी हुई, जबकि नूरुल का विकेट गिरने के बाद लिटन और तस्कीन अहमद ने भी आठवें विकेट के लिये 60 रन जोड़े। इन दोनों साझेदारियों की मदद से बांग्लादेश ने 231 रन बनाकर भारत के सामने 145 रन का लक्ष्य रखा। तस्कीन 46 गेंदों पर 31 रन बनाकर नाबाद रहे।

### हमारी स्थिति फिलहाल मजबूत: लिटन

बंगलादेश के उपकप्तान लिटन दास ने कहा कि उनकी टीम फिलहाल मैच में आगे है और जीत हासिल करना उनके लिये मुमकिन है। अगर हम सुबह जल्दी एक या दो विकेट ले लेते हैं तो यह संभव है। निश्चित रूप से हम इस समय आगे हैं और वे दबाव में हैं। अगर कल हम एक अच्छी योजना के साथ आते हैं तो वे बिखर जाएंगे। यह हमारा लक्ष्य है। हमें जीतने की जरूरत है। बंगलादेश ने भारत को टेस्ट क्रिकेट में कभी नहीं हराया है। दोनों टीमें खेल के सबसे लंबे प्रारूप में अब तक 12 बार आमने-सामने आई हैं, जहां 10 बार भारत ने जीत दर्ज की है जबकि दो बार मुकाबला ड्रॉ रहा है।

## विराट कोहली की खराब फील्डिंग, टपकाए 5 कैच

**• सोशल मीडिया में जमकर हुई ट्रोलिंग**



**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश से दूसरे व अंतिम टेस्ट मुकाबले में विराट कोहली की फील्डिंग बेहद खराब रही। विराट कोहली आसान से कैच भी नहीं लपक सके। एक या दो नहीं, विराट कोहली ने पांच कैच छोड़े। जिससे टीम इंडिया मुश्किल में पड़ गई। विराट कोहली की खराब फील्डिंग की वजह से सोशल मीडिया में उनकी जमकर ट्रोलिंग की गई।

बांग्लादेश और भारत के बीच दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन विराट कोहली ने एक के बाद एक पांच कैच टपका दिए। ये कैच आसानी से लिये जा सकते थे, लेकिन कोहली की खराब फील्डिंग के कारण बांग्लादेश को इससे सीधा काफी फायदा मिला। 44वें ओवर में कोहली ने बांग्लादेश के दो बल्लेबाजों को जीवन दान दिया। इस ओवर में कोहली ने दो महत्वपूर्ण कैच छोड़े। 52वें ओवर में नुरुल हसनटो का कैच भी छोड़ दिया। हालांकि, नुरुल इसका फायदा नहीं उठा पाए और 31 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद कोहली ने 59वें ओवर में अश्विन की पहली गेंद पर लिटन का कैच छोड़ा।

लगातार कई कैच छोड़ने के बाद सोशल मीडिया में विराट कोहली की जमकर ट्रोलिंग शुरू कर दी गई। कुछ लोगों ने विराट कोहली की फिटनेस पर सवाल उठाए तो कुछ लोगों ने उन्हें कुछ दिन आराम करने की सलाह दी है।

## शाहिद चयन समिति के अंतरिम अध्यक्ष

**• पैनल करेगा चयनित टेस्ट टीम की समीक्षा**



**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने टीम के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी को राष्ट्रीय चयन समिति का अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त किया है।

पीसीबी ने शनिवार को बताया कि अब्दुल रज्जाक और राव इफ्तिखार अंजुम समिति के अन्य सदस्य हैं, जबकि हारून राशिद संयोजक होंगे। यह चयन समिति केवल न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी घरेलू श्रृंखला के लिये नियुक्त की गई है। समिति के ऊपर मोहम्मद वसीम के नेतृत्व वाले पैनल द्वारा चयनित टेस्ट टीम की समीक्षा की जिम्मेदारी होगी।

पीसीबी अध्यक्ष सेठी ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि सीमित समय के बावजूद वे साहसी निर्णय लेंगे जो हमें न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला में एक मजबूत और प्रतिस्पर्धी टीम बनाने में मदद करेंगे। शाहिद अफरीदी एक आक्रामक क्रिकेटर रहे हैं, जिन्होंने अपने करियर के दौरान बिना किसी डर के क्रिकेट खेला। उनके पास लगभग 20 वर्षों का अनुभव है। उन्होंने सभी प्रारूपों में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। इसलिए हमारी सामूहिक राय में, आधुनिक समय के खेल की मांगों और चुनौतियों को समझने के लिये उनसे बेहतर कोई व्यक्ति नहीं है।

## जुबा संघा एफसी ने सिग्नेचर को हराया

**नई दिल्ली।** जुबा संघा एफसी ने शनिवार को खेलो इंडिया अंडर-17 महिला फुटबॉल लीग में सिग्नेचर एफसी को 3-0 से हराकर उलटफेर किया। टूर्नामेंट में विजेता टीम के लिये खुशबु, तान्या और किरण ने गोल किये। दिन के दूसरे मुकाबले में हॉप्स एफसी ने मुस्कान (दो) और दीनाक्षी के गोलों से ईव्स एफसी को 3-0 से मात दी। वहीं, रॉयल रेंजर्स ने पंजाब हीरोज को 5-0 से रौंद दिया।

## मुकाबला मुल्तान से कराची स्थानांतरित

**• खराब मौसम के चलते लिया गया है निर्णय**

**कराची, एजेंसी।** खराब मौसम की वजह से पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच होने वाली टेस्ट सीरीज के एक मुकाबले की जगह में बदलाव करना पड़ा है। अब यह मुकाबला मुल्तान में नहीं, बल्कि कराची में खेला जाएगा।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और न्यूजीलैंड क्रिकेट के बीच वार्ता के बाद यह सीरीज मुल्तान से स्थानांतरित कर कराची में खेले जाने का निर्णय लिया गया है। पंजाब प्रांत में खराब मौसम के कारण पीसीबी को कार्यक्रम में बदलाव करना पड़ा। पीसीबी ने बताया कि यह मैच एक जनवरी 2023 के बजाय दो जनवरी 2023 को शुरू किया जायेगा। साथ ही पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले तीन एकदिवसीय मैचों की तारीख भी बदल दी गई है।

पीसीबी ने कहा कि दोनों बोर्डों के बीच इस बात पर भी सहमति बनी है कि दूसरा टेस्ट और तीन वनडे अब एक दिन के लिये आगे बढ़ाये जाएंगे। दूसरा टेस्ट दो जनवरी को शुरू होगा, जबकि तीन आईसीसी विश्व कप सुपर लीग मैच नौ, 11 और 13 जनवरी को खेले जाएंगे।

कहा कि खराब मौसम और कोहरे के कारण मुल्तान में हवाई संचालन को पहले ही बाधित कर दिया गया है।

## केनरा एचएसबीसी का नया इंश्योरेंस प्लान

**• गारंटीड फार्च्यून प्लान किया गया लॉंच**

**नई दिल्ली।** केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस ने एक नॉन-लिंक्ड, नॉन-पार्टिसिपेटिंग व्यक्तिगत बचत जीवन बीमा योजना 'गारंटीड फार्च्यून प्लान' को लॉंच किया है।

कंपनी ने कहा कि नई पेशकश एक पीओएस, जीवन बीमा उत्पाद भी है। यह ग्राहकों के लिये लचीलेपन के साथ दो विकल्पों की पेशकश करता है, गारंटीड सेविंग्स विकल्प लक्ष्यों को हासिल करने की इच्छा रखने वालों के लिये है और पॉलिसी की अवधि पूरी होने तक जीवित रहने पर एकमुश्त राशि देता है। दूसरा विकल्प गारंटीड कैश बैक विकल्प ग्राहकों को पॉलिसी के हर पांच साल के बाद निश्चित कैश बैक के रूप में लिक्विडिटी देता है और इसमें उस राशि को टालने और उसे पॉलिसी परिपक्व होने तक जमा करने या पहले ही निकाल लेने का विकल्प भी है। अवधि समाप्त होने पर कैश बैक के अलावा एकमुश्त राशि का भुगतान भी किया जाता है।

इस प्लान में अनूठा फीचर 'केयर पे बेनेफिट' भी शामिल है, जोकि मृत्यु की सूचना पर मृत्यु की तिथि तक भुगतान किये गए सारे प्रीमियम का 100 प्रतिशत देता है।

## खाताबुक में दो अरब से अधिक लेनदेन

**नई दिल्ली।** देश में डिजिटल तरीके से लेनदेन में हो रही बढोतरी से इस वर्ष खाताबुक ऐप 15 ट्रिलियन रुपये के दो अरब से अधिक के लेनदेन हुए हैं।

कंपनी ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में भारत के एमएसएमई द्वारा डिजिटल पर बढ़ती निर्भरता की झलक देखी जा सकती है। ऐप से हर दिन 20 लाख से अधिक दैनिक सक्रिय यूज़र जुड़े हुए हैं जो देश के लगभग हर जिले से हैं और खाताबुक की यह ऐप देश के एमएसएमई की कारोबारी गतिविधियों की एक झलक दिखाती है। 2022 के दौरान, खाताबुक के प्लेटफार्म पर 2 अरब से अधिक लेन-देन दर्ज हुए।

## इंदौर में होगा लघु उद्योग निर्यात का सम्मेलन

**• 15 देशों के 75 कारोबारी सम्मेलन में लेंगे हिस्सा**

**नई दिल्ली।** भारतीय निर्यातक महासंघ (फियो) अगले वर्ष जनवरी के दूसरे सप्ताह में मध्य प्रदेश के इंदौर में लघु उद्योगों, शिल्पकारों और परंपरागत कारीगरों के लिए एक 'विदेश व्यापार सम्मेलन' का आयोजन करेगा, जिसमें 15 देशों के 75 से अधिक कारोबारी भाग लेंगे।

भारतीय निर्यातक महासंघ के उपाध्यक्ष खालिद खान, फियो के क्षेत्रीय अध्यक्ष (पश्चिमी क्षेत्र) परेश मेहता और महानिदेशक अजय सहाय ने शनिवार को बताया कि मध्य प्रदेश से निर्यात को बढ़ावा देने के लिए 'वैश्विक निवेशक सम्मेलन' का आयोजन होगा। सम्मेलन में जिला आधारित लघु उद्योगों, शिल्पकारों और परंपरागत कारीगरों के उत्पादों के लिए विदेशी बाजार तलाशने का प्रयास किया जाएगा। यह सम्मेलन कारोबार नगरी इंदौर में 11 और 12 जनवरी को होगा। सम्मेलन में 15 से अधिक देशों के तकरीबन 75 कारोबारी भाग लेंगे। मेहता ने कहा कि राज्य की निर्यात क्षमता के आधार पर खरीदारों का चयन कर लिया गया है।




नई दिल्ली में शनिवार को केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल व ग्रामीण विकास राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति की मौजूदगी में राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस समारोह का शुभारंभ किया गया। **एजेंसी**

### भवनों में इस्पात की चादर की तरह भी किया जा सकता है इन सोलर पैनलों का प्रयोग, अधिक बिजली का करेंगे निर्माण

## इस्पात व कार्बनिक पदार्थों से बनाया सोलर पैनल

**• आईआईटी कानपुर ने किया है विकसित**

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर ने स्टील के ऊपर कार्बनिक पदार्थों की परत चढ़ाकर कार्बनिक सोलर सेल ( सौर ऊर्जा सेल ) विकसित किया है, जो कि सौर विद्युत पैदा करने के साथ-साथ भवनों पर इस्पात की चादर वाली छत का भी काम कर सकते हैं। इस तरह के सोलर पैनल बिजली तैयार करने में अधिक कारगर हैं।

केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने बताया कि ये कार्बनिक सोलर सेल कार्बनिक पॉलिमर और पीसीबीएम यानी कार्बनिक सेमीकंडक्टर (अर्धसंवाहकों) के प्रयोग से तैयार किए गए हैं। कार्बन या प्लास्टिक आधारित सामग्री और कार्बनिक इलेक्ट्रॉनिक्स से बने कार्बनिक सौर सेल अधिक हल्के, लचीले, पतले होते हैं और सामान्य सौर सेल से अधिक टिकाऊ होते हैं। पारंपरिक सौर सेल की तुलना में इनसे अपेक्षाकृत बहुत बड़े क्षेत्र को आच्छादित किया जा सकता है।






आईआईटी कानपुर ने कहा कि आईआईटी कानपुर के अनुसंधानकर्ताओं ने नई पीढ़ी के सौर-सेल के विकास में सेमीकंडक्टर के अंतरगत कार्बनिक पालिमर पीटीबी7 का इस्तेमाल 'डोनर' (उच्चा ऊर्जा ग्रिड या ऊर्जा प्रदाता) तथा पीसीबीएम को 'एक्सेप्टर' (ग्राही या ऊर्जा को आगे संप्रेषित करने वाला अंग) तैयार करने में प्रयोग किया गया है।

सौर सेल के बीच में अपारदर्शी इस्पात की परत है। सौर सोल का ऊपरी इलेक्ट्रॉड एमओओ3/एयू/एमओओ3 संयोजन के साथ ऊर्जा संप्रेषण की उच्च दक्षता वाला इलेक्ट्रॉड है।

ये इलेक्ट्रोड केवल धात्विक इलेक्ट्रोड की तुलना में अधिक अवरोधमुक्त ऊर्जा संप्रेषण प्रदान करते हैं। सोने के एकल परत वाले टॉप मेटल इलेक्ट्रॉड वाले उपकरणों की तुलना में इनका प्रदर्शन डेढ़ गुना अधिक है।

## ब्लेंडर्स प्राइड ग्लास वेयर फैशन टूर

**नई दिल्ली।** फैशन डिजाइन काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा संचालित ब्लेंडर्स प्राइड ग्लासवेयर फैशन टूर के 16वें संस्करण में सेलिब्रिटी डिजाइनर कुणाल रावल ने 'प्राइड इन सेलिब्रेटिंग डाइवर्सिटी बाय डिफाइंग लेबल्स' को पेश किया है। एफडीसीआई अध्यक्ष सुनील सेठी ने कहा कि फैशन डिजाइन काउंसिल ऑफ इंडिया को ब्लेंडर्स प्राइड ग्लासवेयर फैशन टूर के साथ भागीदारी पर गर्व है, ये फैशन और लाइफस्टाइल इंडस्ट्री में अग्रणी हैं। हमारा प्रयास एक्साइटिंग फॉर्मेट पेश करना था, जो डिजाइनर कुणाल रावल और संगीत कलाकार हार्डी संधू के साथ विविधता को सेलिब्रेट करता था। साझेदारी भारत में फैशन के उभरते हुए चेहरे को आकार देने और कल्पना करने के अभियान को प्रदर्शित करेगा।

## 'आई लव मथुरा-वृंदावन' का किया गया अनावरण

**• पेप्सिको व यूनाइटेड वे ने मिलकर किया तैयार**

**मथुरा।** पेप्सिको इंडिया और यूनाइटेड वे दिल्ली ने अपनी 'टाइडी ट्रेल्स' पहल के तहत अपनी साझेदारी में 'आई लव मथुरा-वृंदावन' साइनेज का उद्घाटन किया है।

मथुरा वृंदावन नगर निगम के महापौर मुकेश आर्य बंधु और नगर आयुक्त अनुनय झा ने इसका उद्घाटन किया। इसका निर्माण 100 फीसद रिसाइकल्ड पॉलीएथिलीन से तैयार कंपोजिट पैनल से किया गया है। पेप्सिको इंडिया ने कहा कि प्लास्टिक कचरा प्रबंधन का एक सर्कुलर, इक्विटेबल और इनक्लूसिव मॉडल विकसित करके मथुरा-वृंदावन को भारत के सबसे स्वच्छ शहरों में से एक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारी मौजूदा पहल 'टाइडी ट्रेल्स' के तहत, एक विशेष मोबाइल वैन को उपयोग के बाद पैदा हुए प्लास्टिक कचरे को इकट्ठा करने के लिए तैयार किया गया है। एकत्र किए गए कचरे को अलग करने के बाद इसे रिसाइकल कर इससे कुर्सी और टेबल जैसे उपयोगी वस्तुएं तैयार की जाती हैं।



## सारसुर्खियां

### रूसः अस्पताल में आग से 22 की मौत

**मॉस्को।** रूस के केमेरोवा शहर में एक निजी अस्पताल में लगी आग से 22 लोगों की मौत हो गई। आग इतनी भीषण थी कि इमारत की दूसरी मंजिल पूरी तरह से जलकर खाक हो गई। दमकल कर्मियों ने भारी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बचाव दल राहत कार्य में जुटे हैं। अधिकारियों ने बताया कि बुजुर्गों के लिए कई घर पूरे रूस में पंजीकरण के बिना संचालित होते हैं। ये घर निरीक्षण के अधीन नहीं होते हैं, क्योंकि उन्हें आधिकारिक तौर पर निजी संपत्ति माना जाता है।

### ठंड से 12 की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका में पड़ रही कड़ाके ठंड से करीब 20 करोड़ लोग बर्फीले तूफान की चपेट में आ गए है और छुट्टियों के सप्ताहांत से पहले 12 लोगों की मौत हुई है। अमेरिका की राष्ट्रीय मौसम सेवा का कहना है कि अगले कुछ दिनों में सौ से अधिक दैनिक ठंडे दिन के तापमान के रिकॉर्ड टूट सकते हैं। ठंड के कारण शुक्रवार को 15 लाख से अधिक लोगों को बिना बिजली के रहना पड़ा और हजारों उड़ानें रद कर दी गईं। लोग क्रिसमस के लिए घर लौटने के लिए संघर्ष कर रहे है।

### विस्फोट में 10 मरे

**प्रिटोरिया।** दक्षिण अफ्रीका के बोक्सबर्ग शहर में शनिवार को एक ईंधन टैंकर में हुए विस्फोट में 10 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य झुलस गए। एलपीजी ले जा रहे एक टैंकर में टक्कर के बाद आग लग गई और जबरदस्त विस्फोट हो गया।

### राबुका बने प्रधानमंत्री

**सुवा।** सित्विनी राबुका को फिजी का नया प्रधानमंत्री चुना गया है। त्रिशंकु संसद के चुनाव के बाद राबुका के प्रधानमंत्री बनने का रास्ता साफ हुआ। अब 16 वर्ष बाद फिजली को नया प्रधानमंत्री मिलेगा। राबुका 2021 में गठित फिजी में एक राजनीतिक दल पीपुल्स एलायंस के नेता हैं। फिजी की सोशल डेमोक्रेटिक लिबरल पार्टी ने राबुका के पीपुल्स एलायंस और नेशनल फेडरेशन पार्टी के साथ गठबंधन बनाने के लिए मतदान किया। प्रधानमंत्री के लिए गुप्त संसदीय वोट में, राबुका को 28 वोट मिले, जबकि संसद के 27 सदस्यों ने फिजी नेता वोरके बैनिमारामा के लिए मतदान किया।



कनाडा के वैंकुवर शहर में क्रिसमस को लेकर की गई भव्य सजावट और रोशनी। एजेंसी

## भारतीय उच्चायोग को जलाने की धमकी

- मालदीव की विपक्षी पार्टी के सदस्य ने दी है धमकी
- भारत की आपत्ति के बाद हरकत में मालदीव की सरकार



**माले, एजेंसी।** मालदीव में भारतीय उच्चायोग को जलाने की धमकी देने के मामले में भारत की नाराजगी के बाद मालदीव सरकार सख्त हो गई है। सरकार ने कहा कि स्थिति के संबंध में सभी सावधानियां बरती जा रही हैं।

मालदीव की विपक्षी प्रोग्रेसिव पार्टी (पीपीएम) के सदस्य अब्बास आदिल रिजा द्वारा हाल ही में भारतीय उच्चायोग को आग लगाने के आह्वान किया गया था। जिस पर भारत ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई थी। इसके बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए मालदीव के विदेश मंत्रालय ने कहा कि सरकार मालदीव में भारतीय उच्चायोग को निशाना बनाकर आगजनी करने और आतंकवाद भड़काने की कड़ी निंदा करती है। सरकार इस खतरे की बहुत ही गंभीरता से जांच कर रही है और अधिकारियों ने सभी जरूरी एहतियाती कदम उठाए हैं। मालदीव की सत्ताधारी डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) ने आगजनी के लिए उकसाने के लिए रिजा के आह्वान की कड़े शब्दों में निंदा की। एमडीपी ने कहा कि एमडीपी भारतीय उच्चायोग पर आगजनी के आह्वान की कड़े शब्दों में निंदा करती है और अधिकारियों से मामले की जांच करने की मांग करती है। एमडीपी मित्र राष्ट्रों के प्रति हिंसा और नफरत फैलाने के विपक्ष के निरंतर प्रयास की निंदा करती है।

### ऐसे बयान बर्दाश्त नहीं

मालदीव सरकार ने कहा है कि सार्वजनिक सुरक्षा को बाधित करने वाले ऐसे बयानों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आधिकारिक बयान में कहा गया है, राजनयिक कोर की सुरक्षा को कम करने और सार्वजनिक सुरक्षा को बाधित करने के उद्देश्य से दुर्भावनापूर्ण इरादे से ऐसी धमकियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# तो क्या अभी जिंदा है अल जवाहिरी!

## वैश्विक आतंकवादी संगठन अलकायदा ने जारी किया अल जवाहिरी का नया वीडियो

- अमेरिका कर चुका है मार गिराने का दावा



**काहिरा, एजेंसी।** वैश्विक आतंकवादी संगठन अल कायदा ने अमेरिका के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर हमले के साजिशकर्ता अयमान अल जवाहिरी का एक वीडियो जारी किया है। जिसमें आतंकवादी संगठन यह दावा कर रहा है कि यह अल जवाहिरी की ही आवाज है। वहीं, अमेरिका यह दावा कर चुका है कि उसने ड्रोन हमले में अल जवाहिरी को मार गिराया है। ऐसे में अल जवाहिरी का नया वीडियो सामने आने पर क्या वो जिंदा है, इस पर बहस शुरू हो गई है।

अमेरिका ने दावा किया था कि उसने इसी साल 31 जुलाई की सुबह अफगानिस्तान के काबुल में एक ड्रोन हमले में अलकायदा प्रमुख अल जवाहिरी को मार गिराया था। जबकि अलकायदा संगठन ने अल जवाहिरी का नया वीडियो जारी किया है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यह वीडियो लगभग 35 मिनट का है। जिसमें अलकायदा संगठन ने दावा किया है कि यह रिकॉर्डिंग अल-जवाहिरी की है। हालांकि, रिकॉर्डिंग कब की है, यह स्पष्ट नहीं किया गया है।

अल-जवाहिरी 9/11 यानि वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में आतंकी हमले का मुख्य साजिशकर्ता था। जिसे अमेरिका ने ड्रोन हमले में मार गिराया था। सूत्रों के अनुसार अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे से पहले अल-जवाहिरी पाकिस्तान में छिपा था। माना ज रहा है कि उसे पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई का संरक्षण भी प्राप्त था। वैश्विक आतंकवादी अल जवाहिरी पर हमले में पाकिस्तान के शामिल होने की आशंका है। हालांकि, पाकिस्तान इस दावे से हमेशा इनकार करता रहा है।

### पाकिस्तान में छिपा था जवाहिरी

रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि अल कायदा का कुख्यात आतंकवादी प्रमुख अल जवाहिरी को पाकिस्तान में शरण दी गई थी। यूरोपियन फाउंडेशन फॉर साउथ एशियन स्टडीज (ईएफएसएएस) ने कहा कि कई सालों तक यह माना जाता था कि जवाहिरी पाकिस्तान के सीमावर्ती इलाके में छिपा हुआ है और यह स्पष्ट नहीं है कि वह अफगानिस्तान क्यों लौटा। अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों की वापसी के बाद, यह माना जाता है कि जवाहिरी का परिवार काबुल में सुरक्षित घर लौट आया।

### हत्या में पाकिस्तान की थी भूमिका

शीर्ष खुफिया सूत्रों के हवाले से रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि जवाहिरी को कराची में शरण दी जा रही थी और तालिबान द्वारा अफगानिस्तान पर कब्जा करने के कुछ समय बाद, उसे हक्कानी नेटवर्क द्वारा चमन सीमा के जरिए काबुल ले जाया गया था। जवाहिरी की हत्या में पाकिस्तान की भूमिका पर अमेरिकन एंटरप्राइज इंस्टीट्यूट (एईआई) के माइकल रुबिन ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि जवाहिरी की हत्या में पाकिस्तान की भूमिका थी।

## वैश्विक दबाव के आगे झुका तालिबान समूह

- महिलाओं के लिये कॉलेज खोलने पर करेगा विचार

**काबुल, एजेंसी।** वैश्विक दबाव के आगे अफगानिस्तान में तालिबान सरकार अब झुकने को तैयार है। लड़कियों के लिये उच्च शिक्षा पर पाबंदी लगाने के बाद तालिबान की चौतरफा निंदा हुई थी। अब तालिबान लड़कियों के लिये स्कूलों और विश्वविद्यालयों को फिर से खोलने की संभावना पर चर्चा की है।

रिपोर्ट के मुताबिक तालिबान सरकार ने लड़कियों के लिए विश्वविद्यालय और स्कूल खोलने पर चर्चा की है। तालिबान सरकार के अफगान शिक्षा मंत्रालय ने निजी और राज्य उच्च शिक्षा संस्थानों में लड़कियों की शिक्षा को निलंबित करने का आदेश दिया। कई अंतरराष्ट्रीय संगठनों और वैश्विक नेताओं ने अफगान अधिकारियों के इस फैसले की कड़ी आलोचना की है। अगस्त 2021 में तालिबान अफगानिस्तान में सत्ता में आया, जिसके परिणामस्वरूप देश में आर्थिक, मानवीय और सुरक्षा संकट गहरा गया। तालिबान सरकार महिलाओं या इस्लामवादी आंदोलन से असंबद्ध लोगों को सत्ता में शामिल नहीं करती है। अफगान महिलाओं ने अपने अधिकारों के सम्मान की मांग करते हुए देश के कुछ शहरों में कई विरोध प्रदर्शन किए हैं।

वहीं, अफगानिस्तान में तालिबान शासन के बाद से महिलाओं को कई तरह के प्रतिबंधों का सामना करना पड़ रहा है। अब तालिबानी हुकूमत ने उनके लिए उच्च शिक्षा पर रोक लगा दी है। इसके बाद से यहां की महिलाओं में आक्रोश है।

## चीन समेत पांच देशों के यात्रियों पर नजर

- आरटी-पीसीआर टेस्ट किया गया अनिवार्य



**नई दिल्ली।** कोरोना के नए वैरिएंट की आशंका पर अब चीन समेत पांच देशों के यात्रियों पर सरकार की नजर है। देश में सक्रिय मरीजों में मामूली इजाफा दर्ज किया गया है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने शनिवार को कहा कि चीन, जापान, हांगकांग, बैंकॉक और दक्षिण कोरिया से भारत आने वाले लोगों का आरटी-पीसीआर टेस्ट अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा, इसको लेकर जल्द ही विस्तृत आदेश जारी किया जाएगा। चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, हांगकांग और थाईलैंड से आने वाले अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए विमानन मंत्रालय का एक आदेश जारी हुआ है। इसके तहत वर्तमान स्वास्थ्य स्थिति घोषित करने के लिए एयर सुविधा फॉर्म भरना अनिवार्य कर दिया गया है। भारत में शुक्रवार को कोरोना के 201 नए मामले सामने आए हैं जो कि गुरुवार की तुलना में 38 अधिक है। इसी के साथ देश में संक्रमण के कुल मामलों की संख्या 4,46,76,879 हो गई है, जबकि उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 3,397 पर पहुंच गई है।

स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक देश में संक्रमण की दैनिक दर 0.15 प्रतिशत और साप्ताहिक दर 0.14 प्रतिशत दर्ज की गई है।

कोविड-19 का पता लगाने के लिए कुल 90.97 करोड़ नमूनों की जांच की जा चुकी है।

## आठ तीर्थयात्रियों की हादसे में मौत

**चेन्नई।** तमिलनाडु के थेनी जिले में कुमुली पर्वत दर्रे के नजदीक एक कार करीब 40 फिट गहरी खाई में गिर गयी जिससे आठ तीर्थयात्रियों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए।

पुलिस ने बताया कि अंदीपट्टी के रहने वाले तीर्थयात्री सबरीमाला से भगवान अयप्पा की के दर्शन करके घर लौट रहे कि कुमुली पर्वत दर्रे पर इराइचलपालम प्वाइंट के पास उनकी कार अचानक गहरी खाई में गिर गई।

## केरल हाईकोर्ट की गूगल को फटकार

- सिर्फ मध्यस्थ होने का दावा नहीं कर सकते




**नई दिल्ली।** केरल हाईकोर्ट ने गूगल को फटकार लगाते हुए कहा कि सर्च इंजन के रूप में वह सिर्फ मध्यस्थ होने का दावा नहीं कर सकता है और न ही कह सकता है कि सर्च परिणामों में दिखाई देने वाली सामग्रियों पर उसका कोई नियंत्रण नहीं है।

गूगल सर्च में दिखने वाले व्यक्तिगत जानकारियां हटाने की मांग वाली एक याचिका पर सुनवाई के दौरान जस्टिस मुहम्मद मुस्ताक और जस्टिस शोबा अन्नम्मा एपेन की खंडपीठ ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दौर में सामग्री की प्रकृति की पहचान कर उसे हटाना संभव है। इसलिए हम यह नहीं मान सकते हैं कि गूगल का ऑनलाइन किए गए प्रकाशनों पर नियंत्रण नहीं है।

हाईकोर्ट ने पूछा कि क्या वे प्रतिबंधित सामग्री को ऑनलाइन प्रदर्शित होने की अनुमति दे सकते हैं। खंडपीठ ने यह भी कहा कि किसी भी वैध रिकॉर्ड का प्रकाशन संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) व अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार के हिस्से के रूप में संरक्षित है। इसलिए गूगल के लिए एक टूल बनाना और विशेष डाटा की पहचान कर उसे हटाना मुश्किल नहीं हो सकता।

## 'कुत्ते' का पहला गाना 'आवारा डॉग्स'

बॉलीवुड हलचल




**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन कपूर की आने वाली फिल्म कुत्ते का पहला गाना आवारा डॉग्स रिलीज हो गया है।

बॉलीवुड फिल्मकार विशाल भारद्वाज के बेटे आसमान भारद्वाज के निर्देशन में बनी फिल्म 'कुत्ते' में अर्जुन कपूर मुख्य भूमिका निभाते नजर आएंगे। इस फिल्म में अर्जुन कपूर के अलावा नसीरुद्दीन शाह, कोंकणा सेन शर्मा, तब्बू, कुमुद मिश्रा, राधिका मदान और शर्दुल भारद्वाज भी नजर आएंगे। इस फिल्म का पहला गाना आवारा डॉग्स हुआ रिलीज कर दिया गया है। इस गाने को विशाल भारद्वाज और देबरपितो साहा के कोरस के साथ विशाल ददलानी की दमदार आवाज में रिलीज किया गया है। साथ ही विजय गांगुली ने गाने की कोरियोग्राफी की है। इस फिल्म का म्यूजिक विशाल भारद्वाज ने दिया है। 'कुत्ते' का निर्माण लव फिल्म्स और विशाल भारद्वाज फिल्म्स के बैनर तले लव रंजन, विशाल भारद्वाज, अंकुर गर्ग और रेखा भारद्वाज ने किया है। वहीं, इसे गुलशन कुमार और भूषण कुमार की टी-सीरीज द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। आसमान भारद्वाज निर्देशत यह फिल्म एक सस्पेंस थ्रिलर है।

## करण जौहर संग 'वेड' के गाने में झूमें रितेश देशमुख

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता रितेश देशमुख ने फिलमकार करण जौहर के साथ अपनी आने वाली मराठी फिल्म वेड के गाना पर डांस किया है।



रितेश देशमुख जल्द मराठी फिल्म वेड में नजर आएंगे। इस फिल्म में जेनेलिया डिसूजा की भी अहम भूमिका है। रितेश देशमुख ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह करण जौहर के साथ अपनी फिल्म के गाने 'वेड लावलय' पर डांस करते हुए नजर आ रहे हैं। यह वीडियो शो 'केस तो बनता है' के सेट के दौरान का है। इस वीडियो को शेयर करते हुए रितेश ने कैप्शन में लिखा कि शुक्रिया, मेरे प्यारे करण जौहर वेड लावलय से जुड़ने के लिए। रितेश देशमुख द्वारा निर्देशित वेड तेलुगु फिल्म 'मजिली' से प्रेरित है, जिसमें नागा चैतन्य और सामंथा रुथ प्रभु नजर आए थे। यह फिल्म 30 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### साउथ में बॉबी देओल की धमक

**मुंबई।** ओटीटी प्लेटफॉर्म में शानदार एंट्री के बाद अब धरम पुत्र बॉबी देओल साउथ सिनेमा में प्रवेश करने जा रहे हैं। बॉबी ने ओटीटी पर 'आश्रम' वेब सीरीज और 'लव हॉस्टल' फिल्म में खतरनाक खलनायक के किरदार निभाए, जिनकी गूंज दक्षिण भारत तक जा पहुंची है। बॉबी देओल अब अपनी पहली दक्षिण भारतीय फिल्म करने जा रहे हैं। 'हरि हारा वीरा मल्लू' नामक इस फिल्म में वह पवन कल्याण और निधि अग्रवाल की जोड़ी का जीना मुश्किल करने वाले हैं। ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर बनने जा रही इस फिल्म में बॉबी का किरदार काफी खूंखार होने वाला है।

## सीएम केजरीवाल ने बताए शांत मन के फायदे

भास्कर समाचार सेवा

- पिपश्यना साधना करेंगे अरविंद केजरीवाल

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बताया कि वे विपश्यना साधना के लिए रवाना हो रहे हैं। उन्होंने शांत मन के फायदे भी गिनाए।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मै विपश्यना साधना के लिए जा रहा हूं, 1 जनवरी को लौटूंगा। कई सौ साल पहले भगवान बुद्ध ने यह विद्या सिखाई थी क्या आपने विपश्यना की है? अगर नहीं तो एक बार जरूर कीजिए। मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक बहुत लाभ होता है। विपश्यना ध्यान प्रणाली की एक प्राचीन विधि है, जिसको भारत की प्राचीन संस्कृति का एक महत्वपूर्ण साधना भी माना जाता है। विपश्यना ध्यान केंद्र भारत के कई शहरों में स्थित है। विपश्यना ध्यान केंद्र धर्मशाला, लखनऊ, कानपुर, जोधपुर, राजकोट, इंदौर, जयपुर, हरियाणा और नई दिल्ली के साथ-साथ कई जगहों पर हैं।

कहा जाता है कि भगवान बुद्ध को विपश्यना के जरिए ही ज्ञान हासिल हुआ था। इसमें पहले सांसों पर ध्यान केंद्रित किया जाता है।



नई दिल्ली में शनिवार को कांग्रेस की 'भारत जोड़ो' यात्रा में राहुल गांधी के साथ सोनिया गांधी। एजेंसी

### लाहौर, कराची और ननकाना साहब के बिना भारत अधूरा, पीओके भी है भारत का अभिन्न हिस्सा : इंद्रेश

## पाकिस्तान को उसकी भाषा में देना चाहिये जवाब

- 370 हटने से कश्मीर का हो रहा है विकास

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के वरिष्ठ नेता इंद्रेश कुमार ने कहा कि पाकिस्तान को उसी को भाषा में जवाब देना चाहिए और वैसे लोग जिनका अपने देश की सरजमीं पर दम फूलता है और यहां रहने में उन्हें बेचैनी का एहसास होता है।

मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के 21वें स्थापना दिवस पर इंद्रेश कुमार ने कहा कि मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने 20 साल की विजय गाथा संपन्न की है। इसके लिए उन्होंने मंच से जुड़े कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को बधाई दी। अगर पाकिस्तान में यह नारा लगाया जाता है कि कश्मीर के बिना पाकिस्तान अधूरा है, तो हमें भी यह नारा लगाने से कोई रोक नहीं सकता कि लाहौर, कराची व ननकाना साहब के बिना भारत अधूरा है।

इंद्रेश कुमार ने दावा किया कि बलूचिस्तान और सिंध आदि हिस्से पाकिस्तान से अलग हो सकते हैं। यहां के लोग पाकिस्तान से अलग होने के लिए आंदोलन चला रहे हैं। वर्ष 1947 में भारत से पाकिस्तान टूटा था और 1971 में पाकिस्तान से बांग्लादेश अलग हो गया, मगर यह सभी भारत का ही हिस्सा थे।



आज भारत के इर्द-गिर्द कई सीमाएं बन गई हैं। सीमाओं की रक्षा के लिए हमें अरबों रुपये खर्च करने पड़ रहे हैं। पीओके भारत का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने इशारों में देश के पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी का जिक्र करते हुए कहा कि कुछ बुद्धिजीवी वर्ग के लोग कहते हैं कि इस देश में मुसलमानों में बेचैनी और असुरक्षा का भाव है, जबकि इस देश का मुसलमान हिंदुस्तानी था, हिंदुस्तानी है और हिंदुस्तानी ही रहेगा। उसे अपने देश से बेहद प्यार है और उसको यहां कोई डरा नहीं सकता।

इंद्रेश कुमार ने कहा कि संविधान सभा में अनुच्छेद 370 का सभी मुस्लिम सदस्यों ने विरोध किया था। खुद बाबासाहेब ने भी इसका विरोध किया था, लेकिन उस समय के प्रधानमंत्री ने अनुच्छेद 370 को अल्पकालिक तौर पर कश्मीर में लगाया था। 70 साल बाद मोदी सरकार ने इसे समाप्त किया।

### मुस्लिम समाज को समझा गया वोट बैंक

इंद्रेश ने कहा कि सरकार ने महिलाओं को तीन तलाक से छुटकारा दिलाया और कानून बनाकर महिलाओं को मान-सम्मान से जीने का हक प्रदान किया है। मुस्लिम समाज को हमेशा वोट बैंक समझा गया है। वर्तमान सरकार ने उनके हक की बात की है और उन्हें इज्जत के साथ जीने का मौका दिया है। 24 दिसंबर 2002 को 15-20 लोगों के साथ मुस्लिम राष्ट्रीय मंच बनाया गया था। नेशन फर्स्ट, नेशन आलवेज, नेशन लास्ट की सोच के साथ यह आगे बढ़ा। आज यह मंच न सियासी है और न ही मजहबी।





# डेविड का स्तुतिगान - 23

प्रभु मेरे रक्षक हैं; मेरे पास वह सब कुछ है जो मुझे चाहिए।

वह मुझे हरी चराइयों में विश्राम कराते हैं
व मुझे शान्त जल के पास ले जाते हैं
क्योंकि वही सभी सुखों के निमित्त हैं।

वह मेरी आत्मा को परिष्कृत करते हैं।
वह मुझे सही राहों का मार्गदर्शन करते हैं जो उनकी भलाई को दर्शाते हैं

मेरे जीवन की राह कितनी भी अँधेरी हो मुझे बिलकुल भय नहीं,
उनकी छड़ी और चरवाहे की लाठी मुझे सुखदाई अनुभव देते हैं।

वह मेरे शत्रुओं के सामने मेरे लिये भोजन तैयार करते हैं।
और जब सिर पर वह आशीष का तेल उण्डेलते हैं
उनका दिव्य प्रेम छलकने लगता है।

निश्चय ही उनकी दयालुता और प्रेम जीवन भर मुझ पर बना रहेगा,
और मैं प्रभु के धाम में सर्वदा वास करूंगा।

## येशु मसीह - प्रेम, शांति, करुणा, क्षमा के प्रतीक

# क्रिसमस पर्व की बधाई




सहज योग परिवार से
आप सभी को क्रिसमस की बहुत बहुत बधाई

हर वर्ष 25 दिसंबर को मनाया जाने वाला पर्व, क्रिसमस, येशु मसीह के जन्म को चिन्हित करता है और उसका पुण्यस्मरण कराता है। बच्चों से लेकर बड़ों तक, हर कोई इस दिन का आनंद ज़्यादातर क्रिसमस ट्री सजाकर, कुकीज़ सेंक कर और उपहारों का आदान-प्रदान करके लेता है।

क्रिसमस, दुनिया में येशु मसीह के जन्म का स्मरण करते हुए, एक आध्यात्मिक वास्तविकता का भी प्रतीक है। देवत्व का अवतार येशु मसीह हैं। उनका जन्म ऐसे समय में हुआ था जब भूमि पर अज्ञानता, अंधविश्वास, लालच, घृणा और पाखंड का शासन था।



### उनके आगमन का दिव्य रहस्योद्घाटन

लगभग 2,000 साल पहले, नाज़रेथ शहर की मैरी नाम की एक युवती से गेब्रियल नाम के एक देवदूत ने मुलाकात की थी। उसने यहूदी स्त्री से कहा कि उसका एक पुत्र होगा जिसका नाम येशु होगा, जो परमेश्वर का पुत्र होगा।

इस समय, मैरी की अपने होने वाले पति जोसेफ से मंगनी हो चुकी थी। जब यूसुफ को बताया गया, तो वह आहत और भ्रमित हो गया क्योंकि उसने मैरी पर विश्वास नहीं किया। देवदूत गेब्रियल ने जोसेफ से मुलाकात की और उससे कहा, "मरियम को अपनी पत्नी के रूप में घर ले जाने से डरो मत, क्योंकि जो उसके गर्भ में है वह पवित्र आत्मा है," और उसका पुत्र येशु लोगों को उनके पापों से बचाएगा।



### बेथलेहम की यात्रा और येशु का जन्म

मरियमऔरउसकाभावीपति, जोसेफ, नाज़रेथ नामक नगर में रहते थे। लेकिन रोमन सम्राट, सीज़ार ऑगस्टस द्वारा आदेशित जनगणना के लिए पंजीकरण कराने के लिए उन्हें बेथलेहम शहर की यात्रा करनी पड़ी। नाज़रेथ और बेथलेहम दोनों उस देश में हैं जिसे अब इज़राइल कहा जाता है। नाज़रेथ से बेथलेहम तक की दूरीलगभग 65 मील (105 किमी) है, औरयात्रा में शायद उन्हें कई दिन लगे।

जबजोसेफऔरमरियमबेतलेहेम पहुँचे, तो उनके पास ठहरने के लिए कोई जगह नहीं थी क्योंकि सराय पहले से ही भरी हुई थी। उन्होंने एक अस्तबल में रात बिताई जहाँ पशुओं को रखा गया था। फर्श पर शायद ताजी घास थी जिसे वे बिस्तर के लिए इस्तेमाल करते थे।

उस रात, येशु का जन्म हुआ। वहाँ कोई पालना नहीं था, इसलिए उन्होंने बच्चे येशु को एक चरनी में रखा, जो पशुओं के लिए रखी थी। चरनी में ताजा घास थी और नवजात शिशु के लिए आरामदेह बिस्तर बना दिया।



### ३ मनीषीयों का आगमन

कुछ समय बाद, पूर्वी देशों के मनीषीयों या ज्योतिषियों ने आकाश में एक तारे को देखा जो एक नए राजा के जन्म का संकेत था। वे नए राजा येशु की उपासना करने के लिए यरूशलेम और बेथलेहम के आसपास के क्षेत्र यहूदिया आए।

ज्योतिषी बेथलेहम की ओर बढ़ते रहे और तारे के पीछे तब तक चले जब तक कि वह सीधे उस घर के ऊपर न पहुंच गया जहां येशु था। उन्होंने मरियम और येशु को घर में पाया और उनकी आराधना करने के लिए घुटने टेके। वे येशु को सोना, लोबान, और सुगंधित गोंद, प्राचीन दुनिया की कुछ बेहतरीन चीज़ें लाए।

### राजा हेरोड के अत्याचार और मिस्र की यात्रा

इस बीच, यहूदिया के राजा हेरोड ने तीन पंडितों से 'नए राजा' के आगमन के बारे में सुना था और उसे डर था कि यह नया "राजा" उसे यहूदिया के राजा के रूप में बदल देगा। वह यह नहीं समझ पाया कि येशु बड़ा होकर परमेश्वर के आध्यात्मिक राज्य का राजा बनेगा, न कि यहूदिया का राजा। हेरोड वास्तव में येशु को खोजना और उसे मार डालना चाहता था।

जब हेरोड को पता चला कि ज्योतिषी उसे यह बताने के लिए वापस नहीं आए हैं कि येशु को कहाँ ढूंढें तो वह क्रोधित हो गया। उसने अपने सैनिकों को दो साल से कम उम्र के सभी बच्चों को मारने के लिए बेथलेहम भेजा, यह सोचकर कि येशु निश्चित रूप से मारे गए लोगों में से एक होगा।

परन्तु परमेश्वर ने जोसेफ को स्वप्न में मिस्र भाग जाने को कहा था। जोसेफ मरियम और येशु को मिस्र में रहने के लिए ले गया जहाँ वे हेरोड से सुरक्षित रहेंगे। हेरोड, मरियम और येशु हेरोड के मरने तक मिस्र में रहे, और फिर वे नाज़रेथ लौट आए। हेरोड के आसपास के लोग एक के बाद एक चमत्कार देखने लगे।

### येशु मसीह के चमत्कार

येशु मसीह के चमत्कार और अनगिनत चमत्कार जो उसने पृथ्वी पर अपने समय के दौरान किए, वे अद्भुत हैं। येशु, हमारे उद्धारकर्ता जहां कहीं भी गए, अपने आसपास के सभी लोगों के जीवन को बदल दिया। येशु द्वारा किए गए कई चमत्कारों के सुसमाचार का दस्तावेजीकरण मैथिव, मार्क, ल्यूक और जॉन ने किया है।

ये चमत्कार लोगों के जीवन में द्वारा किए गए अनगिनत चमत्कारों के केवल एक छोटे से अंश का प्रतिनिधित्व करते हैं। यह जॉन के सुसमाचारों में सबसे अच्छी तरह से समझाया गया है:

और भी बहुत से काम हैं जो येशु ने किए, यदि वे सब के सब लिखे जाते, तो मैं समझता हूं, कि पुस्तकें जो लिखी जातीं वे जगत में भी न समातीं। तथास्तु। (जॉन 21:25)

पानी को दाखरस में बदलने से लेकर मरे हुओं को जिलाने तक येशु मसीह के चमत्कार कई प्रकार के थे। लगभग 17 विशिष्ट उपचार चमत्कार दर्ज किए गए हैं। येशु मसीह के चमत्कारों में असाध्य रोगों को ठीक करना और शारीरिक रूप से उपस्थित हुए बिना ठीक करने की क्षमता शामिल थी। साथ ही, येशु मसीह ने सभी क्षेत्रों पर अधिकार का प्रयोग किया। उसने प्रकृति, राक्षसों, जीवन और मृत्यु पर अपने अधिकार का प्रदर्शन किया।

इसके अलावा, येशु मसीह के सभी चमत्कार सार्वजनिक रूप से बड़ी भीड़ के सामने किए गए जैसे कि पाँच हज़ार को खाना खिलाना और चार हज़ार को भोजन उपलब्ध कराना। चश्मदीद गवाहों द्वारा रिकॉर्ड किए गए चमत्कार लोगों के लिए फायदेमंद थे, और बिना किसी सहारा के एक विशिष्ट उद्देश्य के लिए किए गए थे।

प्रेम और शक्ति के अलौकिक कार्यों को करते समय, येशु ने अपनी दिव्य प्रकृति, असीम करुणा, प्रकृति पर पूर्ण अधिकार प्रकट किया, और दिखाया कि वह परमेश्वर का पुत्र और वादा किया हुआ मसीहा है।

येशु मसीह के चमत्कार उसकी दिव्यता और हर चीज पर पूर्ण शक्ति का प्रमाण हैं। पृथ्वी पर उसके समय के दौरान, बहुत से लोगों ने प्रत्यक्ष रूप से उसके चमत्कारों को देखा। लोग चमत्कारों में विश्वास करते थे क्योंकि उनकी पर्याप्त संख्या थी और उन्होंने चार सुसमाचारों में दर्ज चमत्कारों की तुलना में अधिक चमत्कार किए।

### येशु मसीह का क्रूसारोपण - पुनरुत्थान की कुंजी - क्षमा

येशु मसीह का सूली पर चढ़ना प्राचीन दुनिया में इस्तेमाल किया जाने वाला मृत्युदंड का सबसे भयानक, दर्दनाक और शर्मनाक रूप था। निष्पादन की इस पद्धति में पीड़ित के हाथ और पैर बांधना और उन्हें लकड़ी के एक क्रॉस पर कीलों से ठोंकना शामिल था। मनुष्यों द्वारा किए गए पापों के लिए प्रभु ने अपना जीवन बलिदान कर दिया और उन्होंने हमें सांसारिक बंधनों को काटने और क्षमा द्वारा हमारे सच्चे दिव्य स्वरूप को पुनर्जीवित करने के लिए सबसे बड़ा हथियार दिया।

### सहजयोग संस्थापिका परम पूज्य श्री माताजी निर्मला देवी के शब्द प्रभु मसीह पर

"...यह दिन हमारे लिए यह याद रखने का है कि ईसा मसीह का जन्म इस धरती पर हुआ था। एक इंसान के रूप में, वह इस धरती पर आए। और उनके सामने जो कार्य था वह मानवीय जागरूकता की समझ की भावना को प्रबुद्ध करना था, लेकिन हम कह सकते हैं कि यह वास्तविक रूप से मानव के भीतर की जागरूकता है, कि वे यह शरीर नहीं हैं, बल्कि वे आत्मा हैं। मसीह का संदेश उनका पुनरुत्थान है। यानी आप अपनी आत्मा हैं न कि शरीर। और उन्होंने अपने पुनरुत्थान के द्वारा दिखाया, कि कैसे वह शुद्ध आत्मा के राज्य में उदित हुए ...। और जब वह इस धरती पर आए, मनुष्य के रूप में, एक शरीर में, वह एक और बात दिखाना चाहते थे कि आत्मा का धन से कोई लेना-देना नहीं है, शक्ति से कोई लेना-देना नहीं है।

(10 दिसंबर 1979, लंदन, यू के)

### मानवता के लिए येशु मसीह का संदेश

"तुम अपने परमेश्वर के प्रति अपने पूरे मन से, और अपने पूरे प्राण से, और आपकी सारी बुद्धि से प्रेम रखना। तुम अपने पड़ोसी से अपने समान प्रेम रखना" (मैथिव 22:37-39)

शांतिपूर्ण और आनंदमय जीवन के लिए इस संदेश को कैसे आत्मसात करें? -एकमेव सहज योग मार्ग से-

येशु मसीह का मानवता के प्रति यह एक बहुत बड़ा और गहरा संदेश है।

येशु मसीह का पुनरुत्थान मानव जागरूकता के ज्ञान का प्रतीक है, और सहज योग आत्म-साक्षात्कार की प्रक्रिया के माध्यम से इस जागरूकता का यथार्थी-करण है। सहज योग सभी धर्मों के सत्य को आत्मसात कर व उनकी सीमाओं को पार कर साधक को सच्ची आध्यात्मिकता की आधारशिला में स्थित करता है। सहज का अर्थ है 'आपके साथ जन्मा' और योग का अर्थ है 'आत्मा' का सर्वव्यापी शक्ति या परमात्मा के साथ मिलन। आत्मा हमारे अस्तित्व में परमात्मा के प्रतिबिम्ब का प्रतिनिधित्व करती है और योग घटित होने के लिए त्रिकास्थि में स्थित 'कुंडलिनी' नामक दिव्य ऊर्जा होती है और इच्छुक में जागृत होकर आत्म-साक्षात्कार प्रदान कर आध्यात्मिक पोषण करती है। वस्तुता, यह दिव्य ऊर्जा 'हौली घोस्ट' का प्रतिबिम्ब है जो सोइ हुयी अवस्था में होता है। लेकिन जब साधक योग की इच्छा करता है तो कुंडलिनी छह ऊर्जा केंद्रों को एकीकृत करती है और फॉन्टानेल हड्डी को छेदने के बाद ब्रह्मांडीय ऊर्जा या 'ब्रह्मशक्ति' को आंतरिक अस्तित्व में प्रवेश करने के लिए रास्ता बनाती है। योग घटित होता है जिसकी प्रचिती भीतर में सुखद अनुभव और हाथ की हथेलियों और सिर के शीर्ष पर दिव्य ठंडी हवा की लहरियां या 'चैतन्य' (जैसा कि बाइबिल में वर्णित है) सूक्ष्म ऊर्जा के रूप में प्रवाहित होता है । इस स्थिति को परिपक्व करने के लिए सुबह और शाम का नियमित ध्यान और सप्ताह में एक बार एक निर्दिष्ट ध्यान केंद्र में सामूहिक ध्यान उपयोगी होता है। इस प्रकार, सच्ची आध्यात्मिकता का मार्ग शुरू होता है और साधक अनंत आनंद और समग्र कल्याण का आनंद लेने के लिए व हमेशा उनके साथ रहने के लिए परमात्मा के साम्राज्य में प्रवेश करता है। यह दिव्य न्याय के समय का भी प्रतीक है, जो लोग परमेश्वर को खोजते हैं वे बचाए जाएंगे जैसा पवित्र बाइबिल में भी प्रतिष्ठापित है।

परम पूज्य श्री माताजी निर्मला देवी द्वारा आदि ऊर्जा 'कुंडलिनी' को जागृत कर आत्म-साक्षात्कार के अनुभव को बहुत आसान बना दिया है और आज सत्य के साधक विश्व के 140 से अधिक देशों में अपने स्वहित के लिए सहज योग जुड़ गए हैं और इस सुख को प्राप्त करने के लिए यशु मसीह ने वादा किया था। अधिक जानकारी और सहज योग के लाभों के लिए कृपया वेबसाइट देखें या हमसे फोन पर संपर्क करें।

आने वाला वर्ष आपको आंतरिक शांति का आनंद लेने के लिए
सच्चा यौगिक जीवन प्रदान करे
और दुनिया में स्थायी शांति लाने में सहायक बनें - आमीन।

Sahaja Darshan Prachaar Prasaar Samiti
adlakhagk@gmail.com | +91 98712 78936
www.nirmaldham.org
www.sahajayogamumbai.org
www.sahajayoga.org.in | Toll Free - 1800 2700 800

